फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 23 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -227, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे 18

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी ने किया खुलासा 17

होलिया में उड़े रे गुलाल...



रंगपर्व होली का उल्लास लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है, भोपाल में शुक्रवार को गुलाल खेलती लड़कियां।

### शराब नीति के मामले में गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड

# केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

शराब नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद शुक्रवार को यहां की एक कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने मामले में 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अर्जी पर आदेश पारित किया। रिमांड पर दिन भर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने कुछ देर के लिए फैसला सुरक्षित कर लिया था, देर शाम ईडी को केजरीवाल की रिमांड दे दी। ईडी ने शुक्रवार को एक निचली अदालत से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि वह शराब घोटाले के मामले में अन्य मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मुख्य साजिशकर्ता थे। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी।



- ईडी ने कहा-शराब नीति मामले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता

**आप व्यक्ति नहीं बल्कि कंपनी : राजू**

आम आदमी पार्टी संयोजक को कड़ी सुरक्षा के बीच अपराह्न करीब दो बजे अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद एएसजी राजू ने अदालत से कहा कि हमने 10 दिन की रिमांड के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि 'कंपनी' है और कंपनी के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

**गिरफ्तारी जरूरी नहीं थी : सिंघवी**

केजरीवाल का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता के समतुल्य नहीं है और केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने की आवश्यकता नहीं थी। सिंघवी ने कहा कि मामले में महत्वपूर्ण न्यायिक विवेक की जरूरत है, इसमें लोकतंत्र के बड़े मुद्दे शामिल हैं।







# मदरसा शिक्षा एक्ट असंवैधानिक घोषित

- हाईकोर्ट ने कहा-यह अधिनियम संविधान के पंथ निरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत
- सरकार को निर्देश-मदरसा छात्रों को प्राइमरी माध्यमिक बोर्ड के स्कूलों में दें प्रवेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्षता के मूल सिद्धांतों, संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन व अनुच्छेद 21-ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकारों के विपरीत करार दिया है। साथ ही यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन एक्ट की धारा 22 के भी विरुद्ध पाया है। कोर्ट ने राज्य को यह आदेश भी दिया है कि मदरसा अधिनियम के समाप्त होने के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में मौजूद मदरसों में पढ़ने वाले छात्र प्रभावित होंगे लिहाजा उन्हें प्राइमरी, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोड्र्स से सम्बद्ध स्कूलों में समायोजित किया जाए। कहा कि सरकार पर्याप्त संख्या में सीटें बढ़ाए और आवश्यकता हो तो नए स्कूल खोले। सरकार सुनिश्चित करे कि 6 से 14 साल का कोई बच्चा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले से न छूट जाए।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अधिवक्ता अंशुमान सिंह राठौर की याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका के साथ न्यायालय ने एकल पीठों द्वारा भेजी गई उन याचिकाओं पर भी सुनवाई जिनमें मदरसा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिकता का प्रश्न उठाते हुए, बड़ी बेंच को मामले भेजे गए थे। याचिकाओं पर न्यायालय ने 8 फरवरी 2024 को ही सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित कर लिया था।



**2004 में बनाया गया यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट**

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात निजी मदरसों का संचालन प्रदेश में होता रहा। ये मदरसे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे। वर्ष 1969 में पहली बार अरबी व फारसी मदरसा मान्यता विनियम लाया गया। इसके तहत मदरसों के पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हुई। वर्ष 1987 में यूपी अशासकीय अरबी तथा फारसी मदरसों की मान्यता नियमावली लाई गई। 12 अगस्त 1995 के शासनादेश के द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का गठन हुआ, उक्त विभाग के तहत मदरसों के लिए आने वाली योजनाएं व अन्य क्रिया कलाप किए जाने लगे। वर्ष 2004 में यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट बनाया गया।

**पारंपरिक शिक्षा के लिए नियम बना सकती है सरकार**

राज्य सरकार व मदरसा बोर्ड की ओर से दलील दी गई कि सरकार को पारम्परिक शिक्षा प्रदान करने के लिए नियम बनाने की शक्ति है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास यह शक्ति जरूर है लेकिन दी जाने वाली शिक्षा पंथ निरपेक्ष प्रकृति की होनी चाहिए, सरकार के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है जिसके तहत वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन कर दे। एमिकस क्यूरी ने भी दलील दी कि शिक्षा के अधिकार के तहत सरकार 6 से 14 वर्ष के बच्चों को ऐसी शिक्षा दे सकती है जो यूनिवर्सल हो।

**अलग मजहब के बच्चों में अंतर नहीं कर सकते**

याचिका में मदरसा अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्ष ढांचे के विपरीत बताया गया। कहा गया कि अधिनियम में यह स्पष्ट ही नहीं है कि एक विशेष धर्म की शिक्षा के लिए अलग से सरकारी बोर्ड बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत राज्य का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दे, वह अलग-अलग मजहब के बच्चों के बीच अंतर नहीं कर सकती। राज्य यह नहीं कर सकता कि किसी विशेष धर्म के बच्चे को बाकियों से अलग शिक्षा दे। धार्मिक आधार पर समाज को बांटने वाली राज्य की नीति संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत होती है।

**मदरसों में अरबी, उर्दू के साथ दी जाती है इस्लामिक शिक्षा**

न्यायालय ने कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 2 एफ के तहत 'संस्थान' से आशय राजकीय ओरिएंटल कॉलेज रामपुर, मदरसा व वे ओरिएंटल कॉलेज जो मुस्लिम द्वारा स्थापित किए गए हों और मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हों। धारा 2 एच में मदरसा शिक्षा के तहत अरबी, उर्दू आदि के साथ इस्लामिक शिक्षा भी आती है। बोर्ड की स्थापना के प्रावधानों के तहत बोर्ड का अध्यक्ष मुस्लिम शिक्षाविद होगा। सदस्यों में राजकीय ओरिएंटल कॉलेज, रामपुर का प्रिंसिपल, सुन्नी मुस्लिम विधायक, शिया मुस्लिम विधायक, सुन्नी मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान के दो प्रमुख व दो अध्यापक, शिया मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान का एक प्रमुख व एक अध्यापक होंगे।

# 3 छात्रों को रौंदकर नाले में जा घुसी रोडवेज बस

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

**अमृत विचार** : कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में शुक्रवार की सुबह घर से राजकीय पॉलीटेक्निक जाने के लिए साइकिल से निकले तीन छात्रों को रोडवज बस ने कुचल दिया, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस सड़क किनारे नाले में जा घुसी। बस चालक और कंडक्टर भाग निकले। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया, जो पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के पहुंचने पर छह घंटे बाद खुला।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के नंदना चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले कुंवरपुर गांव के अंकुश प्रजापति, दीपक तिवारी और मनीष सविता हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्र थे। तीनों की आयु 17 वर्ष के करीब थी। तीनों रोजाना साइकिल से पतारा स्टेशन तक आते थे और फिर ट्रेन पकड़कर सुमेरपुर जाते थे। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे तीनों साइकिल से पतारा पहुंचकर जैसे ही स्टेशन रोड पर मुड़े, तभी कानपुर की ओर से आई तेज रफ्तार हमीरपुर डिपो की बस ने तीनों को टक्कर मार दी और बगल के नाले में जा घुसी। तीनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से घबराए बस के यात्री उतरकर निकल गए। हादसे की सूचना कस्बे में फैलते ही भीड़ एकत्र हो गई और हाईवे पर जाम लगा दिया। तीनों छात्रों के परिवार और गांव वाले भी पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। एडीएम और एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने 10-10 लाख का मुआवजा और सरकारी सुविधाओं का लाभ दिए जाने का वादा किया, जिसके बाद दोपहर करीब एक बजे जाम खुल सका।



हादसे के बाद नाले में घुसी रोडवेज बस।

- कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में हुआ हादसा
- राजकीय पॉलीटेक्निक जा रहे थे साइकिल सवार तीनों छात्र

## एक नजर

**सीबीआई और यूरोपोल के बीच हुआ समझौता**

**कोलकाता।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और यूरोपीय संघ एजेंसी फॉर लॉ एन्फोर्समेंट ऑपरेशन (यूरोपोल) के बीच सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के लिए एक कार्य व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सीबीआई ने बयान जारी करके यह जानकारी दी। इस समझौता पर 21 मार्च (गुरुवार) को यूरोपोल के कार्यकारी निदेशक कैथरीन डी बोले और सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर नई दिल्ली और हेग में एक साथ एक आभासी कार्यक्रम में वरिष्ठ सीबीआई और यूरोपोल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुए।

**बीआरएस नेता कविता को जमानत देने से इनकार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया जिन्हें दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कविता से निचली अदालत में जाने को कहा। पीठ ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है जिसका यह अदालत पालन कर रही है और वह प्रोटोकॉल को नजरअंदाज नहीं कर सकती।

# बंगाल में मंत्री के घर ईडी का छापा



- स्कूल भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल ने शुक्रवार को राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी के साथ सुबह करीब सवा नौ बजे सिन्हा के आवास पर पहुंची और इसने तलाशी अभियान शुरू किया। ममता बनर्जी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिन्हा उस समय करीब 90 किलोमीटर दूर मुरारई में अपने पैतृक घर पर थे।

बोलपुर से जाते समय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वे जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जब तक मैं वहां पहुंचकर अधिकारियों से बात नहीं करूंगा, मैं नहीं बता पाऊंगा कि क्या हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंत्री के आवास पर तलाशी ली गई।

**हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कुछ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया जाए। इस मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कई लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पूर्व लोकसेवकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को एक समयसीमा के भीतर उसके समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें यह बताया जाए कि वह मामले पर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले रहे हैं। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि मुकदमा चलाने की मंजूरी पर निर्णय लेने में देरी गंभीर खेद का विषय है।

## एएसआई ने शुरू किया भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण

**धार (मप्र)।** एएसआई के एक दल ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया। दल में 10 से अधिक सदस्य शामिल हैं। एएसआई का यह दल सुबह परिसर में पहुंचा, पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक आशीष गोयल एएसआई के दल के साथ मौजूद थे। गोयल ने बताया कि एएसआई दल ने दोपहर तक काम किया और फिर परिसर से चले गए।

# पुलिस से भिड़े ग्रामीण, पथराव

संवाददाता, भीरा/भानपुर (खीरी)

**कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई थी टीम**

- सिपाहियों से हाथापाई कर पुलिस वाहन के शीशे तोड़े
- हंगामे के बीच मौका पाकर भाग निकाला आरोपी

**अमृत विचार** : कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर उसके परिजनों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हमला कर दिया। सिपाहियों के साथ हाथापाई की। पत्थरबाजी कर जीप के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद हाईवे पर जाम लगा दिया। कई अन्य वाहनों में भी तोड़फोड़ की। तीन सिपाही मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। एसपी खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

घटना शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे की है। भीरा-पलिया हाईवे के किनारे महावत समुदाय के लोग रहते हैं। यहीं का शिव कुमार कच्ची शराब बनाने के मामले में फरार चल रहा था। शुक्रवार को दरोगा जुबेर खां के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी में बैठा कर थाने ले जाने लगे। इसी बीच उसके परिवार व समुदाय के अन्य लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए और गाड़ी को घेर लिया। महिलाएं पुलिस की गाड़ी के आगे लेट गईं। इसी दौरान आरोपी शिवकुमार मौका पाकर भाग गया। उग्र लोगों ने सिपाहियों के साथ हाथापाई कर दी। पथराव और लाठी-डंडों से जीप के शीशे तोड़ डाले। लोगों के गुस्से को देख पुलिसकर्मी भाग खड़े हुए। हमले में तीन सिपाहियों को मामूली चोटें भी आईं हैं। इसके बाद हमलावरों ने मार्ग जाम कर दिया। हाईवे पर गुजरने वाले कई वाहनों पर भी पथराव किया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुलिस के साथ मारपीट से इनकार किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। दोषी किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। बहरहाल वायरल वीडियो में पुलिस के साथ हाथापाई नजर आ रही है।

# बिहार में निर्माणाधीन पुल का हिस्सा ढहा, एक श्रमिक की मौत, नौ घायल

सुपौल/पटना, एजेंसी

बिहार के सुपौल जिले में शुक्रवार तड़के एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुपौल और मधुबनी जिले के भेजा-बकौर के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के गिरने की सूचना मिली है। प्रशासन को घायलों की मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है।

सिन्हा ने कहा कि पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध नियम अनुसार जांच की जाएगी। जिम्मेदारों पर विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से संपर्क में हैं। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी वाईबी सिंह ने कहा कि बिहार के मधुबनी और सुपौल जिलों में भेजा और बकौर के बीच पुल का निर्माणाधीन स्पैन ढह गया है। कुल 10 मजदूर फंसे हुए थे। अस्पताल ले जाते समय एक की मौत हो गई और अन्य 9 को मामूली चोटें हैं। एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।



- सुपौल जिले में कोसी नदी पर बनाया जा रहा है पुल
- एनएचएआई प्रशासन के अधिकारी पहुंचे जांच के निर्देश

## रिजर्व बैंक के कार्यालय 30, 31 मार्च को खुले रहेंगे

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी। सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं। आरबीआई की ओर से कहा गया कि एनईएफटी और आरटीजीएस प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, को रात 12 बजे तक जारी रहेगा।

**मकसद अधूरा** | राशन कार्ड से वंचित परिवारों के बनने हैं फैमिली आईडी

# एक परिवार–एक पहचान से भी वंचित परिवार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, कन्नौज समेत कई जिलों की प्रगति खराब

**अमृत विचार** : प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित परिवारों को फैमिली आईडी देकर एक परिवार-एक पहचान देने के प्रयास तो पूरे हैं, लेकिन मकसद अधूरा है। जिलों पर पहचान को मोहताज कुल 2,30,857 परिवारों ने ऑनलाइन आवेदन तो किए लेकिन, 95,192 ही स्वीकृत हो पाए। आवेदनों का निस्तारण व फैमिली आईडी बनाकर देने की प्रगति बेहद कम है। इस वजह से ज्यादातर जिलों में वंचित परिवारों को समय से फैमिली आईडी नहीं मिल पाई है। सबसे खराब प्रगति लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र, महोबा व कन्नौज समेत अन्य जिलों की है। जिस पर शासन ने चिंता जताई है और प्रमुख सचिव नियोजन विभाग आलोक कुमार ने सभी जिलाधिकारी को प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने के साथ नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। जो विभिन्न स्तरों से लंबित आवेदनों का रियल टाइम स्टेट्स प्राप्त करेंगे।

**एक विशिष्ट पहचान पत्र देने की कवायद :** दरअसल, अध्यासित परिवारों के राशन कार्ड ही संख्या ही उनकी फैमिली आईडी है। ऐसे कई परिवार हैं, जिनके राशन कार्ड नहीं है। इनको फैमिली आईडी देकर पहचान देना है। इसके लिए पोर्टल विकसित किया गया है। मकसद पहचान देने के साथ-साथ परिवारों लाभार्थीपरक योजना का लाभ देना है।

**इन जिलों में भी इतने आवेदन लंबित**

मुरादाबाद 2608, कानपुर नगर 654, बरेली 446, बदायूं 301, फर्रुखाबाद 324, फतेहपुर 516, अयोध्या 462, पीलीभीत 208, रामपुर 97

**ये प्रदेश की प्रगति**

| | |
|---|---|
| कुल आवेदन : | 2,30,857 |
| स्वीकृत आवेदन : | 95,192 |
| अस्वीकृत आवेदन : | 91,935 |
| कुल लंबित आवेदन : | 43,730 |

**इन जिलों में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित**

| जिला | कुल | लंबित |
|---|---|---|
| लखनऊ | 5472 | 3002 |
| आजमगढ़ | 5942 | 3302 |
| मिर्जापुर | 2553 | 2152 |
| सहारनपुर | 4176 | 1073 |
| सोनभद्र | 1063 | 756 |
| महोबा | 1451 | 791 |
| कन्नौज | 1651 | 684 |

# श्याम प्रेमियों ने खाटू दरबार में श्रद्धा निवेदित कर लगाई मंगल कामना की अरदास

आस्था

- श्री श्याम सतरंगी महोत्सव खाटू नरेश का हुआ भव्य श्रंगार

भेलसर, अयोध्या

**अमृत विचार :** श्री श्याम ताली कीर्तन मंडल के तत्वावधान में गुरुवार रात आयोजित श्री श्याम सतरंगी महोत्सव में नामी भजन गायकों की प्रस्तुतियों से समां बंध गया। महोत्सव में अयोध्या और आसपास के जिलों से जुटे श्याम प्रेमियों ने खाटू दरबार में श्रद्धा निवेदित कर मंगल कामना की अरदास की।

इस अवसर पर खाटू नरेश श्री श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। अलौकिक दरबार, इत्र व पुष्प वर्षा, छप्पन भोग के साथ भजन संध्या व अखंड ज्योति श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

महोत्सव में विशेष रूप से कानपुर से पधारे भजन गायक कुमार मुकेश और स्थानीय ताली कीर्तन मण्डल के पंकज आर्य, नीरज शर्मा, विनोद कसौधन, मुकेश श्रीवास्तव व मनीष चौरसिया ने भजन गंगा की प्रस्तुति ने श्याम भक्तों का मन मोह लिया। 'हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है, म्हारे सिर पे है बाबा जी रो हाथ, सांवरा जब मेरे साथ है और हरे के सहारे आजा' जैसे भजनों पर श्याम प्रेमी देर रात तक भजन गंगा में गोते लगाते रहे। इससे पूर्व ताली कीर्तन मंडल के संरक्षक पंडित जुगल किशोर शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जोत के रूप में बाबा का आह्वान किया। महोत्सव में रोहित कौशल, सूरज सोनी, मनीष वैश्य, आशीष गुप्ता भोलू , सर्वेश राठौर, संदीप कौशल, राहुल कौशल, आशीष कौशल, अमित गुप्ता मोनू व राजा कौशल का योगदान रहा। रूदौली विधायक रामचंद्र यादव, राजेश गुप्ता, शेखर गुप्ता, सुनील खेतान, श्याम बाबू कसौधन व संदीप नवीन शुक्ला सहित बड़ी संख्या में संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। संचालन व आभार शैलेंद्र शर्मा व्यक्त किया।


महोत्सव में आनंद लेते जिले भर से जुटे श्याम प्रेमी। अमृत विचार


भजन गायकों को सम्मानित करते आयोजक मंडल के पदाधिकारी।

### भक्तों ने खाटू नरेश संग खेली फूलों की होली

खाटू श्याम के भक्तों ने गुलाल, इत्र और फूलों से अपने आराध्य श्याम बाबा से होली खेली। श्याम बाबा का दरबार सतरंगी फूलों से सजाया गया। हाथों में आरती की पावन ज्योत लेकर भक्तों पर फूलों की वर्षा की गई। 'आयो फागन, बाबा मारे होले..., रंग और गुलाल से होली खेलेंगे, आज गिरधर गोपाल से' जैसे भजनों पर भक्तों ने श्याम बाबा के जयकारे लगाए और जमकर थिरके।

## चीनी मिल ने 14 मार्च तक का किया भुगतान

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की रौजागांव यूनिट ने वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 का 14 मार्च तक क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 11.29 करोड़ रुपये का भुगतान 22 मार्च को कर दिया गया है।

जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष (गन्ना) हरदयाल सिंह ने बताया कि किसानों का गन्ना मूल्य संबंधित बैंक खाते में भेज दिया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे पर्ची का एसएमएस आने के बाद ही गन्ने की कटाई करें। कहा कि अपना बेसिक कोटा बनाने के लिए अपनी ही पर्ची पर गन्ने की आपूर्ति करें जिससे आगामी वर्ष में गन्ना आपूर्ति में कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### तीन उपनिरीक्षक और 30 सिपाही मिले

**अयोध्या, अमृत विचार :** पर्व को लेकर जीआरपी को उपलब्ध बल के अतिरिक्त तीन उपनिरीक्षक और 30 पुलिसकर्मी उपलब्ध कराए गए हैं। स्टेशनों पर इनकी ड्यूटी लगाई गई है। जीआरपी अयोध्या कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय का कहना है कि सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों में एस्कॉर्ट और सघन जांच व तलाशी का अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने ट्रेनों या यात्रियों पर गुब्बारे, रंग, पत्थर आदि न फेंकने की अपील की है। ऐसा होने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### होली स्पेशल बसों की सेवा की हुई शुरुआत

**अयोध्या, अमृत विचार :** रोडवेज ने शुक्रवार को होली स्पेशल बसों की सेवा शुरू कर दी। पहली बस बहराइच के लिए चलाई गई। रुटीन बसों के साथ विभिन्न मार्गों पर डिपो की कुल 115 बसें दौड़ रही है। एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि पहले दिन शुक्रवार को होली स्पेशल के नाम पर 25 अतिरिक्त बसें उतारी गईं। ये बसें अयोध्या से गोरखपुर, बहराइच, लखनऊ, प्रयागराज सहित अन्य महत्वपूर्ण मार्गों पर शुरू की गई है। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर और बसें उतारी जाएंगी।

### डंडे के प्रहार से पंपकर्मी घायल, एक नामजद

**अयोध्या, अमृत विचार :** कैंट थाने के बालासराय स्थित शिवाला पेट्री इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर सीएनजी की कतार में वाहन आगे लगाने को लेकर मारपीट हो गई। बुलाए गए युवकों ने डंडे से प्रहार कर पेट्रोल पंपकर्मी संतोष कुमार तिवारी का सिर फोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर ने बताया कि पलिया साहबदी निवासी गोविन्द निषाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच की जा रही है।

# विदेशी श्रद्धालु से दो हजार लेकर कराए थे दर्शन

## ट्रस्ट महासचिव ने कहा- पुराने परिचित ने दी थी जानकारी, 5 -5 सौ का हो रहा सौदा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रद्धालुओं से सुविधा शुल्क वसूल वीआईपी दर्शन और मंदिर परिसर में फोटो सेशन कराने का मामला गरमाता जा रहा है। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि उनके एक पुराने परिचित विदेशी भक्त ने दो हजार रूपये देकर रामलला का दर्शन करके आने की बात कही थी। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि पांच-पांच सौ रुपये में वीआईपी दर्शन का सौदा हो रहा है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने विशेष टीम से मामले की जाँच कराई है। ऐसे कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। एसएसपी ने आरजेबी थाने में तैनात एक आरक्षी को निलंबित किया गया है।


चंपत राय, महासचिव, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट।

निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के बाद समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र से मुलाकात करने सर्किट हॉउस पहुंचे ट्रस्ट महसचिव चंपत राय मीडिया से मुखातिब थे। मंदिर निर्माण की गतिविधियों और बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देने के साथ वह सुविधा शुल्क वसूल वीआईपी दर्शन और मंदिर परिसर में फोटो सेशन कराने के प्रकरण पर मुखर हुए। कहा कि ट्रस्ट की ओर से राममंदिर में कोई वीआईपी दर्शन की कोई योजना नहीं बनाई है और न ही किसी को ऐसा करने का अधिकार दिया है। अयोध्या के तमाम मठ-मदिरों में लोग दर्शन-पूजन करने आते हैं। अयोध्या के किसी मंदिर में पैसा देकर दर्शन की व्यवस्था और परंपरा नहीं रही। हनुमानगढ़ी पर तो वर्षों से दर्शन के लिए भारी तादात में श्रद्धालु आते हैं। कभी कोई शिकायत नहीं आई, लेकिन राममंदिर में दो माह के भीतर ही लोगों ने तमाम तरह के रास्ते निकाल लिए और वीआईपी व सुगम दर्शन के नाम पर गैर क़ानूनी काम शुरू कर दिया। प्रति व्यक्ति पांच-पांच सौ रूपये लेकर वीआईपी दर्शन कराने का सौदा किया जा रहा है। उनसे मिलने आए एक पुराने परिचित विदेशी भक्त ने खुद दो हजार देकर रामलला का दर्शन करके आने की बात बताई थी। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की ओर से दर्शन-पूजन के लिए एक व्यवस्था बनाई गई है। अधिक भीड़ होने के बावजूद एक घंटे में रामलला का बढ़िया से दर्शन हो रहा है। अभी तो रामनवमी पर दर्शन-पूजन के लिए भारी भीड़ आएगी। जिसका ऐसे लोग नाजायज फायदा उठा सकते हैं।

### मामला गरमाया

- सुविधा शुल्क लेकर वीआईपी दर्शन कराने में आरजेबी थाने का सिपाही निलंबित

### सिपाही को बिना सूचना मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश

एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि जांच के बाद रामजन्मभूमि थाने पर तैनात सिपाही उपेन्द्रनाथ को निलंबित कर पुलिस लाइंस से संबद्ध किया है। बिना सूचना मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्राधिकारी परिसर के निरीक्षण में यह बात सामने आई है कि उक्त सिपाही ने बिना जाँच-तलाशी अनाधिकृत प्रवेश व दर्शन कराए। सुरक्षा मानकों की अनदेखी की। प्रवेश द्वार से बार-बार आवागमन किया तथा राममंदिर परिसर में विभिन्न स्थानों पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई। आरोप की विभागीय जांच प्रस्तावित है।

### ट्रस्ट के महासचिव ने की लोगों से अपील

ट्रस्ट महसचिव चंपत राय ने अपील करते हुए कहा कि सबको मिलकर ऐसी प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। ऐसे गलत कार्य से बचना-बचाना होगा। 15-20 मिनट बचाने के लिए किसी को पैसे न दें और झांसा देने वालों के चक्कर में न फंसे। एसएसपी ने टोली बनाकर पूरे मामले की जांच-पड़ताल कराई है। प्रकरण में दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा कृत्य भगवान के प्रति आपराधिक कृत्य है।

## सार-संक्षेप

### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान


जेबीए वार्षिक समारोह में कॉक हाउस ट्रॉफी प्रदान करते प्रधानाचार्य वीके जोशी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** जेबी अकादमी का वार्षिक सम्मान सम्मारोह शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. स्मृति श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार तिवारी, जेबीएनएसएस सचिव रीता बनर्जी, वरिष्ठ शिक्षक पीके द्विवेदी व सहयोगी कर्मचारी सीता पति ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरू किया। अकादमी का तक्षशिला सदन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ चैम्पियन रहा और कॉक हाउस ट्रॉफी प्रदान की गई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। नृत्य नाटिका व ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति ने मन मोह लिया। प्रधानाचार्य वीके जोशी ने अकादमी की प्रगति आख्या व लक्ष्य स्पष्ट किया। 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली कृतिका को अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बोर्ड परीक्षाओं में ऑल इंडिया ए1-ए2 ग्रेड पाने वाले विषय शिक्षकों रमेश मिश्र, शिवप्रसाद मिश्र, डॉ. अनीता शुक्ला, प्रतिभा सिंह, रामानंद पाठक, सुधीर गुप्त, आशा तिवारी, डॉ. दिव्या शुक्ला, सोनाली शर्मा व जीशान दानिश खान को पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार तिवारी ने सम्मानित किया। संस्थान के उपनिदेशक दीपक शर्मा, अनुजा श्रीवास्तव, पीएसी सदस्य, अभिभावक उपस्थित रहे। संचालन शिक्षिका अनीता शुक्ला व शिव प्रसाद मिश्र के निर्देशन में छात्रा जोहा, ओजस्वी, नीति व हंसराज ने किया।

### गायत्री परिवार ने किया मेधावियों का सम्मान


कार्यक्रम में सम्मानित कीं गई छात्राएं। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** पीवीएसएस कुंज कादीपुर की छात्राएं कक्षा छह की अर्चिता वर्मा, रिया पटेल, अंशिका पांडेय व कक्षा 8 की मानसी सिंह ने अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सामान्य ज्ञान में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हें शुक्रवार को गायत्री परिवार के जोन संयोजक महेंद्र सिंह, जिला संयोजक संजय सिंह, मंडल संयोजक एसवी सिंह ने सम्मानित किया। जिला संयोजक ने कहा कि अपनी मेहनत के बल पर विद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है बच्चे प्रतियोगी परीक्षा के प्रति जागरूक है। प्रबंधक व प्रबंधक संघ के जिला महासचिव सुरेंद्र कुमार उपाध्याय ने आलस्य छोड़कर मेहनत के साथ पढ़ाई का मंत्र दिया। कार्यालय प्रमुख संतोष मिश्र, साक्षी पांडेय, रीना, रिशु यादव, रीमा मौर्य, रोशनी, प्रिया सहित अध्यापक व छात्राएं मौजूद रहे।

### टैबलेट पाकर खुशी से झूमीं छात्राएं


टैबलेट के साथ महाविद्यालय की छात्राएं। अमृत विचार

**तारुन, अयोध्या, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गीता महाविद्यालय जयसिंहमऊ में शुक्रवार को अंबेडकरनगर के एमएलसी हरिओम पांडेय ने 59 छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया। गोसाईगंज विधायक प्रतिनिधि भगवान बक्स सिंह ने शुभारंभ किया। प्रबंधक भारत सिंह ने स्वागत किया। गीता सिंह ने मुख्य अतिथि व पेट्रोलियम एसोसिएशन अयोध्या मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह को अंग वस्त्र व राम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट किया। इस मौके पर अनामिका, माधुरी निषाद, कीर्ति तिवारी, ज्योति गोस्वामी, मोनल यादव, शालू पटेल, सुषमा पांडेय, शिल्पी गौड़, वंदना वर्मा, नंदनी गोस्वामी, पल्लवी गोस्वामी मौजूद रहीं।

# 7 लाख 27 हजार का मिलावटी सामान पकड़ा

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** होली और रमजान में बिक्री के लिए दो ट्रकों से ले जाया जा रहा मिलावटी खाद्य सामग्री रंगीन कचरी और पाम ऑयल को खाद्य विभाग ने शुक्रवार को टोल प्लाजा रौनाही तहसीनपुर से धर दबोचा। पकड़े गए खाद्य पदार्थ की बाजार में कीमत 7 लाख 27 हजार से ज्यादा आंकी जा रही है।

सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद की जांच टीम ने शक के आधार पर दो ट्रको को टोल पर रोक कर तलाशी लिया तो ट्रक में 15 किलो के 320 टिन दावत ब्रांड पॉम आयल मिला जिसकी कीमत 4 लाख 92 हजार आंकी गई है। इसे महाजन ट्रेडर्स कंजियाना रुदौली से अनिल ट्रेडिंग कंपनी गोंडा ले जाया जा रहा था। इसके पीछे आ रहे दूसरे ट्रक में विभाग ने मिलावटी रंगीन कचरी पकड़ी जिसकी कीमत 2 लाख 35 हजार आंकी गई है। इसे श्री सिद्ध विनायक फूड प्रोडक्ट पनकी कानपुर से राम मिलन ट्रेडर्स बस्ती भेजा जा रहा था। सहायक आयुक्त ने बताया पकड़े गए मिलावटी खाद्य सामग्री के सैंपल की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई तय की जाएगी। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोहावल नीरज कुमार, अनूप सिंह, कांस्टेबल राघवेंद्र नाथ गौतम शामिल रहे।


सोहावल क्षेत्र में पकड़ा गया ट्रक और विभाग के अधिकारी।

## शव पहुंचे गांव, हुआ अंतिम संस्कार

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** हरियाणा के धारूहेड़ा स्थित लाइफलॉन्ग प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में बॉयलर फटने से रुदौली के जंगीपुरवा के दो श्रमिकों राजेश कुमार व अमरजीत की मौत हो गई थी। जिनके शव शुक्रवार को गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। पूर्व प्रधान राम प्रेस यादव नें बताया कि दोनों श्रमिकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। विधायक रामचंद्र यादव ने मुख्यमंत्री से दुर्घटना में मारे गये कामगारों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए अनुरोध किया है।

# अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें मजिस्ट्रेट : डीएम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** होली का त्योहार 24 व 25 मार्च को मनाया जाएगा। डीएम नितीश कुमार ने शांति व सुरक्षा में लगाए गए मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए हैं कि 24 मार्च से भ्रमण शुरू कर दें। पुलिस बल के सहयोग से सुदृढ़ सुरक्षा/कानून व्यवस्था बनाएं। होलिकादहन और रंगोत्सव के साथ ही क्षेत्र में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों की भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

डीएम ने कहा कि होलिका दहन 24 मार्च की रात्रि में होगा। रंगोत्सव का 25 मार्च को मनाया जाएगा। रमजान का महीना चंद्र दर्शन चल रहा है।यह 11/12 अप्रैल तक चलेगा। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर अधिकारियों की मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसरों की संयुक्त ड्यूटी लगाई गई है। शांति व सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए पूरे जिले में सुपर जोनल, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इनके साथ पुलिस अफसर और सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

### दिए निर्देश

- होली व रमजान के मद्देनजर सख्त की गई सुरक्षा व्यवस्था

# शब्दों व स्वरों के समागम से श्रोताओं को किया विभोर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तुलसी उद्यान में रामोत्सव के साहित्य संस्कृति मंच पर गुरुवार शाम प्रख्यात कवि आलोक श्रीवास्तव के एकल काव्य पाठ ने मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, गायिका चिन्मयी त्रिपाठी और जोयल मुखर्जी के दल ने शब्दों व स्वरों का समागम कर श्रोताओं को विभोर किया।

आलोक श्रीवास्तव ने मंच पर आते ही पढ़ा एक दिवाली तब आई थी, जब वो वन से आए थे। एक दिवाली अब आई है,जब वो मन से आए हैं, देवों ने दीप जलाए हैं, श्रीराम अयोध्या आए हैं। चिन्मयी ने अपने दल के साथ जरा धीरे राम गाड़ी हांको गाया तो वातावरण संगीतमय हो गया। जोयल और चिन्मई ने कबीर कि रचना मोरे सर से बला टली, गाई तो संगीत की धुन पर दर्शक भी कलाकारों का साथ देने लगे। आलोक श्रीवास्तव ने कबीर दास की रचना हमन है इश्क मस्ताना, हमन को होशियारी क्या की भाव भूमि पर अपने लिखे कुछ शेर पढ़ते हुए कृतज्ञता ज्ञापित की। आलोक श्रीवास्तव ने अपनी बेहद प्रसिद्ध रचना बाबूजी के कुछ अंश, भीतर से खालिस जज्बाती और ऊपर से ठेठ पिता,अलग अनूठा अनबूझा सा इक तेवर थे बाबू जी, सुनाकर सभी को पिता के अनकहे प्रेम से परिचित कराया। कलाकारों को रामायण कान्क्लेव के समन्वयक और कबीर अकादमी के आशुतोष द्विवेदी ने शॉल और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मान किया। संचालन देश दीपक में मिश्र ने किया। पूर्व उपाध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी गिरीश, रामायण धर द्विवेदी, अमित श्रीवास्तव, अभय निर्भीक, पीयूष मिश्र आदि रहे।


महोत्सव में आयोजक मंडल के पदाधिकारियों के साथ सम्मानित किए गए भजन गायक। अमृत विचार

सुरक्षा — आधुनिक हथियार और साजो सामान से लैस होगी एसएसएफ, मुख्यालय स्तर पर खरीद प्रक्रिया शुरू, 23 करोड़ आवंटित

# जल्द मिलेगी बुलेट प्रूफ जैकेट, हेलमेट व लाइट मशीनगन

प्रमोद पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** सुरक्षा और संवेदनशीलता को लेकर ख़ुफ़िया और सुरक्षा एजेंसियों की प्राथमिकता में शामिल रामजन्मभूमि परिसर समेत प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थलों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में तैनात विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) को आधुनिक किए जाने की योजना पर क्रियान्वयन तेज हो गया है। योजना के तहत विशेष बल को बुलेट प्रूफ जैकेट व हेलमेट व लाइट मशीनगन व अन्य हथियार उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसके लिए शासन से 23 करोड़ रूपये का बजट आवंटित हुआ है। मुख्यालय ने खरीद प्रक्रिया तेज कर दी है।



केंद्रीय सुरक्षा बलों की तर्ज पर प्रदेश के प्रमुख धर्मस्थलों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और स्थलों की सुरक्षा के लिए सिविल पुलिस और पीएसी के जवानों को मिलाकर विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) का गठन किया गया है। वर्तमान में इस बल को परंपरागत रायफल, पिस्टल और कार्बाइन आदि हथियार उपलब्ध कराये गए हैं। बदलते दौर की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए इस बल को केंद्रीय पैरामिलेट्री फ़ोर्स की तर्ज पर प्रशिक्षित किये जाने और आधुनिक हथियार व साजो-सामान उपलब्ध कराए जाने की योजना बनाई गई थी, जिसका क्रियान्वयन तेज हुआ है।

### खरीदी जाएगी आटोमैटिक पिस्तौल और सबमशीन गन

-सरकार की ओर से यूपीएसएसएफ को आधुनिक और उभरते सुरक्षा खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने योग्य बनाने के लिए के लिए 465 स्वचालित पिस्तौल, 1113 सबमशीन गन, 330 असॉल्ट राइफल, 500 बीआर जैकेट, 500 बीआर हेलमेट, 1714 पॉली कार्बोनेट शील्ड और 2025 पॉली कार्बोनेट बैटन की खरीद की जानी है। मुख्यालय ने इसी वित्तीय वर्ष में खरीद पूरी कर लेने का लक्ष्य तय किया है।

### छठवीं बटालियन लगी रामजन्म भूमि परिसर में

रामजन्मभूमि परिसर की सुरक्षा का जिम्मा यूपीएसएसएफ की छठवीं बटालियन को दिया गया है। जिले में इस बटालियन के मुख्यालय की स्थापना की कवायद चल रही है। शासन ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की 19 एकड़ जमीन गृह विभाग के नाम हस्तातंरित की है। पूर्व में एसएसएफ की एक बटालियन को वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा में लगाया गया था लेकिन केंद्र से सीआईएसएफ की तैनाती के बाद इसे हटा लिया गया।

> पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत एसएसएफ के लिए आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण की खरीद योजना को मंजूरी तथा बजट मिला है। खरीद इसी वित्तीय वर्ष में की जानी है और मुख्यालय की ओर से खरीद प्रक्रिया शुरू की गई है। **-अभय शंकर मिश्र,** डिप्टी सेनानायक, विशेष सुरक्षा बल 6 वीं बटालियन

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा वार्षिकोत्सव



**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीयम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव में नृत्य, नाट्य प्रस्तुति व भाषण समेत अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थापक रूपम भारतीयम ने की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त प्रेरणादायक कहानियों का भी चित्रण किया। इस दौरान प्रधानाचार्य बृजेश यादव, अनंत नारायण भारतीयम, शिक्षक नेहा मिश्रा, प्रांजल आर्य, करुणा गुप्ता, शिफाली श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था) (छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य


Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646



**रोजा**

शिया
सहरी : 04.47 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.38 बजे
इफ्तार : 06.13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### संचारी रोग अभियान को गंभीरता से लें अधिकारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** 1 से 30 अप्रैल तक प्रथम चरण विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसे सभी अधिकारियों को गंभीरता से लें। ये निर्देश शुक्रवार को जिला अधिकारी नितीश कुमार ने दिए। वो कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने सीडीओ ऋषिराज ने निर्देशित किया कि अभियान आरंभ होने से पूर्व सभी महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित करा लें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाएं। अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करें। सीएमओ डॉ. संजय जैन समेत स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### एलएलबी की परीक्षा में 20 नकलची पकड़े गए

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शुक्रवार को सचलदल ने 20 परीक्षार्थी नकल करते पकड़े। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया सचलदल ने बाराबंकी के टीआरसी लॉ कॉलेज में आठ, अवध लॉ कॉलेज में पांच व जस्टिस लॉ कॉलेज में सात परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा। आवासीय परिसर के बीपीएड व एमपीएड की दो पालियों की परीक्षा का परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने निरीक्षण किया। बीपीएड व एमपीएड की दो पालियों की परीक्षा में 907 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

# 84 कोसी परिक्रमा पथ के लिए मिली 11 करोड़ की पहली किस्त

## अयोध्या की सबसे बड़ी परियोजना पर जल्द शुरू होगा काम, 7400 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा परिक्रमा पथ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा पथ के लिए 11 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई। आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले ही यह राशि जारी की गई। अयोध्या की सबसे बड़ी परियोजना पर अब काम जल्द शुरू होने की उम्मीद है। करीब 7400 करोड़ की लागत से यह पथ बनकर तैयार होगा। 84 कोसी परिक्रमा पथ अयोध्या सहित आसपास के पांच जिलों से होकर जाता है।

आवंटित की गई 11 करोड़ रुपये की धनराशि परिक्रमा पथ की जमीन खरीदने के लिए है। जमीन किसानों से खरीदी जाएगी। पथ का निर्माण छह पैकेज में किया जाएगा। परिक्रमा पथ का निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय करा रहा है। कुछ पैकेज का टेंडर हो गया है और कुछ का प्रक्रिया में है। पैकेज संख्या तीन अयोध्या जिले के गोसाईगंज से बीकापुर के बीच जमीन खरीद के लिए औपचारिक कार्रवाई पूरी हो गई। अमौनी और मीतनपुर गांवों के किसानों से जमीन खरीद की शुरूआत होगी। किसानों को भूमि अध्याप्ति विभाग से नोटिस भेजा जा रहा है। मुआवजे के रूप में उन्हें आंकलित धनराशि दी जाएगी। जमीन खरीद के बाद जल्द ही परिक्रमा पथ का निर्माण शुरू होने की उम्मीद है।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद बढ़ा फोकस

श्रीराम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पौराणिक महत्व के कार्यों पर फोकस बढ़ा है। 84 कोसी परिक्रमा पथ अयोध्या की बड़ी परियोजनाओं में से एक है।

### सोहावल तहसील में खुला कंट्रोल रूम

लोकसभा चुनाव को लेकर बीकापुर के मतदाता पंजीकरण केन्द्र तहसील सोहावल में कंट्रोल रूम खोला गया। इसका दूरभाष नम्बर 8756751548 है। इसका संचालन तीन शिफ्टों मे किया जाएगा। इसके लिए कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई। यह जानकारी उपजिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बीकापुर ने दी।

### अयोध्या सहित पांच जिलों से जाता 231 किमी. परिक्रमा पथ



चौरासी कोसी परिक्रमा पथ।

### 84 कोसी परिक्रमा पथ एक नजर में

**लंबाई** 231.15 किमी.
**लागत** 7413.21 करोड़
**जिले** बस्ती, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा।
**काम छह पैकेज में।**

"84 कोसी परिक्रमा पथ के पैकेज तीन के दो गांवों में जमीन खरीद की कार्रवाई शुरू की जा रही है। इसके लिए लगभग 11 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। जमीन के लिए नोटिसें भेजी जा रही है।"
-एके त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति।

### पांच जिलों से होकर निकलता परिक्रमा पथ

84 कोसी परिक्रमा पथ बस्ती जिले के मखौड़ा धाम से शुरू होती है। यह अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, गोंडा जिले के विभिन्न स्थलों से होते हुए फिर मखौड़ा धाम में समाप्त होती है। इसकी कुल लंबाई 231.15 किलोमीटर है।

### बढ़ेगा रोजगार, होगा संस्कृति का विस्तार

परिक्रमा पथ बनने से पांच जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा। श्रद्धालु पहुंचेंगे। इससे इन जिलों में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। देश-विदेश से आने वाले लोगों में अवध की संस्कृति का विस्तार होगा।

### पथ के किनारे ऋषि मुनियों की तपस्थलियां

परिक्रमा पथ के किनारे श्रृंगी ऋषि, ऋषि आस्तीक, वामदेव, अगस्त्य, मांडव्य, तुंदिल, नरहरि दास, ऋषि जमदग्नि, ऋषि सौनक जैसे ऋषियों की तपस्थली हैं। 84 कोस परिधि के अंदर भी विश्व प्रसिद्ध अन्य ऋषियों की तपस्थलियां और पौराणिक स्थल भी हैं।

### परिक्रमा का पौराणिक महत्व

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या की परिक्रमा करके पुण्य लाभ अर्जित की परंपरा आदिकालीन है। पुस्तक अयोध्या दर्पण व अहो अयोध्या के मुताबिक प्रदक्षिणा (परिक्रमा) में पग-पग चलने के साथ ही पाप क्षय हो जाते हैं। यह पुरूषार्थ चतुष्टय धर्म, अर्थ, काम मोक्ष प्रदान करने वाली है। चौरासी कोसी परिक्रमा चैत्र प्रतिपदा को मखभूमि (मखौड़ा) से शुरू की जाती है। मखभूमि वही स्थान है जहां राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ का आयोजन कराया था। यह परिक्रमा वैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी को अयोध्या में पूर्ण होती है। अगले दिन जानकी नवमी को रामार्चा पूजन होता है।

# आरोपी दरोगा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करें

**अयोध्या, अमृत विचार :** किशोरी को मारने-पीटने के मामले में दरोगा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश हुआ है। यह आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय अनुज सिंन्हा की अदालत से शुक्रवार को हुआ। आरोपी दरोगा इस समय अंबेडकरनगर में तैनात है।

अधिवक्ता संतोष कुमार राय ने बताया कि घटना 12 जून 2020 की है। राम जन्मभूमि थाने में तैनात दरोगा संजय सिंह इसी थाना क्षेत्र के माता मंदिर के बगल में परिक्रमा मार्ग पर रहने वाली परमजीत कौर के यहां पहुंचा। जब किशोरी ने दरवाजा खोला तो उसे गाली देते हुए शराब के नशे में मारा-पीटा। उसी समय घर में दूध देने वाला आ गया तो दरोगा चले गए। इसकी शिकायत पीड़िता ने थाने में की लेकिन मामला विभागीय होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसएसपी के स्तर से भी पीड़िता को न्याय नहीं मिला। तब पीड़िता ने अदालत से न्याय की गुहार की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को मारपीट व जान से मारने की धमकी देने में विचारण के लिए तलब किया। आदेश को दरोगा ने निगरानी के माध्यम से जिला जज की अदालत में चुनौती दी। अपर जिला जज प्रथम ने निगरानी खारिज कर दी। इसके बाद कोर्ट ने दरोगा को गिरफ्तार करके पेश करने का आदेश दिया है।

### चुनाव में जुलूस व रैली की होगी रिकॉर्डिंग

**अयोध्या, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में आयोजित जूलूस व रैलियों की रिकॉर्डिंग की जाएगी। आयोग की ओर से इसका पर्यवेक्षण किया जाएगा। एडीएम प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने वीडियो निगरानी टीमों का गठन किया है। यह टीमें शुक्रवार को सभी 5 विधानसभा क्षेत्रों रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर, अयोध्या और गोसाईगंज में तैनात की गई। प्रत्येक टीम में तीन अफसरों के साथ एक वीडियोग्राफर है। टीमें व्यय से संबंधित घटनाओं और साक्ष्यों को दर्ज करने में सक्षम होगी। टीम इस तरह से वीडियोग्राफी कराएगी जिससे साक्ष्य के रूप में प्रयोग किया जा सके।

# एल्डरली केयर के लिए होगा एक रिमाइंडर सिस्टम : डॉ.हनी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीससगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप का समापन शुक्रवार को हुआ।

इस वर्कशॉप में इँकोर टेक्नोलॉजी के मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. हनी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने डिटेलेड वेबसाइट डिजाइन एवं फीडबैक गैदरिंग के साथ प्रोटोटाइप उत्पादन एवं व्यवहारिक कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियां व रणनीति पर चर्चा की एवं एप डेवलपमेंट के बारे में हैंड्स ऑन ट्रैनिंग दी। उन्होंने बताया कि पीआरएसयू के कुलपति प्रो. एसएन शुक्ल के मार्गदर्शन में प्रोटोटाइप डिजाइन से एल्डरली केयर के लिए एक रिमाइंडर सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें एक प्रोजेक्ट लॉन्च करने की तैयारी है। समन्वयक डॉ. कविता ठाकुर ने बताया कि मेक इन इंडिया एनिशिएटिव से छात्र-छात्राओं को इनोवेशन में मदद मिलेगी। भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गंगा राम मिश्र, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, पीआरएसयू के डॉ. अम्बर व्यास, डॉ. दीपेन्द्र सिंह सहित अन्य विशेषज्ञों ने प्रोटोटाइप डिजाइन पर चर्चा की। स्वागत समन्वयक भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की डॉ. गीतिका श्रीवास्तव ने किया।

**सार-संक्षेप**

### कृष्णा को मिला सर्वश्रेष्ठ मौसम वैज्ञानिक का पुरस्कार


दिल्ली में सम्मानित किए जाते कृष्ण कुमार मिश्र। अमृत विचार

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार :** तहसील के खड़भड़िया गांव के निवासी कृष्णा मिश्रा को वर्ष 2023 का सर्वश्रेष्ठ मौसम वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। खड़भड़िया के शिव प्रताप मिश्रा के पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली में वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें शुक्रवार को विश्व मौसम विज्ञान संगठन दिवस के अवसर पर महिका हॉल, पृथ्वी भवन, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, लोदी रोड, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में वर्ष 2023 के 'सर्वश्रेष्ठ मौसम वैज्ञानिक' के पुरुस्कार से विभूषित किया गया है। यह पुरस्कार पृथ्वी विज्ञान एवं खाद्य संस्करण मंत्री किरण रिजिजू द्वारा प्रदान किया गया। सम्मानित होने पर लोग उनके पैतृक गांव पहुंच कर उनके परिजनों से खुशी का इजहार कर रहे हैं।

### पटरी पर लौटी सीएचसी की स्वास्थ सेवाएं


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्चा बनवाते मरीज। अमृत विचार

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में अटैच एक निजी वाहन चालक द्वारा गुरुवार को एक गार्ड की पिटाई और चिकित्सकों के साथ अभद्रता से आक्रोशित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बंद की गई स्वास्थ्य सेवाएं शुक्रवार को बहाल हो गईं हैं। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद शुक्रवार को सुबह से निर्धारित समय तक अस्पताल से चलने वाली सभी सेवाएं जारी रहीं। ओपीडी में सभी चिकित्सकों ने अपने-अपने कक्ष में मरीजों को देखा। इस बीच मारपीट की घटना के बाद वरिष्ठ फार्मासिस्ट और एक महिला कर्मी के बीच भ्रष्टाचार को लेकर हुई नोक झोंक और आरोप प्रत्यारोप का वीडियो भी वायरल हुआ है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रेम चंद ने बताया घटना से जुड़े मामले को सुलह समझौते से निबटा लिया गया है। केंद्र की स्वास्थ सेवाएं सामान्य रूप से चल रही है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी है लेकिन जांच के बाद ही कुछ बता सकते हैं।

# कबाड़ के गोदाम व चाय की दुकान में लगी आग


आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकलकर्मी। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ हाईवे पर साई दाता कुटिया के सामने फोरलेन अंडरपास के निकट स्थित एक कबाड़ के गोदाम में गुरुवार आधी रात के बाद आग लग गई। चपेट में आकर सड़क किनारे स्थित चाय की दुकान भी जल गई। मौके पर पहुंचे फायर दस्ते ने आग पर काबू पाया है। गोदाम की देखरेख करने वाले सरताज व चाय की दुकान के मालिक नेवातीपुरा निवासी कल्लू का कहना है कि नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि समय से जानकारी मिल जाने से ज्यादा आर्थिक नुकसान नहीं हुआ। आशंका है कि बिजली की शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी।

### 493 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में 493 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। किसी को नई परंपरा नहीं डालने दी जाएगी। ये बातें शुक्रवार को एसपी सिटी मधुबन सिंह ने कहीं। उन्होंने बताया कि कि नगर कोतवाली क्षेत्र में 207, कैंट में 78, थाना राम जन्मभूमि में 33 व पूराकलंदर में 175 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली पर हुड़दंग और बवाल रोकने के लिए सख्ती की जाएगी। चुनावी सहालग के दौरान रमजान माह के बीच पड़ रहे होली पर्व को लेकर शांति और सुरक्षा के लिए कर्मियों की छुट्टी स्थगित कर सक्रियता और निगरानी बढ़ाई गई है। जिले के सीमा से लेकर थाना और अन्य सीमाओं पर जांच-तलाशी का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि डीजे संचालकों व आयोजकों को नियमों में रहने व मिलजुलकर त्योहार मनाने की हिदायत दी जा रही है। साथ ही सीआरपीएफ के साथ पुलिस बल की गश्त और निगरानी भी जारी है।

### रामलला के दर्शन करना सौभाग्य : उर्वशी रौतेला

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अयोध्या आना और रामलला के दर्शन करना हर सनातनी का सौभाग्य है। मुझे भी आज ये सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रामनगरी का दिव्य स्वरूप संपूर्ण विश्व में फैल गया है। ये बातें शुक्रवार को प्रख्यात अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने कहीं। उन्होंने रामलला के दरबार में श्रद्धा निवेदित करते हुए दोनों हाथ जोड़कर रामलला से आशीर्वाद मांगा। दर्शन के बाद अभिभूत अभिनेत्री ने कहा कि एक फिल्म की शूटिंग के दौरान वह अयोध्या में हैं। शीघ्र ही शूटिंग पूरी होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न मठ-मंदिरों के दर्शन करने की भी परम अभिलाषा है। दर्शन के दौरान उनके साथ फिल्म से जुड़े लोग भी मौजूद रहे।



**रामनवमी** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुरू की तैयारियां, रामलला को लगेगा 56 भोग, होगा 10 दिवसीय विशेष अनुष्ठान

# 497 वर्षों बाद रामलला के महल में गूंजेगी बधाइयां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भव्य राम मंदिर में बाल्य स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार पड़ रहे रामनवमी के पावन पर्व पर करीब 497 वर्षों बाद बधाइयां गूंजेगी और विशेष अनुष्ठान होंगे।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला राम नवमी 17 अप्रैल को पड़ रहा है। इसे लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। भव्य राम मंदिर परिसर को विशेष फूलों से सजाया जाएगा। 22 जनवरी को भव्य मंदिर में साथ रामलला के दिव्य स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई है। पांच वर्षीय रामलला के बालक स्वरूप विधि-विधान की पूजन के लिए नई नियमावली को भी तैयार किया गया है। जिसके तहत रामनवमी के दिन भगवान के मंगला आरती, अभिषेक, स्नान, श्रृंगार और 56 भोग लगाया जाएगा।

श्रीराम जन्मोत्सव पर वैदिक विद्वानों के द्वारा 10 दिवसीय विशेष अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। इसे लेकर ट्रस्ट द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि राम नवमी से पूर्व गर्भगृह समेत संपूर्ण मंदिर परिसर का श्रंगार होगा। मंदिर को फूलों की लड़ियों के साथ विविध प्रकार से सजाया जाएगा।

### शुभ मुहूर्त पर मंगल आरती के साथ जगाए जाएंगे रामलला

रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त पर सुबह चार बजे प्रभु के मंगला आरती के साथ उन्हें जगाया जाएगा। पांच बजे भगवान का सरयू के जल से जलाभिषेक पुष्पाभिषेक कराने के बाद दिव्य श्रृंगार होगा। सुबह छह बजे आरती के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोल दिया जाएगा।


राम मंदिर में विराजमान रामलला।

### बाल भोग में लगेगा रबड़ी, पेड़ा और विविध व्यंजन

मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामनवमी दिवस पर सुबह नौ बजे भगवान को बाल भोग होगा। जिसमें मौसम के अनुसार रबड़ी, पेड़ा और विभिन्न प्रकार की व्यंजनों से भोग लगेगा। दोपहर 12 बजते ही शंखनाद और घंटा घड़ियाल के बीच प्रभु रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं देर शाम रामलाल को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

# 18 माह में बन जाएगा राम जन्मभूमि परिसर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन राम मंदिर के प्रथम तल, द्वितीय तल, शिखर, परकोटा, शेषावतार मंदिर, सप्त ऋषि मंदिर व तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र 18 महीने में पूरा हो जाएगा। यह जानकारी राम मंदिर निर्माण समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में सामने आई। बैठक में चल रहे कार्यों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने की।

बैठक के बाद राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी में करीब 30 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। बढ़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे, लेकिन यह एक साथ अयोध्या नही पहुंचेंगे। ये 14, 15, 16 और 17 अप्रैल तक अयोध्या आएंगे। 17 अप्रैल को राम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद इनकी वापसी शुरू होगी। राम नवमी को लेकर अयोध्या में सप्ताह भर भीड़ रहेगी। उनके भोजन, रहने के साधन और आने-जाने के लिए ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर बैठक में चर्चा की गई है। बैठक में आर्किटेक्ट आशीष सोनपुरा, एलएंडटी, टाटा कंसल्टेंसी के इंजीनियर भी शामिल रहे।


सर्किट हाउस में बैठक करते एलएंडटी के इंजीनियर। फोटो : अमृत विचार

## कूदने-फांदने में पारंगत हुए धनी राम पुरवा के लोग




अश्वनीपुरम वार्ड के धनी राम पुरवा के रहने वाले आजकल कूद-फांद में पारंगत हो गए हैं, कारण गली में ऐसा जलभराव है कि बिना छलांग के आना जाना मुश्किल है। दर्जन भर बार नगर निगम में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब चुनाव आ गया तो इलाकाई लोग भी मूड बना कर बैठे हैं - कहते हैं आने दीजिए नेताजी को देखेंगे। छाया : प्रशांत शेखर

## हत्या का एक आरोपी संदेह का लाभ पाकर दोष मुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** हत्या के एक आरोपी को कोर्ट ने संदेह का लाभ देकर दोष मुक्त कर दिया। यह आदेश अपर जिला जज सप्तम अनिल कुमार वर्मा की अदालत से शुक्रवार को हुआ। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान ने बताया कि 10 अगस्त 2020 को पटरंगा थाना क्षेत्र के पचलो गांव के रहने वाले महबूब आलम का शव शारदा नहर में मिला। 10 माह बाद 21 मई 2021 को पुलिस ने फुरकान अहमद निवासी नबीपुर नूरेपुर थाना पटरंगा को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि नबीपुर की एक लड़की से मुलजिम व मृतक दोनों के प्रेम प्रसंग थे। इसी रंजिश में हत्या की। बचाव पक्ष के अधिवक्ता का तर्क था कि आरोपी प्रथम सूचना रिपोर्ट में नामजद नहीं है। उसके कब्जे से कोई बरामदगी भी नहीं हुई है। 10 माह बाद आशनाई की बात बताई गई जो बनावटी है। इसी का लाभ आरोपी को मिला।

# पूर्व प्रधान पुत्र की हत्या में दो आरोपी किए गए गिरफ्तार

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** रूदौली सर्किल के बाबाबाज़ार थाना क्षेत्र के बड़ा गनेशपुर में गुरुवार को पूर्व प्रधान के पुत्र की दिनदहाड़े हुई हत्या में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे आला कत्ल भी बरामद किया गया है।

थाना क्षेत्र के बड़ा गनेशपुर में गुरुवार को दिनदहाड़े हमलावरों ने पूर्व प्रधान के पुत्र सिकंदर पर रॉड से हमला किया था। इलाज के दौरान सिकंदर की मौत हो गई थी। पुलिस ने शुक्रवार शाम थाना क्षेत्र के शेरपुर जंगल के पास से गनेशपुर गांव निवासी शहजाद और उसके सहयोगी पुत्ती लाल निवासी कस्बा असंदरा, बाराबंकी को गिरफ्तार कर लिया। बाबाबाजार थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि हत्या की वजह रंजिश है। हत्या की साजिश शहजाद ने पुत्ती लाल की असंदरा स्थित बिरयानी की दुकान पर रची थी। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार किए गए हत्या के आरोपी।

## एक नजर

### तानाशाही का प्रतीक है केजरीवाल की गिरफ्तारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** वामदलों ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी भर्त्सना की है। कहा है कि इस घटना से मोदी सरकार के अघोषित आपातकाल में विपक्ष की आवाज को दबाने का एक और अध्याय जुड़ गया है। भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद और भाकपा सहायक जिला सचिव शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बोलने वाले विपक्षी दलों के नेताओं को राजनीतिक बदले की भावना से फंसाया जा रहा है।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बांटे लड्डू

**सोहावल अयोध्या, अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर तहसीनपुर निवासी पंडित राम नाथ मिश्र, यश कुमार गुप्ता, शिवलाल निषाद, किसकुमार यादव आदि ने लड्डू बांट कर खुशी व्यक्त की है। कहा कि इससे बेईमान शासकों, अधिकारियों, राष्ट्रद्रोहियों को सबक मिलेगा।

# लोगों को करें जागरूक और बताएं मतदान की अहमियत

## स्वीप की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने दिया सुझाव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें, उन्हें मतदान की अहमियत के बारे में बताएं। कम मतदान वाले बूथों पर विशेष फोकस करें। यहां मतदान प्रतिशत बढ़ना है। साथ ही लोगों को बताया जाए कि अब भी मतदाता बन सकते हैं। यह सुझाव विकास भवन के सभागार में शुक्रवार को हुई स्वीप की बैठक में आए।

मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने कहा कि चुनाव में मतदान के प्रति लोगों की जागरूकता जरूरी है। इसके लिए सभी संबंधित उपाय किए जाएं। जिला विकास अधिकारी उपेंद्र प्रसाद पाल कहा कि लोगों को मतदाता सूची में नाम बढ़वाने के बारे में बताएं। अभी मतदाता सूची में नाम बढ़ और घट सकता है। वरिष्ठ अफसरों ने बीएसए को आंगनबाड़ी कार्यकत्री और शिक्षामित्रों को विशेष रूप से जागरूक करने के लए कहा। स्वीप के कैलेंडर की जानकारी दी गई। 18 मई तक स्वीप के तहत जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। शुभंकर चयन की चर्चा की गई। 60 फीसदी मतदान वाले बूथों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सामान जागरुकता संबंधी स्टीकर लगाए जाने के लिए कहा गया। जागरुकता के लिए युवक मंगल व महिला मंगल दलों को सक्रिय किए जाने के लिए कहा गया। दुकानों, प्रतिष्ठानों को इसमें शामिल कराने की बात रखी। बैठक में बीईओ राजेश कुमार, तारकेश्वर पांडेय, अजय कुमार त्रिपाठी, मुकेश पांडेय, कुसुम लता, अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

# मोदी का चुनाव है, अयोध्या का चुनाव : लल्लू सिंह

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत भाजपा जुट गई हैं। शुक्रवार को व्यापार भवन डीली गिरधर में मिल्कीपुर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह ने मंडल के कार्यकर्ताओं से बूथ जीतो अभियान के तहत चर्चा की।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव अयोध्या का चुनाव है, मोदी जी का चुनाव है, अयोध्या से एक नया संदेश निकलकर पूरे देश में जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी सनातन धर्म को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। देश में तोड़फोड़ कराना चाहते हैं, उन्हें इतना ज्ञान नहीं है कि सनातन क्या है, जब से यह पृथ्वी अस्तित्व में आई है, तब से सनातन धर्म मौजूद है। संचालन राधेश्याम त्यागी ने किया। समापन मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी ने किया। इस मौके पर अयोध्या जिला प्रभारी श्री कृष्ण शास्त्री, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन मौर्य, जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी, अशोक मिश्रा, सरबजीत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, दीपक पाठक, रमेश प्रताप सिंह, अजीत मौर्य, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा, वीर सेन सिंह, बूथ प्रमुख राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।




मिल्कीपुर में बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह। अमृत विचार

### लोकसभा क्षेत्र के 24 मंडलों में की गईं बैठकें

भाजपा ने लोकसभा क्षेत्र के 24 मंडलों की समन्वय बैठकें की गई। तय हुआ कि दूसरे चरण में शक्ति केंद्रों व बूथ के पदाधिकारियों की बैठक होगी। मिल्कीपुर, रानी बाजार व अयोध्या में शुक्रवार को बैठकें की गई। लोकसभा चुनाव संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने सांगठनिक रिपोर्ट पदाधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पिछली बार से अधिक मत प्राप्त करने का संकल्प लेकर कार्यकर्ता जनसंपर्क में जुट जाएं। बीकापुर विधान सभा क्षेत्र संयोजक सोमनाथ वर्मा ने कहा कि पदाधिकारी बूथ के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जनसंपर्क करें। बैठकों में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, सहसंयोजक इं. रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं को न हो असुविधा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी मेले को लेकर शुक्रवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल के साथ आईजी प्रवीण कुमार ने अयोध्या क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। दोनों ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने रामनवमी पर्व में सम्भावित श्रद्धालुओं की संख्या के दृष्टिगत पार्किंग व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फटिक शिला पार्किंग को लेबलिंग कराये जाने, नेपाली बाबा वाले मैदान में चकर प्लेट लगाये जाने के निर्देश दिए। तुलसीदास घाट, कच्चाघाट एवं पक्काघाट पर निरीक्षण करते हुए मूलभूत सुविधाओं के सुदृढीकरण के लिए कहा गया। एसएसपी आर के नय्यर, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्वनी पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह, अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला, परियोजना अधिकारी यूपी नेडा प्रवीण नाथ पांडेय, अधिशाषी अभियन्ता अनूप सिंह आदि रहे।



अयोध्या में शुक्रवार को निरीक्षण करते मंडलायुक्त, आईजी व अन्य अधिकारी।

# आक्रोशित किसानों ने पकड़े आठ सांड़, सचिव और प्रधान पर भड़के

**बड़ागांव, अयोध्या, अमृत विचार :** फसलों को लगातार निवाला बना रहे छुट्टा पशुओं से तंग किसानों ने फसलों के लिए काल बने 8 सांड़ों को शुक्रवार को घेराबंदी कर धर दबोचा। पकड़े गए सांड़ों को एक जगह बांधकर प्रशासन को सूचित किया। सूचना के बाद भी प्रधान व सचिव के न आने पर आक्रोश जताया।

सोहावल तहसील क्षेत्र के मुस्तफाबाद के मजरे लोधे उपाध्याय के पुरवा में शुक्रवार को किसान छुट्टा पशुओं के आतंक को लेकर एकजुट हो गए। किसान संदीप पांडेय, गौरव पांडेय, विकास और लवकुश के नेतृत्व में किसानों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद 8 सांड़ों को पकड़ा। किसानों ने बताया कि सूचना देने के बाद भी प्रधान और सचिव मौके पर नहीं पहुंचे। खंड विकास अधिकारी भावना यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि छुटा पशुओं को पिरखौली गौशाला भेजने की तैयारी की जा रही है।



आक्रोश जताते किसान।

## सार-संक्षेप

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन



दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।

**अयोध्या, अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को आप के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने बताया कि गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति के नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर को पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस स्थित गाँधी पार्क में प्रदर्शन कर विरोध जताया। इसमें जिला महासचिव सुनील, राजीव पाठक, संदीप पटेल, जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश मौर्य, गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मोहित महाराज, प्रदेश सचिव रितेश सिंह, प्रदेश महासचिव खेल प्रकोष्ठ यूके द्विवेदी, मिल्कीपुर प्रभारी हर्षवर्धन कोरी आदि मौजूद रहे।

### भाकियू ने समस्याओं का दिया ज्ञापन



बीडीओ को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी।

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत रुदौली तहसील इकाई द्वारा रुदौली ब्लॉक परिसर में पंचायत की गई। जिसका नेतृत्व रुदौली तहसील अध्यक्ष रवि शंकर पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष रामू चंद्र विशवकर्मा ने किया। किसान नेताओं ने 12 सूत्री मांगपत्र खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता को सौंपा। कहा कि यदि इस बार भी किसानों की समस्याओं का समाधान प्रशासन नहीं कराता है तो प्रदर्शन किया जाएगा। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शंकरपाल पांडे, जिला सचिव भोला सिंह टाइगर, राम सागर, मालती, रामादेवी, राजकुमारी, सुरेश रावत आदि रहे।

### एयरो सिटी का मुद्दा हुआ तीखा, अब अदालत जाने की तैयारी



पंचायत भवन में आक्रोश जाहिर करते किसान। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा एयरो सिटी के निर्माण को लेकर प्रभावित होने वाले किसान अब न्यायालय जाने की तैयारी में जुट गए हैं। जन प्रतिनिधियों और प्रशासन से नाउम्मीद हुए किसानों ने रविवार को महा पंचायत बुलाई गई। जिसमें सभी गांवों के किसानों को भूमि के कागजात आदि के साथ आने के लिए कहा गया है। शुक्रवार को रामदत्तपुर अटरावां, पंचायत भवन पर किसानों की हुई बैठक में न्यायालय के शरण में जाने का निर्णय लिया गया। रामदत्तपुर अटरावां के प्रधान प्रतिनिधि उदल यादव ने कहा कि शासन प्रशासन से न्याय की उम्मीद अब नहीं बची है। ऐसी हालत में न्यायालय जाकर न्याय की मांग किसान करेंगे। उन्होंने कहा कि रविवार को होने वाली पंचायत में सभी किसानों से भूमि की पत्रावली, आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज लाने के लिए कहा गया है। सभी किसानों की ओर से सामूहिक याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की जाएगी। बैठक में अमित यादव रामानंद चौहान, राहुल यादव, रघुनाथ मौर्य, गौरी शंकर जायसवाल, गुलाब जायसवाल, शीला देवी, अभिषेक गौतम, राजेश त्यागी, शुभम अशोक विश्वकर्मा संतोष श्रीवास्तव, तिलक राम यादव, गोपी जायसवाल, अनिल यादव, काली प्रसाद, रज्जन यादव, लालू चौहान, सुरेंद्र प्रसाद, रामसुख, अमन चौहान, सौरभ मौर्य आदि मौजूद रहे।

# मसाले की खेती में भारत का पहला स्थान : कुलपति

**कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु- पालन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में दो दिवसीय जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आजीविका सुरक्षा, विकास के लिए सुगंधित व बीजीय मसालों की खेती विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई।

उद्घाटन कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने किया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि किसान 90 दिनों में तैयार होने वाले मेंथा की खेती कर कम समय में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। मसाले की खेती करने में भारत विश्वभर में पहले स्थान पर है। मसाले की खेती के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सीमैप लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि किसान सगंध एवं मसालों की जैविक विधि से खेती करें तो अधिक लाभ कमा सकते हैं। मेंथा की खेती हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके तेल का प्रयोग दवा तथा सुगंध बनाने में भी किया जाता है। वानिकी अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक ने बताया कि मेंथा की बुआई का उपयुक्त समय 15 जनवरी से 15 फरवरी तक होता है। डॉ. अनिल कुमार के संयोजन में कार्यक्रम हुआ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आशीष कुमार सिंह एवं स्वागत अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक ने दिया। संचालन डॉ. सीताराम मिश्रा ने किया।

# हाईवे चौराहे पर लगते जाम से हर कोई परेशान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लखनऊ-गोरखपुर हाईवे पर प्रयागराज रोड स्थित हाईवे चौराहे पर हर समय लंबी लाइन लग रही है। शहर में यातायात का दबाव बढ़ा है। लोग समस्याओं से दो-चार हो रहे हैं। इंतजार करना पड़ता है। कहते हैं यहां यातायात कब सुगम होगा?

नाका बाईपास के इस चौराहे पर एक साथ छह मार्ग खुलते है। सुचारू यातायात के लिए रेड लाइट लगाई गई। यातायात के कर्मचारियों की तैनाती की जाती है, लेकिन यातायात के दबाव के आगे सब बौना साबित हो रहा है। एक बार ग्रीन लाइट हुई, वाहन आगे बढ़े लेकिन रास्ता खाली नही होता। बड़े वाहनों की आवाजाही दिक्कत को और बढ़ा देती है। यातायात पुलिस सक्रिय होती है तो रेड लाइट से इतर वाहनों का पार कराकर रास्ता खाली करवा देते हैं लेकिन ज्यादातर समय लोगों को कई बार रेडलाइट पर काफी देर इंतजार करना पड़ता है। यातायात से जुड़े लोग भी कहते हैं यहा से बड़े वाहन ज्यादा निकलते हैं इसिलए भी दिक्कत है। यात्री बोल पड़ते हैं जाने कब यहां यातायात सुगम होगा। कहा कि इंतजार नहीं करना पड़ेगा।




हाईवे पर लगा जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**मनाई खुशियां** राम की पैड़ी पर शक्ति वाहिनी प्रमुख के नेतृत्व में जुटीं महिलाओं ने ढोलक और मजीरे की थाप पर मधुर भजनों के साथ जमकर उड़ाया अबीर- गुलाल

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो माह होने पर महिलाओं ने खेली होली

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो माह पूरे होने पर शुक्रवार को राम की पैड़ी पर महिलाओं ने होली खेल अपने उल्लास का प्रकटीकरण किया।

शक्ति वाहिनी प्रमुख बिंदु सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने राम की पैड़ी पर फूलों की होली खेल कर उत्सव मनाया। बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाओं ने ढोलक और मजीरे की धुन पर मधुर भजनों के साथ जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी पत्नी राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्षों के पश्चात प्रभु राम लला अपने जन्मस्थान पर विराजमान हुए है। इसी खुशी में हम बहनें रामलला के साथ होली खेल रहीं हैं। वहीं, संयोजक शक्ति वाहिनी प्रमुख बिंदु सिंह ने बताया कि रामलला अपने जन्मस्थान पर भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। 22 मार्च को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। वन्दना त्रिपाठी, पार्वती कौशल, दया मिश्रा, आंचल यादव, प्रभादेवी, अनीता सिंह, अंजू सिंह, कुमकुम दुबे, रंजना सागर, अनीता, पुष्पा आदि मौजूद रहीं।



राम की पैड़ी पर होली खेलती महिलाएं। अमृत विचार

# रेल संरक्षा आयुक्त ने प्लेटफॉर्म नंबर एक का किया उद्घाटन

## किया गया हवन पूजन, लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को अकबरपुर से जाफरगंज तक दोहरीकरण के तहत बने नए ट्रैक का भी हुआ लोकार्पण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** शुक्रवार को रेल संरक्षा आयुक्त दिनेश जायसवाल और डीआरएम आरके शर्मा समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी स्पेशल ट्रेन से अकबरपुर रेलवे स्टेशन आए। उन्होंने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्लेटफॉर्म नंबर एक का शुभारंभ किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म नंबर एक का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जल्द सुद्धढ़ करने के निर्देश दिए। इसके बाद वह अकबरपुर से जाफरगंज तक दोहरीकरण के तहत बने नए ट्रैक का भी हुआ लोकार्पण किए। रेल संरक्षा आयुक्त ने ट्रैक का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साथ में अकबरपुर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक विनोद कुमार भी मौजूद रहे। इसके बाद वह अपनी विशेष ट्रेन से नए ट्रैक का स्पीड ट्रायल भी किए।

बता दें कि लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को रेल सरंक्षा आयुक्त ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर अकबरपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक का शुभारंभ कर अकबरपुर से जाफरगंज तक दोहरीकरण के तहत बने नए ट्रैक का भी हुआ लोकार्पण किया। बता दें कि अकबरपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करीब एक किया जा रहा है। लंबे इंतजार के बाद 22 मार्च से प्लेटफॉर्म नंबर एक से ट्रेनें दौड़नी शुरू हो गई हैं। रेल संरक्षा आयुक्त प्लेटफॉर्म के साथ ही अकबरपुर से जाफरगंज तक दोहरीकरण के तहत बने नए ट्रैक का भी शुभारंभ किया है। अकबरपुर स्टेशन के जिस प्लेटफॉर्म एक का अस्तित्व लंबे समय से खत्म था उससे होकर अब फिर से ट्रेनें गुजरने लगेगी। करीब एक वर्ष पहले रेलवे ने पुराने प्लेटफॉर्म एक से ट्रेनों का आवागमन रोक दिया था। नई रेल लाइन बिछाने और नए प्लेटफॉर्म के निर्माण को लेकर यह निर्णय रेलवे ने लिया था। जिससे यात्रियों के सामने फुट ओवरब्रिज के जरिए रेल लाइन पार कर प्लेटफॉर्म दो और तीन तक जाने की मजबूरी बनी हुई थी। अब नया प्लेटफॉर्म से यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में भी आसानी होगी।



अकबरपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर हवन-पूजन करते रेल संरक्षा आयुक्त दिनेश जायसवाल, डीआरएम आरके शर्मा।

### आधी अधूरी तैयारी के बीच प्लेटफार्म का हुआ शुभारंभ

अकबरपुर रेलवे स्टेशन के प्लेट फॉर्म नंबर एक पर यात्रियों को सुविधा के नाम पर अभी कुछ भी मिलने वाला नहीं है। अकबरपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर अभी भी निमार्ण कार्य जारी है। वहीं यात्रियों के प्लेटफार्म नंबर एक पर पानी तक की भी सुविधा नहीं है। जगह-जगह बने गड्ढे और शौचालयों में गंदगी का अंबार जिम्मेदारों की अनदेखी को बंया कर रहा है।



अकबरपुर रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन कार्य।





ओवर ब्रिज के नीचे अधूरा पड़ा काम और नहीं है पानी की व्यवस्था।

### अधूरे कार्यों को जल्द कराया जाएगा दुरूस्त

अकबरपुर रेलवे स्टेशन के अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि प्लेटफॉर्म नंबर एक का शुभारंभ हो गया है। 22 मार्च को शाम 6 बजे से गाड़ियों का आवागम प्लेटफॉर्म नंबर एक से होगा। वहीं प्लेटफार्म एक पर जो भी कर्य अधूरे पड़े हुए हैं उन्हें जल्द ही दुरुस्त करवाया जाएगा।



12वां रोजा

शिया

सहरी : 04.38 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

सुन्नी

सहरी : 04. 36 बजे
इफ्तार : 06.16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# त्योहार पर जनपदवासियों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

## डीएम ने विद्युत विभाग के अफसरों को 27 तक निर्बाध आपूर्ति के दिए आदेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता विकास सिंघल ने बताया कि आगामी होली के त्योहार को देखते हुए पूरे जनपद में 24 घंटे की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है जो 27 मार्च तक की जाएगी।

शासन से यह भी आदेश प्राप्त हुआ है कि बिना किसी पूर्व सूचना दिए कनेक्शन न काटे जाए। आमजन को यदि विद्युत से किसी प्रकार की कोई समस्या, शिकायत है तो इसके लिए हेल्पलाइन नंबर, अधीक्षण अभियंता विद्युत और अधिशासी अभियंता विद्युत के नंबर आमजन की सुविधा के लिए जारी किया जा रहा है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें और किसी प्रकार की फाल्ट होने पर उसे तत्काल ठीक कराएं। यदि किसी कर्मचारी द्वारा अनाधिकृत रूप से धन की मांग की जाती है तो दिए गए नंबर पर तत्काल शिकायत दर्ज कराए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि त्योहारों के मद्देनजर विशेष चौकसी की आवश्यकता है और दिए गए दायित्वों को जिम्मेदारीपूर्ण निभाएं अन्यथा की दशा में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत विभाग द्वारा आम जनमानस को सचेत किया गया है कि वह होलिका दहन ट्रांसफार्मर के निकट और विद्युत तारों के नीचे न करें। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता विद्युत और संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी महत्वपूर्ण उपस्थित रहे।



बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

### विद्युत आपूर्ति की समस्या पर यहां पर करें फोन

| | |
|---|---|
| कंट्रोल रूम नंबर | 8808319231, 9415099672 |
| अधीक्षण अभियंता विद्युत मोबाइल नंबर | 9415901494, 8279984110 |
| अधिशासी अभियंता विद्युत अकबरपुर मोबाइल नंबर | 9415901485 |
| अधिशासी अभियंता विद्युत टांडा मोबाइल नंबर | 9453004805 |
| अभियंता विद्युत जलालपुर मोबाइल नंबर | 9415901499 |
| अधिशासी अभियंता विद्युत आलापुर मोबाइल नंबर | 9415099196 |

# कोर्ट ने दो हत्यारोपियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

जिला संवाददाता, अंबेकरनगर।

**दोनों आरोपियों पर कोर्ट ने लगाया 30-30 हजार रुपए का अर्थदंड**

**अमृत विचार।** जनपद के महरूआ थाना क्षेत्र में करीब दो वर्ष पहले हुए सचिन हत्याकांड के दोनों आरोपियों को अपर जिला जज द्वितीय अभिषेक श्रीवास्तव ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर 30-30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

बता दें कि 19 जनवरी 2021 को युवक सचिन उर्फ पुज्जू तिवारी की महरुआ थाना क्षेत्र के गोझ्था के निकट गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसमें पुलिस ने पांच लोगों को नामजद किया। पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने घटना के सिलसिले में जिन पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की उनमें से दो शूटर सुल्तानपुर जनपद के बलदीराय थाना अंतर्गत दावतपुर वल्लीपुर निवासी अविनाश सिंह और मऊ जनपद के रानीपुर थाना अंतर्गत बगली पिजड़ा निवासी राजन पासी भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार पूछताछ में पता चला था कि निवर्तमान प्रधान दिनेश श्रीवास्तव ने ही घटना को अंजाम दिलाया था। उसकी भी गिरफ्तारी पुलिस ने की थी। एडीजीसी दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि जनपद अपर जिला जज द्वितीय अभिषेक श्रीवास्तव ने दोनों शूटर को सीधे तौर पर घटना का दोषी पाया। दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अर्थदंड लगाया है।

## औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर पर मारा छापा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर आगामी त्योहार होली के दृष्टिगत नशीली और नकली औषधियों के रोकथाम के लिए जनपद के विभिन्न मेडिकल स्टोरों पर औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा औचक निरीक्षण व छापे की कार्यवाही की गई। जिसमे हायतगंज टांडा स्थित मेसर्स ललित मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेखों की जांच की गई। जांच में पाई गई कमियों के सुधार के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### एक नजर

## 24 को हो सकती है बसपा के प्रत्याशी की घोषणा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अंबेडकरनगर से रविवार को लोकसभा प्रत्याशी की घोषणा कर सकती हैं। बता दें कि 24 मार्च को जिला मुख्यालय के शाहजादपुर स्थित एक मैरिज लान में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मुख्य मंडल प्रभारी घनश्याम चंद्र खरवार होंगे। चर्चा है कि सम्मेलन के दौरान किछौछा निवासी कलाम शाह को अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र से बसपा का प्रत्याशी बनाया जा सकता है।

## अभियान चलाकर वाहनों की हुई चेकिंग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शुक्रवार को जलालपुर तहसील के मंगुराडीला चैराहे से रफीगंज को जाने वाले रोड पर उड़न दस्ता की टीम ने आने जाने वाले चार पहिया वाहनों को रोककर सघन चेकिंग अभियान चलाकर तलाशी लिया। उड़न दस्ता टीम ने चार पहिया वाहनों पर लगे राजनीतिक झंडा, पोस्टर आदि को हटाया। तलाशी अभियान के दौरान आने-जाने वालों में हड़कंप मचा रहा। उड़न दस्ता मजिस्ट्रेट ने बताया कि बगैर वैधानिक कागज के पचास हजार से अधिक रकम, अधिक भारी मात्रा में कपड़ा, मिठाई और अधिक रुपए निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित कर सकती हैं।

# पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद को पड़ा दिल का दौरा, लखनऊ रेफर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** पूर्व मंत्री और भाजपा नेता धर्मराज निषाद को अचानक दिल का दौरा पड़ने के कारण परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पूर्व मंत्री की हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ के राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट के लिए रेफर कर दिया है। बता दें कि पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद को बीते दिवस देर रात अचानक सीने में दर्द होना शुरू हुआ। जिसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले आए। जिला अस्पताल में डॉ. मनोज शुक्ला ने उनकी जांच की और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि पूर्व मंत्री धमराज निषाद को हार्ट की समस्या है।



एंबुलेंस से पूर्व मंत्री व भाजपा नेता धर्मराज निषाद को ले जाया गया लखनऊ।

## एसडीएम और सीओ ने भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का दिया भरोसा



फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराते उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह और साथ में सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह व क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में जलालपुर नगर क्षेत्र में सीआरपीएफ के बटालियन के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च जलालपुर कोतवाली क्षेत्र से निकलकर मालीपुर तिराहा, जमालपुर, वाजिदपुर, होते हुए उर्दू बाजार, उस्मापुर, नगपुर होते हुए पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को निडर होकर मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही एरिया डोमिनेशन भी किया। साथ ही संवेदनशील बूथों के मतदाताओं से मिलकर उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनके साथ है और वह निडर होकर अपने मताधिकारों का प्रयोग करें। इस दौरान क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार ने क्षेत्र के असामाजिक तत्वों को हिदायत देते हुए कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार का अपवाह फैलाने और कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह ने लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने व मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की लोगों से अपील की। इस मौके पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक सचिव कुमार मौर्या, दुर्गेश सिंह, रोहित सिंह सहित अन्य सुरक्षा कर्मी शामिल रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

### पूर्वोत्तर रेलवे

#### ई-निविदा सूचना

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-01,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "50-जीकेपी-एमडब्लूएस-2023-24-1" निविदा कार्य का विवरण: "ओवरहालिंग एंड टेस्टिंग ऑफ 6672 नंबर्स बीएमबीसी सिलिंडर इन मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 16,07,952/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 32,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 19-04-2024, 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 12 माह। **क्रम सं.-02,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "57-जीकेपी-एमडब्लूएस-2023-24" निविदा कार्य का विवरण: "डिसमेंटलींग, क्लीनिंग, रिपेयरिंग एण्ड रिफिटिंग ऑफ बायो-डाइजेस्टर टैक्स एंड हायरिंग ऑफ 03 नंबर्स फोर्कलिफ्ट फॉर ट्रांसपोर्टेसन ऑफ बायो-टैंक्स एट मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर" अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 2,47,08,960/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 2,73,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 22-04-2024, 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 24 माह।

• उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *https://www.ireps.gov.in* पर देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य, यांत्रिक**
मुजाधि/यॉंत्रिक–141 **कारखाना, गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### अमृत विचार क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनोज कुमार यादव पुत्र विजय कुमार, निवासी–549/213/1, बड़ा बरहा, थाना आलमबाग, लखनऊ** मैने अपने पुत्र सुमन यादव जोकि अपराधिक प्रवृत्ति का है एवं मेरे कहने–सुनने में नहीं है वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता रहता है, इसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे सैन्य सर्विस रिकार्ड में माता का नाम मुन्नी सिंह है व जन्मतिथि 01.07.1965 है जो गलत है इनका अन्य अभिलेखों में मुन्नी देवी व जन्मतिथि 01.01.1953 है जो सही है और पिता की जन्मतिथि 01.07.1958 है जबकि सही जन्मतिथि 01.01.1950 है। मेरे सैन्य अभिलेखों में यही दर्ज किया जाये। **प्रदीप कुमार सिंह पुत्र जगदीश सिंह, नि0 ग्रा0 सिसैया, पो0–पातुपुर, रानीपुर, बहराइच।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की गाटा संख्या 472 ग्राम मेला रायगंज तहसील सिरौलीगौसपुर बैनामा 1782/12 क्षेत्रफल 2496 वर्ग फुट मधुबाला पत्नी पवन कुमार का बैनामा खो गया है। जिस भाई को पता चले इस नंबर–9450191318 पर सूचित करें।
**निवेदक– मधुबाला पत्नी पवन कुमार**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम SHEIKH AJAZ AHMAD से बदलकर AJAZ AHMAD रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये।
AJAZ AHMAD S/O: SHABAN ALI R/O: 89/26, SHUTUR KHANA, MAQBOOLGANJ, LUCKNOW

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### प्रधानाध्यापिका की चेन चोरी, पुलिस को दी सूचना

**रुपईडीह, अमृत विचार:** कौड़िया के कंपोजिट विद्यालय बनगाँई द्वितीय की प्रधानाध्यापिका इंदुबाला सिंह कस्बा आर्यनगर से टेंपो पर सवार होकर कंपोजिट विद्यालय मंगल नगर मे होने वाली संकुल शिक्षकों की बैठक में भाग लेने के लिए जा रही थी तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उनके गले से सोने की चेन काट कर चुरा लिया। घटना की सूचना उन्होंने पुलिस चौकी आर्यनगर को दे दी है। चौकी प्रभारी प्रशांत गुप्त ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण कराए जाने की उठाई मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपरा चौबे के डुडवा गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी के घर से लोनियन पुरवा को जाने वाली सड़क पर पंचायत भवन के निकट पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है इससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि पुलिया का निर्माण कराये जाने के लिए क्षेत्र पंचायत की सदस्यों की ब्लॉक मुख्यालय पर हुई बैठक में प्रस्ताव दिया गया है।

### सरकारी भवनों के उच्चीकरण की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कमड़ावा में नवनिर्मित पंचायत सचिवालय, सामुदायिक शौचालय व राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय का उच्चीकरण आज तक नहीं किया गया है। इससे इन भवनों में बैठकर कार्य कर रहे कर्मियों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान नीलम दुबे ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से मिलकर इन भवनों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने की मांग की है।

### जिपंअ और सांसद ने किया गांवों का भ्रमण

**रुपईडीह, अमृत विचार:** सांसद बृजभूषण शरण सिंह तथा जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र के घर जाकर उनके परिजनों का हाल-चाल जाना। यहां पर देवानंद शुक्ल, शिवा शुक्ल, रिंकू तिवारी, सुनील मिश्र, अंकुर मिश्र, उमाशंकर शुक्ल, तारामल गुप्त, हरिशंकर मिश्र, सोनू गुप्त आदि लोगों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

### शिविर में किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**परसपुर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर के चिकित्सक डॉ रवींद्र नाथ द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के तहत कंपोजिट विद्यालय धनुही के परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर शिविर लगाकर शुक्रवार को 7 माह से तीन वर्ष व 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# होली पर अबीर, गुलाल और गुझिया ने बढ़ाई रौनक

गोंडा कार्यालय



चौक में सजी अबीर-गुलाल की दुकानें। अमृत विचार



चौक में मिठाई की दुकान पर बिक्री के लिए रखी गई गुझिया। अमृत विचार

**अमृत विचार:** होली के त्योहार को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। बाजारों में ग्राहक उमड़ रहे हैं और त्योहार की खरीददारी में जुटे हैं। बाजार में रंग,अबीर, गुलाल से लेकर पिचकारी और खिलौनों की भरमार है। मिठाइयों की विभिन्न वेरायटी भी लोगों को लुभा रही है। अबीर, गुलाल, रंग, पिचकारी और गुझिया ने बाजारों की रौनक बढ़ा दी है। बाजार में इस बार हर्बल रंग और गुलाल की मांग ज्यादा है। बाजार में योगी-मोदी व बुलडोजर की पिचकारी की खूब डिमांड है।

बाजारों में होली त्योहार की रौनक दिखने लगी है। दुकानों पर देर रात तक ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। रंग बिरंगी पिचकारियों व रंग की दुकानें गुलजार हो गई है। बच्चों ने होली से संबंधित खरीदारी शुरु कर दी है। बाजार में 10 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक की पिचकारी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। इन पिचकारियों में परंपरागत पिचकारियों के अलावा बंदूक, माडल, योगी-मोदी व बुल्डोजर की पिचकारियां शामिल हैं। बाजार में हर्बल रंगों की मांग तेजी से बढ़ रही है। हालांकि इन हर्बल रंगों की कीमत केमिकल युक्त रंगों से काफी ज्यादा है लेकिन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लोग हर्बल रंग ही खरीदते नजर आ रहे है। अबीर, गुलाल की कई किस्म बाजार में मौजूद है। कपड़ों व खाद्य सामग्री की दुकानों पर भी त्योहार की खरीदारी में तेजी आई है। मिठाई की दुकानों पर सर्वाधिक बिकने वाली गुझिया की कई वेरायटी उपलब्ध है। इनमें चाशनी वाली गुझिया से लेकर चॉकलेट फ्लेवर तक की गुझिया बिक्री के लिए मौजूद है। देशी घी से बनी गुझिया एक हजार रुपये प्रति किलो बिक रही है। जबकि चाशनी वाली गुझिया तीन सौ रुपये से लेकर आठ सौ रुपये तक बिक रहा है।

# बाढ़ क्षेत्र में नाव चलाने वाले भुगतान को लगा रहे चक्कर

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** बाढ़ क्षेत्र में नाव का संचालन कराने वाला युवक नाव का किराया व दैनिक मजदूरी के लिए अधिकारियों का चक्कर लगा रहा है।

तहसील करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम नक़हरा निवासी प्रदीप कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा है की वर्ष 2023-24 में उसे बाढ़ ग्रस्त गांवों में नाव का संचालन कराने के लिए तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने 15 सितंबर 2023 को दूरभाष के माध्यम से बाढ़ ग्रस्त गांवो में नाव का संचालन कराने का निर्देश दिया था। जिस पर प्रतिवर्ष की भांति ग्राम कचनापुर, मुंडेरवा, बसेहिया, चंद्रभानपुर, पाल्हापुर, काशीपुर, प्रतापपुर, रामवापुर घरकुइयां, नकार व नैनुआ जगन्नाथपुर में हल्का लेखपालों के निर्देशन व देखरेख में 27 नाव का कुल 802 दिवस का संचालन कराया था। जिस पर हल्का लेखपाल, आरआई व नायब तहसीलदार ने मास्टर रोल प्रमाणित कर दिया। मगर नाव का किराया व नाव चलाने वाले श्रमिकों की दैनिक मजदूरी अभी तक भुगतान नहीं की गई है। पीड़ित के अनुसार लेखपालों ने उसे बताया कि मास्टर रोल बनाकर आपदा कार्यालय में जमा किया जा चुका है। एसडीएम भारत भार्गव ने बताया कि जांच कराकर भुगतान कराया जाएगा।

# पालिका में शिकायतकर्ता व कर्मचारियों के बीच मारपीट

## पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि का शिकायतकर्ता पर अभद्रता का आरोप



पालिका दफ्तर में तोड़-फोड़ के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार



घटना के बाद कोतवाली में मौजूद लोग। अमृत विचार

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** करनैलगंज का नगरपालिका परिषद का दफ्तर शुक्रवार को अखाड़ा बन गया। शिकायत लेकर आए एक शख्स और पालिका कर्मियों के बीच जमकर मारपीट हुई।

आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पालिका दफ्तर में तोड़फोड़ की और अभिलेख फाड़ दिए, जबकि शिकायतकर्ता का कहना है कि कर्मचारियों ने उसकी जाति को लेकर उसपर अपमानजनक टिप्पणी की और उसके साथ मारपीट की। मामले में नगर पालिका परिषद मके पाउंड कीपर की तरफ से शिकायतकर्ता के खिलाफ तोड़फोड़ करने, अभिलेख को क्षति पहुंचाने तथा अधिशासी अधिकारी व पालिकाध्यक्ष के पति समेत कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी गई है।

दूसरे पक्ष से भी शिकायत करने पर पालिका कर्मियों व चेयरमैन पति के विरुद्ध अभद्रता व मारपीट करने की तहरीर दी है। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

नगर पालिका में कार्यरत पाउंड कीपर शिव कुमार ने कोतवाली में दिए तहरीर में कहा कि शुक्रवार को सुरेन्द्र सिंह पुत्र रवेल सिंह निवासी मोहल्ला गांधी नगर चार अन्य अज्ञात के साथ नगर पालिका पहुंचे और डाक रिसीव करने वाले संबंधित कर्मचारी राजकुमार से डाक लेने को कहा, उस पर राजकुमार ने कहा कि साहब उपलब्ध हैं, उनको दिखा दीजिए। इस पर अधिशासी अधिकारी एवं नगर पालिका के कर्मचारियों को गाली देने लगे और सरकारी अभिलेख को फाड़ने लगे। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो उसे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे और मारपीट पर अमादा हो गए और अध्यक्ष के कक्ष की तरफ भागे, अन्दर पहुँचकर अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजी लाल व कर्मचारियों को भद्दी-भद्दी गाली देते हुए वहां दरवाजा आदि को डण्डे से तोड़ने लगे।

कर्मचारियों के दौड़ने पर चार लोग भाग गए, लेकिन गेट बन्द करके सुरेन्द्र सिंह छाबडा को पकड़ लिया जिस पर सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा फौजदारी पर अमादा हो गए और सभी कर्मचारियों के साथ हाथापाई करने लगे। उधर दूसरे पक्ष से गांधी नगर निवासी सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि वह शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय गया था। जहां उसकी पगड़ी को अशीष सिंह क्लर्क व दिलीप कुमार गुप्ता, सत्यप्रकाश तिवारी, कन्हैया सोनी आदि लोगों ने उजाड़ दी, बाल पकड़ कर खींचा और अभ्रदता करते भद्दी-भददी गालियाँ दी। घटना की सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी भारत भार्गव ने पुलिस को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। कोतवाल निर्भय सिंह का कहना है कि मामला उच्चधिकारीयों के संज्ञान में है। तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भूल कर सारे भेदभाव, करो रंगों से प्यार

## साहित्य विकास मंच के तत्वावधान में आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने पढ़ीं रचनाएं

गोंडा कार्यालय



काव्य गोष्ठी में मौजूद रचनाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** साहित्य विकास मंच के तत्वावधान में साहित्यकार डॉ. सूर्य पाल सिंह की अध्यक्षता में नंद किशोर पाण्डेय मधुकर के आवास पर काव्य गोष्ठी आयोजित की गयी। संचालन अवधेश कुमार सिंह अवधेश ने किया। काव्य गोष्ठी का सरस्वती वंदना से किया गया। प्रकाश चन्द्र अग्निवेष ने फगुनहट बयार के साथ कहा कि होली आयी सजन, तुम कहां हो मगन,फाग खेलें करो कोई ऐसा जतन, विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि, फाग केर आग देख, आम तक बौराय जात, मनई कै बात भैय्या और ही निराली है। राजेश ओझा मोकलपुरी ने व्यंग्य की रचना में कहा कि, नहर बनाने के लिए था गंगा पर शोध, नाली लेकर आ गये, गंगा राम अबोध। रचनाकार अरविन्द पाण्डेय ने बेटियों पर रचना सुनाते हुए कहा कि, नमन भले ही न हो बेटी, लेकिन उसका काजल है। सात समन्दर नहीं है फिर भी यह पवित्र गंगाजल है। बोझ लादकर इस सृष्टि को जो ढोती है,सेती है। उसको कहती बोझ ये दुनिया, दुनिया कितनी पागल है। वरिष्ठ कवि अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि, ढूँढय कटारी अटारी, दलानी, फगुनवा में भौजी बौरानी। कवियत्री ज्योतिमा शुक्ला रश्मि ने पढ़ा कि, लाल गुलाबी नीले पीले लाई रंग हजार, भूल के सारे भेदभाव को करो रंगों से प्यार जोगीरा सारा रा रा। डाक अधीक्षक एवं वरिष्ठ कवियित्री किरण सिंह ने कहा कि जीवन के इस अंतिम क्षण में एक राधा निष्प्राण, जोहती अपने कान्हा की बाट। पुनीता मिश्रा ने कहा कि, आरक्षण की मांग करने वालों हमें बताओ क्या वाकई जरुरत है। वरिष्ठ कवियित्री शैल बाला सिंह शैल ने पढ़ा कि,उफक पर उमड़ी दरिया देखकर हैरान मत होना,फकत दो नैन बरसे हैं जो सारी रैन वरसे हैं।



प्रदर्शन करते आप के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। अमृत विचार

### आप ने गिरफ्तारी के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

**गोंडा कार्यालय :** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए विरोध किया। आम आदमी पार्टी के जिला महासचिव संजय कुमार पाठक ने कहा कि भाजपा सरकारी एजेंसी के माध्यम से परेशान कर रही है जितना भारतीय जनता पार्टी ने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया उतना किसी ने नहीं किया है। जिला सह प्रभारी वकील अहमद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार आम आदमी पार्टी व इंडिया गठबंधन के डर से बौखला कर विपक्षी पार्टियों के बैंक खाते को फ्रीज कर रही है ,और बड़े नेताओं को फर्जी घोटाले में फंसा कर गिरफ्तार करवा रही है। प्रदेश सचिव दिग्गज पांडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार को जनता जवाब देगी। इस दौरान शिवम सिंह, किशोर चंद्र भारती, महेश नारायण तिवारी, डॉक्टर आरके सिंह, अमरीश श्रीवास्तव, अब्दुल सलाम, राजू वाल्मीकि, आनंद सिंह, पवन पांडे, जानकीलाल, कलाम अंसारी, राममूर्ति सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बरसों बाद फिर दिखेगा नाला, सिल्ट सफाई में जुटी टीम



**गोंडा कार्यालय :** एलबीएस चौराहे से गुरुनानक चौक के बीच नाला गायब हो चुका था। लोगों की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए पालिका टीम ने इसकी खोज खबर ली है। नाले मे जमा सिल्ट और कचरा बाहर निकालने की कवायद शुरू है। स्टेशन रोड पर अम्बेडकर चौराहे से लेकर जयनारायण चौराहे तक नाला दुर्दशा का शिकार है। कई जगह ऐसा है कि शुरू होते होते अचानक नाला खत्म हो जाता है। कुछ ऐसा ही हाल एलबीएस चौराहे से गुरुनानक चौक के बीच का भी है। कुछ लोगों की शिकायत पर नगरपालिका चेती है। सफाई निरीक्षक संदीप तिवारी के नेतृत्व मे टीम लगाई गई है। एक बड़ी और एक छोटी जेसीबी लगाई गई है। अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि शनिवार तक हर हाल मे एलबीएस चौराहे से गुरुनानक चौक के बीच नाला दुरुस्त दिखाई देने लगेगा।

### लोक निर्माण विभाग की सड़क से अतिक्रमण हटवाया

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत निबिहा परसपुर में लोक निर्माण विभाग की सड़क से सही राम के चक को जाने वाले मार्ग पर से अवैध कब्जा राजस्व व पुलिस कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर हटवा दिया गया है। दो सप्ताह पहले उक्त मार्ग पर से गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग उप जिलाधिकारी सदर से की गई थी। इस शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर ने नायब तहसीलदार की अगुवाई मे राजस्व कर्मियों की टीम गठित कर अवैध कब्ज़ा हटाए जाने का निर्देश दिया था। प्रधान प्रतिनिधि शिवनाथ तिवारी ने बताया कि टीम द्वारा पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में मार्ग पर से अवैध कब्जा हटवा दिया गया है। इससे शिकायतकर्ताओं को अपने खेतों तक गमनागमन के लिए राहत मिल गई है।

### पेट्रोल पंप का सेल्समैन 36 हजार रुपये लेकर फरार

**परसपुर, अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के चिन्ता मिश्र पुरवा गांव स्थित पेट्रोल पम्प का सेल्समैन कैश काउंटर से 36328 रुपया निकाल कर फरार हो गया। मामले में पंप मालिक ने सेल्समैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। करनैलगंज थाना क्षेत्र के फत्तेपुर कोटहना निवासी सूरज सिंह परसपुर थाना क्षेत्र के चिन्ता मिश्र पुरवा गांव स्थित रामेन्ट फ्यूल पम्प सेल्समैन था। बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे पम्प की आलमारी में रखा कैश 36328 रूपये तथा दो पैंन्ट शर्ट उठाकर पेट्रोल पम्प खुला छोड़ कर फरार हो गया गया। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी।

### जिला अस्पताल में दिखी संवेदनहीनता, एक का वेतन रोका

**गोंडा कार्यालय :** बाबू ईश्वरशरण जिला अस्पताल मे स्टाफ के इंतजार मे एक शव कई घंटों तक बेड पर पड़ा रहा। मृतक के हाथ मे लगे वीगो को निकलवाने के लिए परिजन इधर उधर भटकते रहे लेकिन कोई नहीं पसीजा। मामले मे एक स्टाफ़ नर्स पर कार्रवाई की गई है। उमरीबेगमगंज क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी 65 वर्षीय अनिरुद्ध को फालिज की शिकायत थी जिसके लिए उन्हें दो दिन पहले जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने के चलते शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई थी। शव ले जाने से पहले उसके हाथ मे लगे वीगो को निकलवाने में परिजनों को दो घंटे की मशक्कत करनी पड़ गई। एक अदद स्टाफ नर्स के इंतजार मे लाश दो घंटे डेंगू वार्ड के बेड नंबर 5 पर पडी रही। परिजनों ने हंगामा शुरू किया तब जाकर मेडिकल स्टाफ़ होश मे आया।

# 55 बच्चों को दी गई शिक्षा किट

संवाददाता, परसपुर



महोत्सव में लगे स्टॉल को देखते बीईओ व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** परसपुर ब्लाक संसाधन केंद्र पर शुक्रवार को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉ अनूप सिंह चौहान, प्रभारी बाल विकास परियोजना तृप्ति पांडेय व खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

बीईओ ने बताया कि प्रत्येक न्याय पंचायत से 2 प्री प्राइमरी व 3 प्राइमरी (कक्षा 1,2 व 3) से 11 न्याय पंचायतों से 55 निपुण बच्चों को शिक्षा किट देकर पुरस्कृत किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय परसपुर के बच्चों ने मनमोहक सरस्वती वंदना व गीत प्रस्तुत किया। एआरपी बृजेश सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा तथा एआरपी जय प्रकाश यादव ने हमारा आंगन हमारे बच्चे के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। बीईओ सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक के छात्र नोडल अध्यापक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के सम्मिलित प्रयास से ही बच्चे निपुण लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। मुख्य अतिथि ने प्रत्येक न्याय पंचायतवार शिक्षकों व बच्चों के लगाए के टीएलएम स्टाल का अवलोकन किया। इस अवसर पर अशोक कुमार पांडेय, संतोष पांडेय, इंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# करंट से कंटेनर में लगी आग

संवाददाता, करनैलगंज



कंटेनर में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेडकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित श्रीराम फिलिंग स्टेशन के निकट उस समय अफरा तफरी मच गई जब करनैलगंज से लखनऊ की ओर जा रहा गत्ते से भरा एक कंटेनर पेट्रोल पंप जाने वाली हाईटेंशन की लाइन से छू गया। कंटेनर के लाइन से छूते ही उसमें आग लग गई। चालक किसी प्रकार अपनी जान बचाकर भागा। मौके पर पहुंचे फायर टेंडर के जवानों ने आग पर काबू पाया। घटना शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे की है। राजस्थान निवासी कंटेनर चालक अनिल अपने कंटेनर में गत्ता भरकर काशीपुर उत्तराचंल जा रहा था। वह करनैलगंज से आगे श्रीराम फिलिंग स्टेशन पहुंचा ही था, कि उसका कंटेनर पेट्रोल पंप की हाईटेंशन लाइन से छू गया। बिजली की चपेट में आने से कंटेनर में आग लग गयी और उसके टायर जलने लगे। टायर से धुंआ निकलता देख ड्राइवर अनिल ट्रक से नीचे कूद गया और अपनी जान बचाई। इसके बाद वह मदद की गुहार लगाने लगा। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस व फायर विभाग को घटना की सूचना दी। फायर विभाग के इंस्पेक्टर नित्यानंद यादव की अगुवाई में विरेन्द्र यादव, रविशंकर गौड़, आलोक यादव, रघुनाथ चौधरी व अभिषेक की टीम मौके पर पहुंची और बिजली सप्लाई बंद करवाकर आग बुझा दी।

जागरूकता | डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक, 28 तक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

# सबने यह ठाना है, संचारी रोग भगाना है...

गोंडा कार्यालय




**अमृत विचार:** शुक्रवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों से संबंधित बैठक कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को 28 मार्च तक कार्ययोजना बनाकर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं स्थाई उपचार के लिए जनपद में एक अप्रैल से 9 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान की शुरुआत होनी है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता एवं संचारी रोगों व सभी को अपने आसपास साफ-सफाई पर ध्यान रखने, बच्चा बुखार से पीड़ित होता है तो तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाये। उन्होंने ने बताया है कि सभी संचारी रोगों जैसे - डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया, दिमागी बुखार, कालाजार व टीबी आदि पर एक साथ प्रहार कर इन रोगों को समुदाय से ही नहीं अपितु जनपद, प्रदेश और देश से दूर भगाना है। अभियान के दौरान टीमें गांवों में घर-घर जाकर लोगों को बीमारियों से बचने के प्रति जागरूक करेंगे। नगर पालिका, नगर पंचायत, गांव और शहरों में लोगों को जागरूक करेंगे। पानी इकट्ठा है, तो उसकी निकासी कराएं, नालियों में जल बहाव को अवरोधित ना होने देना, रुके हुए पानी के गड्ढों में सप्ताहिक एंटी लारवा, डीजल व मिट्टी के तेल का छिड़काव आदि ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति द्वारा जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा जनमानस में बीमारी से बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी के प्रयोग करने के लिए प्रचार-प्रसार किये जाने पर जोर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को दिमागी बुखार, डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया, कालाजार, चिकनगुनिया व टीबी जैसे संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा, एसीएमओ डा आदित्य वर्मा, डाक्टर आरपी सिंह, यूनिसेफ से डॉक्टर शेषनाथ सिंह सहित विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोर्ट के आदेश पर दंपति समेत चार पर मुकदमा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रीवां गांव निवासिनी राजमति ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि प्रार्थनी मजदूरी पेशा महिला है। और पति बाहर मज़दूरी करते है।विपक्षी आम रास्ते से होकर जाने नहीं देते। बीते बुधवार को शाम आम रास्ते से होकर जा रही थी। विपक्षी सुरेश पुत्र खेलावन,मंजू पुत्री सुरेश, पिंटू पुत्र राम रुप,रीता पत्नी पिंटू रास्ता रोकने लगे विरोध करने पर लाठी डंडे लेकर दौड़ा लिया गया। किसी तरह भागकर अपने घर में घुस गई और विपक्षी जबरन घर में घुसकर गाली देने लगे और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे महिला और बच्चों के रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव और आस-पास के लोग दौड़कर आये तथा को डांटते हुए बीच बचाव कराया गया। लेकिन तब तक विपक्षी ने घर में रखा सामान बर्तन, चारपाई आदि तोड़ दिया गया। जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित महिला ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दो महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


RAVI CHILDREN'S ACADEMY

Situation Vacant

Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
| --- | --- | --- |
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

## एक नजर

### बंधक भूमि बैंक के पक्ष में करने का दिया आदेश

मनकापुर, अमृत विचार : बैंक से कर्ज लेने के बाद कर्ज न जमा करने वालों के खिलाफ डीएम नेहा शर्मा ने कड़ा रूख अखित्यार करते हुए कर्ज के बदले बंधक रखी गयी भूमि बैंक के पक्ष में देने को आदेश जारी किया है। मामला तहसील मनकापुर के गांव बनकटवा, परगना बभनीपायर से जुडा है। आरोप है कि काश्तकार स्वर्गीय इन्दीवर तिवारी पुत्र स्वर्गीय सुभाष चन्द्र तिवारी निवासी ग्राम साबरपुर ने इलाहाबाद बैंक (इन्डियन बैंक) से लाखों रूपये का कर्ज लिया था। जिसके बदले 2.61 एकड भूमि बैंक के पक्ष में बंधक थी। सरफेसी अधिनियम के तहत इन्डियन बैंक बनाम विवेक तिवारी में डीएम ने निर्णय सुनाते हुए सरफेसी अधिनियम की धारा -14 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए बंधक भूमि को कब्जे में लेने का आदेश जारी किया है।

# वोटिंग को आंगनबाड़ी दीदी बांटेंगी मनुहार पाती, घर-घर जाएंगे चौकीदार

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयार किया कार्यक्रम, एक अप्रैल से 15 मई तक चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

गोंडा कार्यालय



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने डेढ़ महीने का मैराथन कार्यक्रम तैयार किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन वोटरों से मनुहार करेगा। आंगनबाड़ी दीदी घर घर जाकर मनुहार पाती बांटेंगी और वोटरों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगी। गांव के चौकीदार भी घर घर दस्तक देंगे। जिला प्रशासन एक अप्रैल से 15 मई तक मतदाता जागरूकता को लेकर अभियान चलाया जाएगा और विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी ने बैठक की और अल पूरे अभियान की रूपरेखा तैयार की।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने स्वीप कार्य योजना पर अधिकारियों के बीच चर्चा की। उन्होंने स्वीप कैलेंडर के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि जिले में एक अप्रैल से 15 मई तक विभिन्न रोचक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक कर पोलिंग बूथ तक पहुंचाया का प्रयास किया जायेगा। इस कार्यक्रम की शुरुआत 30 मार्च को जनपद स्तर पर स्वीप मैराथन के जरिए की जाएगी। इस पैदल दौड़ में हजारों की संख्या में लोगों के द्वारा दौड़ लगाकर जनपद वासियों का मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। वहीं एक अप्रैल से 15 मई तक निरंतर अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अभियान में ईएलसी की कार्यशाला, मतदाता जागरूकता चौपाल, चुनावी पाठशाला, चौकीदार की दस्तक, हस्ताक्षर अभियान, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व युवक मंगल दल द्वारा घर घर जाकर मतदाता जागरूकता, दूध और बेकरी के उत्पादों पर मतदान संदेश को प्रकाशन आदि कई अभियान चलाये जायेंगे। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य दिवस, पंचायती राज दिवस, श्रमिक दिवस व अन्य विशिष्ट दिवसों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

डीएम ने कहा कि जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत 50% से कम रहा है वहां पर विशेष अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक किया जाए। स्वीप कैलेंडर के तहत सभी गतिविधियां समाप्त हो जाने के बाद स्वीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य राजस्व अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### इनकोर सॉफ्टवेयर के माध्यम से मिलेगी अनुमति

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा करने के बाद जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से अधिसूचना जारी होने के पूर्व तक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा ऑनलाइन व ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों को इनकोर सॉफ्टवेयर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की अनुमति देने के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी गोंडा को नामित किया गया है।

# कटरा बाजार और इटियाथोक में अर्ध सैनिक बलों ने किया रूट मार्च

## लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनता में शांति और सुरक्षा का दिया आश्वासन



कटरा बाजार में जवानों के साथ रूट मार्च करते प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता।



इटियाथोक में वाहनों की जांच करती एफएसटी की टीम। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के लिए शुक्रवार को थाना कटराबाजार व इटियाथोक की पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों ने रूट मार्च किया और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में शुक्रवार को थाना कटराबाजार व थाना इटियाथोक की पुलिस ने आगामी त्योहारों होलिका दहन, होली, गुडफ्राइडे, चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, प्रचलित रमजान माह व लोकसभा सामान्य चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के लिए सीआईएसएफ व एसएसबी के जवानों के साथ थानों के विभिन्न गांवों, मोहल्लों व कस्बों में रूट मार्च किया।

रूट मार्च के दौरान आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने, अवांछनीय व आपराधिक प्रकृति के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने हेतु एरिया डॉमिनेशन किया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनाव में बढ-चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

**जनप्रतिनिधियों के चित्र को ढंकाः गोंडा कार्यालय :** वजीरगंज थाने की पुलिस ने लोकसभा चुनाव में लगी आचार संहिता के अनुपालन में प्रशासन ने क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर लगे स्मारक द्वारों पर अंकित प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व जनप्रतिनिधियों के चित्रों को ढक दिया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह की अगुवाई में पुलिस व राजस्व कर्मियों ने महर्षि पतंजलि स्मृति द्वार समेत एक दर्जन से अधिक द्वारों की पट्टिकाओं पर बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्थानीय सांसद बृजभूषण शरण सिंह व कीर्तिवर्धन सिंह तथा विधायक प्रेमनारायण पांडेय व रमापति शास्त्री के चित्रों को पॉलीथिन स्टीकर से ढंक दिया गया। वहीं क्षेत्र में लगी होर्डिंगों को भी हंटा दिया गया है।

### फ्लैग मार्च कर मतदान स्थलों का किया निरीक्षण

होली, रमजान तथा लोकसभा चुनाव को भयमुक्त सम्पन्न कराने को लेकर अर्धसैनिक बलों के साथ नवाबगंज पुलिस ने कस्बे में फ्लैग-मार्च किया। प्रभारी निरीक्षक ने अर्धसैनिक बलों के तुलसीपुर माझा सहित अतिसंवेदनशील गांव में फ्लैग-मार्च कर मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत तथा निष्पक्ष मतदान करने के कहा। इस मौके पर राधेश्याम यादव, संजीव सिंह, दूधनाथ चतुर्वेदी, जयनाथ यादव, शेषनाथ पांडेय, रविन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### वाहनों की हुई जांच

**इटियाथोक :** चुनाव आचार संहिता के चलते एफएसटी मेहनौन की टीम ने शुक्रवार को इटियाथोक बाजार में वाहनों की विशेष चेकिंग की। डॉक्टर सुरेश कुमार तिवारी उपप्रमुख चिकित्सा अधिकारी एफएसटी टीम ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के चलते गाड़ियों की विशेष चेकिंग की जा रही है। एफएसटी उपनिरीक्षक अमित यादव, दीपक, पंकज कुमार राय, राकेश कुमार सिंह शामिल रहे।

## टुल्लू पंप में करंट से युवक की मौत

**गोंडा कार्यालय :** वजीरगंज थानाक्षेत्र के भीखमपुर के नाऊ पुरवा में शुक्रवार दोपहर को नल में लगे टुल्लू पंम्प में उतर रहे करंट की चपेट में आकर सगीर अहमद उर्फ भगनू पुत्र पीर मोहम्मद उम्र 35 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक के पिता पीरमोहम्मद ने बताया मृतक नल पर हाथ धोने गया था नल में ही टुल्लू पम्प बंधा हुवा था जिससे नल में भी करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आकर वो अचेत हो कर गिर गया जिससे तुरंत सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि वैधानिक कार्यवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# लापता किशोर का अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है पुलिस

- **पीड़ित मां थाने का चक्कर लगाने को है मजबूर**

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** जिले के सिविल लाइन पुलिस चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत हाउसिंग कालोनी निवासी सोलह वर्षीय एक किशोर के बीते नौ मार्च को लापता हो जाने के संबंध में थाने में दर्ज करायी गई गुमशुदगी के बावजूद पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है,जिससे पीड़ित माँ काफी हैरान व परेशान होकर अपने पुत्र की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर लगाने पर मजबूर है।



यश कुमार। अमृत विचार

पीड़ित महिला किसमती पत्नी नागेन्द्र प्रसाद निवासिनी हाउसिंग कालोनी, मकान नम्बर 16, सिविल लाइन पुलिस चौकी के बगल जनपद ने बताया कि उसके पति नागेन्द्र प्रसाद आयुक्त आवास गोरखपुर में कार्यरत हैं। महिला घर पर अकेले ही निवास करती है। उसका पुत्र यश कुमार आयु लगभग 16 वर्ष जो 9 तारीख को सायं 7 बजे कालोनी से निकला था और कहीं गायब हो गया है। कई जगह पर उसने पता किया लेकिन कही भी नहीं मिला।पीड़ित महिला के मुताबिक जो व्यक्ति उसके पुत्र को ले गया है उसकी फोटो उसके मोबाइल में है,लेकिन उसका नाम व पता नही मालूम है। महिला का कहना है कि उक्त घटना की रिपोर्ट थाने पर दर्ज करायी गई लेकिन थाने द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे वह काफी हैरान व परेशान होकर अपने पुत्र की बरामदगी के लिए थाने के चक्कर लगा रही है।

# तालाब की भूमि कराई गई कब्जा मुक्त

## ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

संवाददाता, बभनजोत

**अमृत विचारः** ग्राम समाज व तालाब की भूमि हो रहे अवैध कब्जे के मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि को कराया कब्जा मुक्त।



बभनजोत में कब्जा हटवाती पुलिस व राजस्व विभाग की टीम। अमृत विचार

शुक्रवार को विकासखंड बभनजोत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैजपुर में प्राचीन शिव मंदिर के बगल 290 घाटा संख्या की भूमि ग्राम समाज व तालाब के नाम से दर्ज हैं जिस पर बस्ती व सिद्धार्थनगर के भू माफिया अवैध कब्जा कर प्लाटिंग का कार्य कर रहे थे जिसकी सूचना ग्रामीणों ने प्रशासन को दिया था। उपजिलाधिकारी मनकापुर के द्वारा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक खोड़ारे राज किशोर श्रीवास्तव, साधु शरण लेखपाल, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव लेखपाल, अजय सांगवा लेखपाल, राजेंद्र यादव लेखपाल, विष्णु यादव क्षेत्रीय लेखपाल की टीम गठित कर जांच के आदेश दिए थे नायब तहसीलदार अनु सिंह की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की टीम द्वारा पैमाइश की गई उक्त भूमि ग्राम समाज व तालाब की भूमि निकला जिसको राजस्व विभाग की टीम व खोड़ारे पुलिस ने अवैध कब्जे को जेसीबी के माध्यम से सीमांकन करवा कर मुक्त कराया। इस संबंध में नायब तहसीलदार अनु सिंह ने बताया कि गाटा संख्या 290 में 6.5 एकड़ ग्राम समाज व तालाब की जमीन थी जिसे सीमांकन कर कर अलग कर दिया गया है। मौके पर कोई आया नहीं था अवैध कब्जे की शिकायत पर टीम गठित की गई थी भूमि को अपने कब्जे में ले लिया गया है रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा उनके निर्देश पर कार्रवाई की जाएगी। वही ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि पर कब्जा करने में महंत अंकुर भारती का हाथ है उन्हीं के शाह पर यह कब्जा किया जा रहा था।

# इलेक्ट्रोरल बांड चुनावी चंदे की सबसे भ्रष्ट योजना : प्रमोद

गोंडा कार्यालय




कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बीजेपी सरकार की अधिसूचित इलेक्ट्रोल बॉन्ड योजना आजाद भारत में चुनावी चंदे की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। उक्त बातें कांग्रेस भवन में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ द्वारा एक मत से इसे असंवैधानिक करार देते हुए रोक लगाने के साथ ही सारा ब्योरा सार्वजनिक करने का आदेश देना साबित करता है गलत हो रहा है। इंजीनियरिंग एंड इंफ्रा ने अप्रैल 2023 में 140 करोड के बांड के बदले 14400 करोड की ठाणे बोरीबली टनल प्रोजेक्ट मिलना बहुत कुछ कह रहा है। सरकार द्वारा प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रीज कर जिस तरह से चुनाव को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है। वह निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक मोदी सरकार द्वारा लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरपयोग और उन्हें प्रभावित करने के प्रयास का विरोध करती रहेगी। प्रेसवार्ता में शिवकुमार दुबे, विनय त्रिपाठी, रमन, अरविंद शुक्ला, अंकुर मिश्रा आदि रहे।

# मारपीट के मामले में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुलसीपुर मांझा गांव के मजरे रामप्रसाद पुरवा निवासी रुक्मिणी ने थाने पर दी गई कहा है कि बीते वृहस्पतिवार को सुबह विपक्षी आनन्त राम पुत्र गोगे और रमेश पुत्र आनन्त राम उसके घर में लगे दरवाजे को उखाड़ कर फेंक रहे थे।मना करने पर गाली देने लगे और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे जिससे काफी चोंटे आई। त व अनीता,झिनका, प्रदीप,जयपाल को भी बीच बचाव कराते समय मारे पीटे तथा जान से मार डालने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि पीड़ित महिला के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**पारिवारिक विवाद में मारपीटः** वजीरगंज थानाक्षेत्र के चंदहा के चाईपुरवा में गुरुवार शाम को पारिवारिक विवाद में जेठ जेठानी ने देवरानी की पिटाई कर दी। पीड़िता पूनम पत्नी राजेन्द्र निषाद ने केस दर्ज कराया है कि उसके पति रोजीरोटी के सिलसिले में बाहर रहते हैं। पारिवारिक विवाद में उसके जेठ प्रभुनाथ उर्फ राकेश निषाद व उनकी पत्नी करिश्मा ने भद्दी भद्दी गाली देकर लाठी डंडे से पिटाई की तथा जान से मारने की धमकी दी।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने दिया समस्या निस्तारण का भरोसा

संवाददाता, मनकापुर



ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी व शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मनकापुर शिक्षा क्षेत्र में नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर चुके ध्रुव प्रसाद जायसवाल से यूटा की ब्लाक इकाई-मनकापुर ने शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट की।

यूटा-मनकापुर के ब्लाक अध्यक्ष विनय मिश्रा की अगुवाई में ब्लाक पदाधिकारियों व कार्यसमिति के सदस्यों ने खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। बीईओ से मुलाकात के दौरान शिक्षकों ने एसएमसी खातों में प्रेषित की जा रही धनराशि का मदवार विवरण उपलब्ध कराने, बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंधन द्वारा शीघ्रतापूर्वक पीपीए का भुगतान कराने, कन्वर्जन कास्ट व फल की धनराशि का अलग-अलग माहवार विवरण उपलब्ध कराने पर बीईओ का ध्यान आकृष्ट कराया गया। बीआरसी पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके शिक्षकों को मिलने वाली प्रशिक्षण संबंधी धनराशि के प्रेषण में आ रही वेंडर की तकनीकी समस्या को भी प्रस्तुत किया गया। बीईओ ने शिक्षकों को समस्याओं का समाधान कराये जाने का भरोसा दिया है।

# 12 वैकल्पिक दस्तावेजों से भी करें मतदान

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचारः** चुनाव में मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसे लेकर चुनाव आयोग ने कुछ दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार यदि मतदाता के पास निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं है लेकिन मतदाता सूची में उसका नाम है तो वह वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेगा। जनपद में 20 मई को लोकसभा चुनाव होने हैं। इस दौरान मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी परेशानी के कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग ने कुछ दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार यदि किसी वोटर का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, लेकिन उसके पास किसी वजह से निर्वाचक फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर मताधिकार का उपयोग कर सकेगा।

अपनी पहचान दिखाने के लिए इन 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र, भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी।

**निर्वाचन संबंधी शिकायत के लिए डायल करें 1950: गोंडा कार्यालयः** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी है और निर्वाचन की घोषणा के समय से संपूर्ण जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी व शिकायत हेतु जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट में निर्वाचन कंट्रोल की स्थापना की गई है जिसका टोल फ्री नंबर 1950 तथा दूरभाष नंबर 05262-230125 है।

### ऑनलाइन नामांकन कर सकेंगे उम्मीदवार

**गोंडा कार्यालय :** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने आनलाइन पद्धति से नामांकन करने के अलग सुविधा प्रदान की है। जो उम्मीदवार ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते हैं वहhttps:// suvidha.eci.gov.in/login लिंक के माध्यम से नामांकन पत्र की प्रविष्टि कर सकते हैं तथा एवं उसक प्रिन्ट निकालकर प्ररूप-1 में रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्गत सूचना में इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इसी प्रकार शपथपत्र भी उपरोक्त लिंक के माध्यम से आनलाइन भर सकते है एवं प्रिन्ट आउट को नोटराइजेशन के पश्चात रिटर्निंग आफिसर के समक्ष दाखिल कर सकते है।

## धान खरीदःपीएफएमएस के फेर में किसानों का फंसा भुगतान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** जिन अन्नदाताओं ने अपने धान को सरकारी क्रय केंद्र पर बेचा था उनमें से कई लोगों का एक करोड़ से अधिक रुपए का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा है जल्द ही सभी किसानों का भुगतान कर दिया जाएगा। किसान केंद्र प्रभारी से रोज भुगतान की गुहार लगा रहे हैं।

खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद का समापन हो गया है। केंद्र प्रभारी मिल पर जाकर धान की कुटाई व चावल उतरने की प्रक्रिया में जुट गए हैं।अभी कई किसानों का भुगतान नहीं हो पाया है। अफसर के मुताबिक पीएफएमएस से भुगतान करना था लेकिन भुगतान तकनीकी दिक्कत की वजह से नहीं हो पा रहा है। जिले मे धान खरीदने के लिए छ एजेंसी को जिम्मेदारी सौंप गई थी, जो लगातार किसानों से धान खरीद की हैं। इन एजेंसी में खाद्य विभाग, पीएसएफ,यूपीपीसीयू ,मंडी समिति तथा भारतीय खाद्य निगम हैं। कुल मिलाकर किसान की उपज खरीदने के लिए पूरे जिले में 125 क्रय केंद्र स्थापित किये गये थे। शासन ने इन एजेंसियों को 105000 मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य दिया था। धान खरीद सत्र का समापन हो गया है । धान खरीद से जुड़े अफसर के लिए लेवी चावल को भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने की भी चुनौती है। इसी के साथ ही किसानों का जो बकाया भुगतान है उसको दिलाने के लिए लगातार अधिकारी बैंकों के संपर्क में हैं। अधिकारी लगातार मिल पर पहुंचकर धान कुटाई का भी जायजा ले रहे हैं। जो रिकवरी चावल की होनी चाहिए उसको भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने के लिए मिलकर्मियों से लगातार संपर्क में है। केंद्र प्रभारी अवशेष चावल की कुटाई व गोदाम में पहुंचने के लिए अफसर के साथ लगे हुए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि अधिकतम किसानों का भुगतान कर दिया गया है। शेष भुगतान के लिए प्रयास किया जा रहा है । जल्दी उनके खाते में भुगतान पहुंच जाएगा ।फिर भी यदि किसी को कोई समस्या है तो उनके कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता है। पीएफएमएस के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है।

# इस बार थाने में जमा होंगी लाइसेंसी बंदूक

बहराइच



पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में कोई बाधा ना पड़े इसके लिए पुलिस की ओर से इस बार संबंधित थानों में ही लाइसेंसी वेपन जमा कराए जा रहे हैं। अब तक जिले में 1046 वेपन जमा हो चुके हैं। अभी चार हजार से अधिक हथियार जमा करवाने हैं।

जिले में 5500 लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है, इनमें कई प्रकार के बंदूक शामिल है। इन हथियारों का लोकसभा चुनाव में गलत उपयोग ना हो इसके लिए जिला प्रशासन सभी से हथियार जमा करने के लिए कह रहा है पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि जिले के 23 थाना क्षेत्रों में 5500 वेपन लोगों के पास मौजूद हैं। इन्हें जमा करवाने का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में अभी तक 1046 हथियार जमा हुआ है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस बार हथियार लाइसेंस धारकों को संबंधित थाना क्षेत्र में ही जमा करना होगा जिससे कि संबंधित थाने के पुलिस उसे हथियार की सुरक्षा कर सके उन्होंने बताया कि प्राइवेट दुकानों पर हथियार जमा करने के लिए मना कर दिया गया है। उनके मुताबिक प्राइवेट दुकानों पर हथियार की सुरक्षा नहीं हो सकती है। साथ ही दुकानदार के यहां पुलिस हमेशा ड्यूटी कर जानकारी हासिल करने में ध्यान लगाएगी तो लोक सभा चुनाव में सुरक्षा के लिए दिक्कत होगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 4000 से अधिक वेपन अभी जिले के विभिन्न लोगों के पास मौजूद हैं ऐसे में सभी समय से संबंधित थाना की पुलिस को अपना हथियार जमा करवा दें।

### जांच के बाद मिलेगी छूट

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिस लाइसेंस धारी को हथियार रखने की जरूरत है तो वह पत्र देगा और स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से जांच कराई जाएगी जांच के बाद ही फैसला लिया जाएगा अन्यथा उसे भी हथियार हर हाल में जमा करना होगा।

## स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



ब्लॉक में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते अधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार :** ब्लाक हुजूरपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आभास की अध्यक्षता में एकदिवसीय सीएचओ, एएनएम व आशा, आशा संगनी का पंचायत विकास योजना पर अभिमुखीकरण पीरामल फाउन्डेशन टीम के द्वारा किया गया। इसके साथ ही सामुदायिक बैठक आयोजित हुई। सभा की शुरुआत करते हुए विशिष्ट वक्ता डीपीएल मोहमद यूसुफ ने पंचायत विकास की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के साथ-साथ सभी को अपने काम को प्रभावी ढंग से संवाद करने और गांव के मुखिया के साथ मिलकर काम करने की महत्वपूर्णता पर बल दिया। बैठक में जीपीपीएफटी फोरम का गठन करने के बारे में बताया गया, जो सामुदायिक पहलों के कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। गांधी फेलो, नितीश ने बताया की इस मंच की मदद से हम विभिन्न हितधारकों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा दे सकते है। बैठक में, बीसीपीएम शांति, बीपीएम प्रतिभा सोनकर, पिरामल फाउंडेशन केडीपीएल मोहम्मद् युसुफ, गांधी फेलो नितीश कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### खनन में लगी डंपर और जेसीबी सीज



खनन स्थल पर छापेमारी करते एसडीएम। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** दरगाह थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एसडीएम ने टीम के साथ खनन स्थल पर छापेमारी करते हुए दो वाहनों को सीज किया है। उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जनपद में खनन/परिवहन पर प्रभावी अंकुश के दृष्टिगत की गई कार्यवाही के दौरान प्रात: लगभग सात बजे खनन करते हुए मौके से फरार एक जेसीबी व दो डम्पर जिनके पास कोई खनन अनुमति नहीं थी। ऐसे में ग्राम बराई बिलासा में वाहनों को पकड़ कर थाना दरगाह शरीफ अन्तर्गत गल्ला मण्डी पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने खनन में लगे वाहनों को सीज कर दिया है।

### परिषदीय विद्यालय के बच्चों को मिला प्रमाण पत्र

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र विशेश्वरगंज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिपेक्ष्य में 3 से 8 वर्ष आयु वय-वर्ग के बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित हमारा आँगन, हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र ने विद्यालय को निपुण बनाने में प्री प्राइमरी शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने शिक्षकों को सत्र 2024-25 में विकास क्षेत्र के 80% विद्यालयों को निपुण बनाने का लक्ष्य दिया। एआरपी विजय प्रताप सिंह द्वारा नोडल संकुल शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, अभिभावकों एवम बच्चों को निपुण लक्ष्य, दीक्षा एप, रीड एलांग, के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने की सलाह दी। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों सहित टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में ए आरपी विजय प्रताप सिंह, संतोष कुमार सिंह, रमेश कुमार पाठक, सुपरवाइजर श्यामा शर्मा, नरमी देवी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र प्रा शि संघ के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, राममूर्ति शुक्ल, राजित राम यादव, विवेक विक्रम सिंह, पुनीत अग्रवाल, निहारिका मिश्रा, प्रभुता अवस्थी, निहारिका दीक्षित, रीना पांडे, अमरजीत कौर आदि शिक्षक एवम शिमला देवी, कमला देवी, गंगोत्री देवी, गुड़िया चौहान एवम कुमुद मिश्रा आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रहे।

### नकदी ले जाने वाले वाहनों के लिए आयोग ने जारी किये निर्देश

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता को बनाए रखने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देश दिये गये हैं कि सभी बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि वाह्य स्रोत एजेन्सियों/कंपनियों से प्राप्त नकदी ले जाने वाली गाड़ियॉ किसी भी परिस्थिति में बैंक की नकदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नकदी नहीं ले जाएंगी। इस कार्य के लिए सम्बन्धित वाह्य स्रोत एजेन्सी/कंपनी के पास बैंकों द्वारा जारी पत्र/दस्तावेज इत्यादि होने चाहिए जिसमें उन्हें बैंकों द्वारा दी गयी नकदी, जिसे वे एटीएम मशीनों में भरेंगे और अन्य शाखाओं, बैंकों या करेंसी पेटी में रखने के लिए ले जाएंगें, का उल्लेख होगा। इस सम्बन्ध में यह भी निर्देश दिया गया है कि वाह्य स्रोत एजेन्सियों/कंपनियों के कार्मिक जो नकदी ले जाने वाली गाड़ी के साथ जायेंगे, सम्बन्धित एजेन्सी द्वारा जारी पहचान पत्र भी अनिवार्य रूप से अपने साथ रखेंगे। आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया मानक प्रचालन नियमों तथा नकदी ले जाने के लिए बैंकों की कार्यविधि का अंश होगी। श्री सिंह ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करायें।

# इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

## बोलीं -आचार संहिता उल्लंघन के बारे में नंबरों पर दें जानकारी

बहराइच



निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा, रैली, जूलूस, लाउडस्पीकर, वाहन इत्यादि विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान किये जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय में स्थापित सिंगल विन्डों तथा ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का डीएम ने निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम मोनिका रानी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता को परखने के लिए डीएम ने स्वयं शिकायतकर्ता से मोबाइल पर वार्ता कर फीड बैक प्राप्त किया। कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी तथा चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा, रैली, जूलूस, लाउडस्पीकर, वाहन इत्यादि विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय में स्थापित सिंगल विन्डों का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा हेतु स्थापित दूरभाष नम्बर का नम्बर 05252-297831, नानपारा का 05252-297832, मटेरा का 05252-297833, महसी का 05252-297834, बहराइच का 05252-297835, पयागपुर का 05252-297836 तथा कैसरगंज का दूरभाष नम्बर 05252-297837 है। इसके अलावा कन्ट्रोल रूम का टोल फ्री नम्बर 1950 है। डीएम ने बताया कि कन्ट्रोल में स्थापित दूरभाष नम्बरों पर आम जनमानस आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन अथवा निर्वाचन से सम्बन्धित अपनी अन्य शिकायतें दर्ज करा सकते है अथवा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## दिल्ली के सीएम की गिरफ्तारी को लेकर आप पार्टी ने दिया धरना



कलेक्ट्रेट में धरना देते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

बहराइच

**अमृत विचार:** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया वरिष्ठ अधिवक्ता आप के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल से नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, नरेंद्र मोदी को सबसे ज्यादा डर आम आदमी पार्टी से लगता है। आगामी लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी हार रहे हैं इसीलिए नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव घोषित होते ही जेल भेजवा दिया।

## करंट की चपेट में आने से बिजली कर्मी की मौत

श्रावस्ती,

**अमृत विचार:** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडा के मजरा बड़का कुंडा निवासी एजाज अहमद (28) पुत्र छोटटन की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। बिजली विभाग में संविदा कर्मी लाइन मैन के पद पर तैनात एजाज भगवानपुर भैसाही के मजरा भैसाही में बिजली लाइन सही कर रहा था। इसी दौरान करंट के लगने से वह झुकसकर खम्भे से नीचे गिर गया और मौत हो गयी। मौके पर परिजनों ने पहुंचकर शव को घर ले आये। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। वहीं मल्हीपुर थानाध्यक्ष जय हरी मिश्रा के बताया की परिजनों के प्रार्थना पत्र पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## महिला पर तेंदुए का हमला, रेफर



घायल महिला का चल रहा इलाज।

**उर्रा, बहराइच ,अमृत विचार :** सुजौली रेंज के एक गांव निवासी महिला शुक्रवार सुबह नित्य क्रिया के लिए खेत को जा रही थी। तभी तेंदुए ने महिला पर हमला कर दिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत महाराज सिंह नगर निवासी भागवती देवी (52) शुक्रवार सुबह नित्य क्रिया के लिए खेत को जा रही थी। तभी झाड़ियों से निकले तेंदुए ने महिला पर हमला कर दबोच लिया। शोर सुनकर पूर्व ग्राम प्रधान राजेश कुमार समेत अन्य मौके पर पहुंचे। सभी ने हांका लगाते हुए तेंदुए से महिला को छुड़ाया। इसके बाद महिला को सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों द्वारा इलाज किया गया। जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार न होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। तेंदुए के हमले में महिला के चेहरे, हाथ और पैर में गहरे जख्म बन गए हैं। इस मामले में रेंजर रोहित कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदुए के हमले में महिला घायल हुई है। आर्थिक सहायता राशि दिया जायेगा।

# खो-खो चैम्पियनशिप में श्रावस्ती ने रचा इतिहास



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** 50वीं यूपी स्टेट सीनियर पुरूष-महिला खो-खो चैम्पियनशिप 18 से 20 मार्च, 2024 को अयोध्या में आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के कई जिले की टीमों ने प्रतिभाग किया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती से पुरूष-महिला दोनों टीमों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पुरूष विजेता श्रावस्ती की टीम को जिलाधिकारी कृतिका शर्मा द्वारा अपने कक्ष में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों एवं खो-खो प्रशिक्षक जगेसर सैनी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया कि महिला टीम ने प्री-क्वार्टर मैच में जौनपुर को 10-06 से हराकर प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया। दूसरा मैच क्वार्टर फाइनल प्रयागराज से हुआ, जिसमें दोनों टीमों ने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया, परन्तु श्रावस्ती की टीम ने मैच को 01 प्वाइंट से जीतते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी। सेमीफाइनल मैच बनारस से हुआ, जिसमें श्रावस्ती की टीम 18-10 से विजयी रहीं फाइनल मैच बलिया और श्रावस्ती के बीच खेला गया। जिसमें श्रावस्ती की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बलिया को 22-10 से हराते हुए 50वीं सीनियर यूपी स्टेट खो-खो चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

# मतदाता जागरूकता चौपाल लगा दिलाई शपथ

श्रावस्ती



**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए विकास खण्ड जमुनहा के प्राथमिक विद्यालय तिवारी गांव में जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में जिलाधिकारी ने गांव की महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं ग्राम वासियों को मतदाता शपथ भी दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में प्रत्येक मतदाता को अपने अमूल्य मताधिकार का उपयोग करना आवश्यक है। क्योंकि एक-एक मत अमूल्य है और एक वोट से ही अच्छे लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। इसलिए सभी मतदाता अनिवार्य रूप से मतदान करके राष्ट के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभायें।

उन्होने बताया कि 18 वर्ष तक के सभी व्यक्तियों चाहे वह महिला अथवा पुरूष कोई भी हो, मताधिकार का अधिकार है। इसलिए सभी लोग निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन में आए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा छूट गया तो नाम मतदाता सूची में डलवा दें।

जिससे उन्हें मतदान के समय कोई दिक्कत न होने पाये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जमुनहा एसके राय, खण्ड विकास अधिकारी जमुनहा एसपी सिंह सहित सम्बन्धित बूथ के बीएलओ गण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां व ग्रामीण मौजूद रहे।

### होली पर बन्द रहेंगी शराब की दुकानें

**श्रावस्ती :** जिला अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि जनपद में होली के पर्व पर लोकशान्ति बनाये रखने के दृष्टिगत संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 के अन्तर्गत 24 मार्च की रात्रि 10 बजे से 25 मार्च सायं 05 बजे तक जनपद में कार्यरत देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर व भांग के समस्त फुटकर/थोक अनुज्ञापन पूर्णतया बन्द रखे जायेंगे।

### प्राकृतिक रंगों से मनाएं होली का त्योहार



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** होली खेलते समय हमेशा प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करना चाहिए। जिससे किसी को शारीरिक रूप से परेशानी न उठानी पड़े। होली त्योहार खुशियों व उल्लास का त्योहार है। ऐसे में हम लोगों को कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे लोगों को किसी प्रकार की समस्या झेलनी पड़े। संयुक्त जिला चिकित्सालय के त्वचा रोग विशेशज्ञ डॉ. दीपांकर तिवारी की मानें तो हमेशा प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग करना चाहिए। होली में मोबिल, कीचड़ व पेंट का प्रयोग बिलकुल भी नहीं करना चाहिए।

## वर्ग पहेली-18

**बाएं से दाएं**

1. अमित होने की अवस्था या भाव, असीमता, अनंतता।
4. 1. खड़ की लगातार ध्वनि होना 2. सूखे पत्तों के आपस में टकराने की ध्वनि।
5. मालगाड़ी का डिब्बा।
7. 1. पुदीने की जाति का एक पौधा 2. उक्त पौधे की पत्तियों का सत्व जो औषधि बनाने के काम आता है।
8. 1. स्रोत, पानी का चश्मा या सोता 2. यथार्थ, वास्तविक, वाकई 3. नेत्र, नयन, आंख।
9. डांटने की क्रिया, घुड़कना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीचा, झुका हुआ, नत 2. गिरा हुआ, पतित, अधोगत 3. अस्त होता हुआ 4. नम्र, विनीत।
2. 1. झड़ने की क्रिया या भाव 2. झड़ने या झाड़ने से गिरी हुई चीज़।
3. वह बर्तन जिससे खेत का पानी बाहर उलीचते हैं या बाहर का पानी खेत में भरते हैं, ओलचा।
4. गले में पहनने का आभूषण, हंसुली।
6. 1. अनर्गल प्रलाप, बकवास 2. बदतमीज़ी, अशोभन बातें 3. अप्रासंगिक, क्रमहीन।
7. 1. आच्छादित करने की क्रिया 2. ढक्कन 3. आवरण 4. तलवार की म्यान 5. परदा 6. दरवाज़ा।



### वर्ग पहेली -17 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 औ | | | | 2 वा | णी |
| | ष | | | 3 लु | | |
| | धा | | 4 अ | भा | षि | 5 त |
| | 6 ल | च | क | ना | | द |
| 7 पे | य | | ड़ | | | बी |
| टि | | | | 8 रो | ल | र |
| 9 का | दं | बि | नी | | | |

## सुडोकू -97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 9 | | 1 | |
| 7 | | 8 | | 4 | | | | 2 |
| | | 3 | 6 | | 8 | | 4 | |
| | | 7 | | | | 8 | | |
| | 2 | | 5 | | 3 | | | |
| 4 | | | | 1 | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | | 5 | |
| | | 6 | | | | 9 | | |

### सुडोकू -96 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 3 | 6 | 2 |
| 2 | 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 07 .17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी पूर्ण रात्रि।

**मेष** — आज धन के लेन-देन को लेकर थोड़ा विवाद हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे। नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृष** — आज घर की आंतरिक सज्जा में सुधार करने की योजना बनाएंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** — आज किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं।

**कर्क** — आज अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन से जुड़ा हुआ काम अटक सकता है। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। इसीलिये सावधान रहना चाहिए।

**सिंह** — आज बॉस आपके प्रदर्शन से बहुत खुश होगा और आपको शाबाशी दे सकते हैं। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। आपको सामाजिक कार्यों से काफी यश प्राप्त होगा। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे।

**कन्या** — आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अधिकारियों से बहसबाजी न करें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से आपके बजट पर असर पड़ने की संभावना है।

**तुला** — आज आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी सफलता मिल सकती है। व्यवसाय में ग्राहक आपसे काफी खुश रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज सभी कार्यों को सावधानी पूर्वक करने का प्रयास करें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। जल्दबाजी के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

**धनु** — आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ मौज मस्ती भरा समय बिताएंगे। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे।

**मकर** — आज संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। विवाहेतर संबंधों से बचने का प्रयास करें। दूसरों की बातों में न आएं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए। कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं।

**कुंभ** — आज कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सांयकाल पुराने मित्रों के साथ ग्रुप चर्चा कर सकते हैं। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

**मीन** — आज आपसी संबंधों को खट्टा न होने दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। पैरों में थकावट जैसी अनुभूति हो सकती है। ऑफिस के कार्यों में अपनी दक्षता का परिचय देंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES — शान सुबह : 09 .52; अनाड़ी रात : 07 .00

SONY PIX — इट सुबह : 09 .28; टर्मिनेटर 3 रात : 09 .00

SONY MAX — पीकू सुबह : 10 .48; आंख मिचौली रात : 07 .00

ZEE CINEMA — अतीत सुबह : 09 .15; करन अर्जुन रात : 08 .20

colors CINEPLEX — ताली दोपहर : 12 .00; फिर हेरा फेरी रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी मैक्स पर रात : 07 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी दौड़ा-दौड़ा डॉक्टर के क्लीनिक में पहुंचा और घबराए स्वर में बोला-डॉक्टर साहब ! प्लीज मेरी जान बचा लीजिए।
डॉक्टर- क्या हुआ?
आदमी-मेरे मुंह में छिपकली घुस गई है।
डॉक्टर हैरान होकर बोला- क्या? जब छिपकली तुम्हारे मुंह में घुस रही थी तब तुमने मुंह बंद क्यों नहीं किया?
आदमी-दरअसल, मैंने सोचा कि पहले जो कॉकरोच मेरे मुंह में घुसा था, उसे पकड़कर वह वापस आ जाएगी।

लड़की- तू इतना अच्छा है, फिर तेरी कोई गर्लफ्रेंड क्यों नहीं?
लड़का-तू बन जा
लड़की-नहीं, तू तो मेरा बेस्ट फ्रेंड है।
लड़का- बस इसलिए नहीं है।



12वां रोजा

शिया
सहरी : 04.34 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .47 बजे
इफ्तार : 06.16 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

▸▸ छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

बहराइच

**अमृत विचार:** सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मिलन पैलेस बंजारी मोड़ में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी, वरिष्ठ संपादक खेल जगत आनंद किशोर पांडे, डीजीसी रेवेन्यू अजय कुमार शर्मा, आर्यावर्त बैंक प्रबंधक आनंद तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक विजय गौड़ ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर सम्मानित किया।

वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2023- 24 में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2022-23 की हाई स्कूल परीक्षा में सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र आशुतोष दुबे को टैबलेट प्रदान किया गया। इसी क्रम में कक्षा 3 व 4 से संयुक्त रूप से सर्वोत्तम अंक पाने वाली गोरी प्रिया सिंह, कक्षा 5 व 6 से कौस्तुभ मणि शुक्ला तथा कक्षा 7 व 8 से अर्पित को टैबलेट स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त यूकेजी के छात्र प्रत्यूष वर्मा ,कक्षा एक से मोहम्मद अली, कक्षा दो से अलवीरा खान, कक्षा तीन से फारूक आजम, कक्षा चार से रुद्राशीष पटेल ,कक्षा 5 से अर्पित वर्मा ,कक्षा 6 से अनुराग रंजन, कक्षा 7 से वर्णिका शुक्ला कक्षा 8 से आंसर श्रीवास्तव को सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर साइकिल स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा से सर्वोत्तम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी उपहार स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर उपस्थित लोग भाव विभोर हो गए। विद्यालय की प्रधानाचार्य असमी टिक, प्रधानाचार्य शिक्षा रीना कश्यप, विद्यालय समन्वयक रितु गौड़, विद्यालय कार्यक्रम प्रभारी अंशु ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि विधायक ने छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित। अमृत विचार

# जनता के साथ पार्टी भी मुझे करती है पसंद : बृजभूषण

**बहराइच, अमृत विचार:** कैसरगंज के सांसद निजी कार्य से क्षेत्र में भ्रमण के लिए पहुंचे। जहां पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। एक सवाल के जवाब में हंसते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि जनता के साथ पार्टी भी मुझे ही पसंद करती है।

जिले के कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा सांसद गुरुवार शाम को क्षेत्र के भ्रमण पर आए। एक व्यक्ति के यहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह फखरपुर कस्बे में पहुंचे। यहां पर ब्लॉक प्रमुख समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब दिया। भाजपा द्वारा टिकट देने में देरी और टिकट मिलने के मामले में सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि अभी बहराइच, कैसरगंज के साथ देवरिया और अन्य लोक सभा का टिकट नहीं दिया गया है। ऐसे में दो दिन और रुकें, सभी का भ्रम दूर हो जाएगा। जनता के साथ रहने के मामले में बृज भूषण ने हंसकर कहा कि जनता के साथ पार्टी भी मुझे ही पसंद करती है। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


वार्ता करते सांसद बृज भूषण शरण सिंह।

## एक नजर

### होली पर बन्द रहेंगी आबकारी दुकाने

**बहराइच :** होली त्यौहार की संवेदनशीलता के दृष्टिगत मादक पदार्थो के सेवन को प्रतिबन्धित करने के लिए आबकारी दुकानों की बिक्री को प्रतिबन्धित किये जाने की आवश्यकता को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा जनपद की आबकारी की समस्त थोक व फुटकर अनुज्ञापनों दुकानों को 24 मार्च की रात्रि 10 बजे से 25 मार्च को सांयकाल पांच बजे तक बन्द रखने के निर्देश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार उपरोक्त बन्दी के लिए अनुज्ञापी को कोई प्रतिफल अथवा प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा।

### तमंचा के साथ गिरफ्तार

**विशेश्वरगंज, बहराइ :** थाना क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुरैना क्षेत्र से एक व्यक्ति को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम जुगपुरवा बनियाभारी अमकोलवा निवासी सालिकराम पुत्र स्वामी दयाल को एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक जिंदा व एक खाली कारतूस के साथ उप निरीक्षक अयोध्या सिंह, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार पांडे, कांस्टेबल सीताराम यादव द्वारा गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

### पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन

**विशेश्वरगंज, बहराइच :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के साथ स्पेशल एजुकेटर द्वारा पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया, इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी श्री मिश्रा ने दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से उनकी दिव्यांगता को साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए विशेष प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# अयोध्या की तरह विकसित हुआ आईपीएल मिल में अमृत सरोवर

## मिल प्रशासन ने कराया सौंदर्यीकरण, फल, फूल व मसालेदार पौध बने आकर्षण का केंद्र


चीनी मिल में बना पिकनिक स्पॉट। अमृत विचार


भ्रमण के लिए आया दल। अमृत विचार

विनोद शुक्ला, जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार :** जरवलरोड में स्थित आईपीएल चीनी मिल परिसर में तीन करोड़ की लागत से अमृत सरोवर के निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। अयोध्या धाम में विकसित सरोवर की तर्ज निर्मित सरोवर की छटा का मनमोहक रूप देखने के लिए क्षेत्र के स्कूली बच्चों का भ्रमण शुरू हो गया है। जहां पर क्षेत्र की एकमात्र औद्योगिक इकाई चीनी मिल का कारखाना भी देखने का अवसर शिक्षक व छात्र-छात्राओं को मिलने पर देखने वालों की खुशी दोगुना हो जाती है।

जरवल विकास खंड के जरवल रोड में 'भारत की आजादी के अमृत महोत्सव' का हिस्सा के तहत अमृत सरोवर का निर्माण हुआ है। जिसके लिए बीच में सड़क दोनों तरफ से अमृतसर सरोवर निर्माण कार्य अंतिम चरण में युद्ध स्तर पर जारी है। तीन करोड़ की लागत से अमृत सरोवर चीनी मिल परिसर के अंदर निर्मित सरोवर में लाइटिंग फ़व्वारा और वानस्पतिक सौंदर्यीकरण आदि का कार्य पूरा हो चुका है तथा टेस्टिंग हो रही है।

सभी तरह के फूलदार, फलदार, मसालेदार,औषधीय रोपित पौधों का विकास दिन ब दिन बहुत तेजी से हो रहा है। आईपीएल चीनी मिल प्रबंधक टीएस राणा ने बताया कि नवनिर्मित सरोवर के किनारे अयोध्या मंदिर मार्ग की तरह सड़क के दोनों किनारों पर तालाब के चारों तरफ फैंसी लाइट, तालाब के चारों तरफ घूमने के लिए इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण, म्यूजिकल रंग बिरंगी छटा बिखेरेने वाला फाउंटेन आकर्षक का केंद्र है अत्याधुनिक म्यूजिकल सिस्टम सुरीली मधुर धुन के साथ पर्यटकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हो रहा है। तालाब के दोनों तरफ ओपन जिम, बैठने के लिए सुंदर बेंचों का निर्माण, प्राकृतिक सौंदर्यबोध के साथ सरोवर क्षेत्र में जलपानगृह की व्यवस्था शामिल है तालाब में घूमने के लिए पैदल, मोटर बोट, नौका विहार की योजनाएं बनाई जा रही हैं तालाब के किनारे 117 फुट का देश के स्वाभिमान का प्रतीक तिरंगा झंडा उन्मुक्त भाव से हिलोरें मार रहा है।

### पर्यटक स्थल के रूप में हुआ विकसित

मिल प्रबंधक टीएस राणा ने बताया कि विशेष पर्यटक स्थल के रूप में लखनऊ के बाद अत्याधुनिक पर्यटन स्थल विकसित करने का प्रयास चल रहा है वह दिन दूर नहीं हैं जब महानगरों जैसे पिकनिक स्पॉट का आनंद ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित चीनीमिल परिसर में प्राकृतिक सौंदर्य सरोवर का अद्भुत दृष्य और दुर्लभ वानस्पतिक सौंदर्य से आच्छादित वातावरण अपनी ओर अभी से लोगों को अपनी ओर सहज आकर्षित कर रहा है। वर्तमान समय में क्षेत्रीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को उनके विद्यालय के द्वारा सरोवर और चीनी मिल परिसर देखने में कौतूहल देखा जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्रीय लोग सपरिवार घूम टहल सकेंगे।

# हम सभी मतदान करने का लेते हैं संकल्प

बहराइच

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य राजस्व अधिकारी डॉ देवेन्द्र पाल सिंह ने विधानसभा निर्वाचन बहराइच अन्तर्गत मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय मीरपुर कस्बा स्थित भाग संख्या 318, 319 व 320 तथा मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय बरईपारा के भाग संख्या 96 का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया।

मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सीआरओ सिंह ने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, विद्युत कनेक्शन, उचित क्षमता की लाईट व पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, रैम्प, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, ईपिक वितरण इत्यादि का सत्यापन करते हुए मौके पर मौजूद तहसीलदार व ग्राम प्रधान को आवश्यक निर्देश दिये। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सीआरओ द्वारा ग्राम प्रधान, कोटेदार, रसोईया, रोज़गार सेवक, अध्यापक, सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी, आशा की मौजूदगी में मतदाता सूची का सत्यापन किया गया तथा कम्यूनिकेशन प्लान में दर्ज फोन नम्बरों तथा रूट मैप का सत्यापन करते हुए मौजूद ग्रामवासियों को मतदाता शपथ दिलायी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी पाण्डेय, तहसीलदार नानपारा अजय यादव, बीडीओ रिसिया विनोद यादव व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।


ग्रामीणों को मतदान के प्रति शपथ दिलाते सीआरओ। अमृत विचार

### जिला बदर अपराधी को पुलिस ने किया जिले से बाहर

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी जिला बदर अपराधी घर पर ही मौजूद था। जिस पर पुलिस ने मुनादी करवाते हुए उसे जिले से बाहर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने का अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रखने और जिला बदर अपराधी की स्थिति जांचने के निर्देश दिए हैं। उसी के तहत शुक्रवार को कोतवाली नानपारा की पुलिस ने असामाजिक तत्व मिज्जन पुत्र आफाक निवासी अल्लापुर लक्ष्मणपुर मटेही थाना नानपारा को गुंडा अधिनियम को घर पर मौजूद देखा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उसे जिला बदर घोषित किया गया। इस पर पुलिस द्वारा गाँव में मुनादी कराते हुए जिला बदर अभियुक्त को जनपद की सीमा से बाहर किया गया।

## सार-संक्षेप

### रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून


छात्रों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते शिक्षक।

**बहराइच, अमृत विचार :** विश्व जल दिवस के मौके पर शुक्रवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र और छात्राओं ने जल संरक्षण के साथ लोगों को कम जल खर्च करने पर बल दिया। अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एआर तिवारी के मार्गदर्शन एंव खंड शिक्षा धिकारी फखरपुर अनुराग कुमार मिश्रा देखरेख में शुक्रवार को विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। शिक्षक एसके चौबे ने बच्चों को जल उसकी उपयोगिता, जल प्रदूषण प्रदूषण दूर करने के उपाय, सतत विकास लक्ष्य के अन्तर्गत सरकार द्वारा हर घर नल स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम जल का किसी प्रकार से व्यर्थ नष्ट न करे आवश्यकता अनुसार ही पानी का उपयोग करे। अपने आस पास कुआ, तालाब, झील, नदियों का संरक्षण करे। बच्चों द्वारा जल संरक्षण की शपथ ली गयी। इस अवसर पर परवीन अख्तर, विवेक सिंह सहित विद्यालय के स्टाफ एंव बच्चे उपस्थित रहे।

### नाबार्ड की योजनाओं का लाभ उठाएं किसान


कृषि वैज्ञानिक केंद्र में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते अधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार :** कृषक उत्पादक संगठनों पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला कृषि विज्ञान केंद्र में नाबार्ड के सहयोग से संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि उपनिदेशक कृषि टीपी शाही उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषक उत्पादक संगठनों के शुद्धण बनाने व किसानों की आय को बढ़ाने पर चर्चा हुई। इसमें मुख्य रूप से डीडीएम नाबार्ड कैलाश जोशी द्वारा नाबार्ड की योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग से एफपीओ नोडल अधिकारी शिशिर वर्मा, कंसलटेंट बृजेश मिश्रा, एलडीएम इंडियन बैंक जेएन श्रीवास्तव, विनोद कुमार तिवारी,प्रमोद कुमार ने मुख्य रूप से अपने विषय की योजनाओं के बारे में बताया। सीतापुर की एफपीओ ओजोन फार्मा प्रोड्यूसर कंपनी से विकास सिंह ने अपने यहां चल रही कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन मुमकिन फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर गंगोत्री किसान उत्पादक संगठन से राम कुमार द्वारा बांस के बने प्रोडक्ट के बारे में लोगों को बताया गया व सभी को दिया गया। इस दौरान किसान और अन्य लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीण इलाके में हवा हवाई साबित हो रही आपात कालीन सेवाएं

**बाबागंज, बहराइच :** घायल पड़े कुत्ते,गाय या अन्य मवेशी की सूचना टोल फ्री नंबर 1962 पर दिए जाने से एंबुलेंस व चिकित्सकों की टीम गांव में नहीं पहुंच रही है। घायल मवेशियों के तुरंत मदद हासिल करने के लिए 1962 नंबर्स पर कॉल पर चिकित्सा सर्विस एनिमल रेस्क्यू टीम के पहुंचने के निर्देश इस इलाके में हवा हवाई साबित हो रहे हैं। शंकरपुर निवासी उमंग कुमार ने बताया कि विगत दो दिनों से घायल पशु के सूचना देने के बाद भी कोई टीम नहीं आई है। बाबागंज, चरदा, बाबाकुट्टी,आदि इलाके में जानवरों को समय पर चिकित्सा सहायता और आपात कालीन सेवाएं प्रदान करने के लिए एंबुलेंस टीम गांवो में सूचना पर टाल मटोल कर जाने में आनाकानी कर रही है। वही दूसरी ओर पशु चिकित्सालय पर डॉक्टरों की उपस्थिति न होने पर पशु पालकों को पशु चिकित्सा के लिए दर दर भटकना पड़ता है। जिससे कई बार चिकित्सा के अभाव में पशुओं को अपने जान से हाथ तक धोना पड़ जाता है।

# 1 वर्षीय बच्ची के दुष्कर्मी को आजीवन कारावास की सजा

**बहराइच, अमृत विचार:** अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने एक वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले अधेड़ आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त के विरुद्ध एक लाख 28 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो संत प्रताप सिंह और विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक वर्षीय बालिका के साथ 17 फरवरी 2024 को आरोपी ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के निबियाशाह मोहम्मदपुर गांव निवासी 55 वर्षीय भोंदू पुत्र कलीमुन ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। जिसमें पुलिस की ओर घटना के दूसरे दिन ही चार्जशीट दाखिल किया गया था। शुक्रवार को न्यायालय पर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट वरुण मोहित निगम ने मामले की सुनवाई की। पत्थर विपक्ष के मामलों की सुनवाई स्पेशल जज ने की। इसके बाद पाक्सो कोर्ट के न्यायाधीश वरुण मोहित निगम ने अधेड़ आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज ने लैंगिग अपराध के मामले में एक लाख 28 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना की राशि जमा न करने दोष सिद्ध आरोपी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

### फास्ट ट्रैक कोर्ट में चला मामला

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया गया। सीओ राहुल पांडेय की ओर से सात दिन में ही चार्जशीट दाखिल की गई। इसके बाद पुलिस की पैरवी और तीन दिन की सुनवाई में ही पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने बालिका को न्याय देते हुए सजा सुनाई है।

### होलिका दहन व खाद गड्ढा की भूमि पर किया अवैध कब्जा, मुकदमा दर्ज

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** होलिका दहन और खाद गड्ढा की भूमि पर अवैध कब्जा करना भारी पड गया। क्षेत्रीय लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जरवलरोड थानाक्षेत्र के ग्राम अटवा में गाटा संख्या 86 खाद गढ्ढा व गाटा संख्या 85 खालिहान की भूमि है। इस भूमि पर मंशाराम पुत्र रामचरन ने अवैध कब्जा कर लिया था। पुलिस बल व राजस्व टीम द्वारा पूर्व में सरकारी जमीनों से अवैध कब्जा हटवा कर जमीन खाली करवा दिया गया था। गांव निवासी मंशाराम पुत्र रामचरन ने पुन: इस भूमि पर कब्जा कर लिया। इसी भूमि में होली के त्यौहार का होलिका दहन किये जाने की परम्परा चली जा रही है। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम सरकारी भूमि की गाटा सं. 85 व 86 से मंशाराम का अस्थाई कब्जा खाली करवा दिया। सरकारी कार्य में व्यवधान बार बार ब्यवधान डालने पर मंशाराम के खिलाफ सरकारी भूमि पर कब्जा करने का मुकदमा क्षेत्रीय लेखपाल राम किशुन ने दर्ज कराया है।

# बालक ने फंदा लगाकर दी जान


बालक का शव घर में मिलने में बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कुंडासर ग्राम पंचायत के गुलालपुरवा में 12 वर्षीय बालक का शव घर में ही फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घर पर सिर्फ भाई बहन थे। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडासर निवासी मो उस्मान का पुत्र मो नुमान (12) का शव अपने ही घर में फंदे से लटकता मिला। जानकारी के अनुसार मृतक मो नुमान की माँ किसी काम से फखरपुर गयी हुई थी। घर में सिर्फ मृतक नुमान व उसकी 6 वर्षीय बहन घर थी। बहन की चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोगों ने जाकर देखा तो मृतक मो नुमान फांसी के फंदे पर लटक रहा था। बहन का कहना है कि भाई कपड़ा बांधकर लटकत रहे और फिर कपड़ा कस गवा और फंदे से मौत हो गई। माँ को जानकारी मिलने पर उसके पैर से जमीन खिसक गयी। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फखरपुर की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौके का जायजा लिया। थानाध्यक्ष फखरपुर करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। हालांकि बालक का शव पूरी तरह से बेड पर ही टिका था। ऐसे में आत्महत्या पर भी सवाल उठ रहे हैं।

आयोजन | जनसंख्या को लेकर सीएमओ कार्यालय में द्वितीय चरण की हुई शुरूआत

# नवाचार के माध्यम से काम करें युवा, गर्भवती और बुजुर्ग

बहराइच

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में नई जनसंख्या नीति जारी की गयी थी। इस जनसंख्या नीति का मसौदा बनाने में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत बच्चों, योग्य दंपति, गर्भवती, युवा एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए प्रदेश सरकार को नवाचार के माध्यम से कार्य करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में उम्मीद परियोजना के द्वितीय चरण की शुरूआत जनपद में डॉ राजेश कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया।


सीएमओ सभागार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

सीएमओ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उम्मीद परियोजना का क्रियान्वयन स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ राजेश कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने की। जिसमें नौ ब्लॉको मिहिपुरवा ,शिवपुर ,तेजवापुर, फखरपुर, कैसरगंज, जरवल, पयागपुर, बलहा एवं विश्वेश्वरगंज से अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा परिवार नियोजन कार्यक्रम, किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक है। वरिष्ठ सलाहकार बीके जैन पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने बताया कि उम्मीद परियोजना का उद्देश्य जनपद में जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना, आरोग्य मंदिर और उप केंद्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना,उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं,एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना,व्यवहार परिवर्तन (एसबीसीसी) टूल और जॉब एड्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए उनके कौशल में सुधार करना,और समुदायों के बीच एफपी जागरूकता और स्वीकृति बढ़ाना है। इसके साथ ही कम उम्र में विवाह, किशोर गर्भावस्था, नए तरीकों और पुरुष सहभागिता सहित गर्भनिरोधक विकल्पों के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित करना है। कार्यक्रम में सरजू खान , जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, अधीक्षक, बीपीएम, मोबियस फाउंडेशन से प्रभात कुमार, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से अभिषेक पाठक एवं राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मूक -बधिर छात्रों का कार्यक्रम देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

**बहराइच, अमृत विचार :** बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पिछले दिनों संपन्न हुई जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल गोयल और विशिष्ट अतिथि संध्या गोयल, संतोष श्रीवास्तव रहे। सर्वप्रथम दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वागत गीत में परी पांडे ,आराधना सिंह , महक श्रीवास्तव, जिक्र हलीम बाल गीत जो भी हो जाए मामा स्कूल नहीं जाना मोहम्मद उमर ,मोहम्मद अली ,उम्मे हबीबा ,आयुषी, नंदिनी सिंह समेत अन्य ने प्रस्तुत किया। हिंदी में शिवांश चौधरी प्रथम, सृष्टि गौड़ द्वितीय, विकास यादव तृतीय और समुदाय हिंदी में सीमा अग्रवाल प्रथम, प्रशांति श्रीवास्तव द्वितीय, दिव्यांशु प्रताप तृतीय रहे। मुख्य अतिथि ने प्रतिभाग को आशीर्वाद प्रदान किया है। कार्यक्रम में सोनी, शमा प्रवीन, चरनजीत, डॉ बलजीत कौर, पीके प्रचण्ड संतोष, अनिल कुमार सिन्हा, विमलेश जयसवाल मंजू निगम शिल्पी कौर, तन्जीम जैदी, विद्यालय प्रबंधक डॉ बलमीत कौर कोर्स कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर गुप्ता, सोनी, इरम, आबदा खातून, गीता, रूपा, गुरविंदर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।


शिक्षिका को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

### कब्जे के प्रयास में दम्पत्ति से मारपीट

**बहराइच, अमृत विचार :** घर पर कब्जे की कोशिश में आधा दर्जन हमलावरों ने शुक्रवार देर रात घर में घुसकर दम्पत्ति से मारपीट की । आस पड़ोस के लोगों के आ जाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

**आवश्यकता है**

**ग्रामीण भारत महिला महाविद्यालय**
**हाशमी नगर मथुरा, बलरामपुर**

प्राचार्य– 1 पद , कला संकाय के अन्तर्गत, भूगोल , उर्दू विषय के
प्रवक्ता – 1, 1 पद विज्ञान संकाय के अन्तर्गत भौतिक विज्ञान तथा गणित विषय के प्रवक्ता– 1, 1 पद
योग्यता– यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अनुसार तथा प्राचार्य पद हेतु शिक्षण कार्य अनुभव 15 वर्ष।

इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्तर्गत अपने समस्त अंकपत्र, प्रमाणपत्र तथा अन्य आवश्यक प्रपत्रों की छायाप्रति महाविद्यालय कार्यालय में प्रेषित करें।

भवदीय– प्रबन्धक
तहरीम अमल– मो0: 9839637230

यो नोद्धतं कुरुते जातु वेषं न पौरुषेणापि विकत्थतेऽन्यान्।
न मूर्छितः कटुकान्याह किञ्चित् प्रियंसदा तं कुरुते जनो हि ॥

जो व्यक्ति शैतानों जैसा वेश नहीं बनाता,वीर होने पर भी अपनी वीरता की बड़ाई नहीं करता, क्रोध से विचलित होने पर भी कड़वा नहीं बोलता ,उससे सभी प्रेम करते हैं।

## संपादकीय

# तरक्की और असमानता

भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार के बीच बढ़ती आर्थिक असमानता चिंता बढ़ाती है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। निवेश में बढ़ोतरी और महंगाई में कमी अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे सकते हैं। जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग बांड सूचकांक में भारतीय सरकारी बांड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 6.40 अरब डॉलर बढ़कर 642.50 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.95 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। दूसरी ओर भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.10 प्रतिशत हो गई है। भारत में आमदनी और संपदा में असमानता 1922-2023ः अरबपति राज का उदय शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न संपत्ति का 73 प्रतिशत सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास चला गया। भारत में 119 अरबपति हैं। उनकी संख्या 2000 में केवल 9 से बढ़कर 2017 में 101 हो गई। 2018 और 2022 के बीच भारत में हर दिन 70 नए करोड़पति पैदा होने का अनुमान है। एक दशक में अरबपतियों की संपत्ति लगभग 10 गुना बढ़ गई। जाहिर सी बात है कि सबसे अमीर बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं,जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं,जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। चिंताजनक है कि एक ऐसे समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है,जो पहले से ही जाति,धर्म,क्षेत्र और लिंग के आधार पर विभाजित है।

# प्रचंड की नई सरकार और स्मगलिंग के किस्से



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

याद रहे दिसंबर 2022 में,प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई,लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई।

नेपाली राजनीति में एक अर्से से तीसरे नंबर की ताकत होने के बावजूद सवा साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता,लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं।

नवंबर 2022 में हुए आम चुनाव के बाद से यह दूसरा मौका है जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के सहयोग से सरकार बनाई है। इसके पहले बतौर प्रधानमंत्री अपने इस कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने इसी गठबंधन के साथ की थी,लेकिन वह सरकार कुल तीन महीने ही चली। फिर साल भर प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार चलाई और अभी कड़वाहट के साथ दोनों अलग हुए। ज्यादा बड़ी बात यह है कि नई सरकार बनने के तीसरे-चौथे दिन ही मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों मुख्य दलों नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और सीपीएन (यूएमएल) के दो बड़े नेता लगभग एक क्विंटल सोने की स्मगलिंग में देश की मुख्य खुफिया संस्था सीआईबी द्वारा धर लिए गए हैं। सीआईबी के पास इस बात का सबूत है कि सीपीएन (माओवादी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा और उनके बेटे राहुल ने स्मगलरों के एक चीनी गैंग से फोन पर 256 बार बात की थी। इस पार्टी के युवा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दीपेश पुन इस मामले में पहले से ही अंदर हैं,जबकि नेपाल के पूर्व पुलिस प्रमुख और यूएमएल नेता सर्बेंद्र खनाल का नंबर महरा के साथ आया है।

याद रहे दिसंबर 2022 में,प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई,लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई। फिर मामले को दबाने और जांच के नाम पर लीपापोती करने की खबरें बाहर आने लगीं और यूएमएल का जैसे ही माओवादियों से गठबंधन टूटा,उसने संसद में इसको बड़ा मुद्दा बना दिया। कुछ मामूली जांच-पड़ताल के बाद बवाल बढ़ता गया तो नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चल रही प्रचंड सरकार ने मामले की जांच पूर्व चीफ जस्टिस दिली राज आचार्य के नेतृत्व में गठित आयोग को सौंपी जिसने न केवल कई हाई प्रोफाइल लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की अनुशंसा की,बल्कि साथ में इस आशय की बहुत तीखी टिप्पणी भी की कि सरकार की ओर से धुंध पैदा करने और दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए हैं। देखना है कि माओवादी और यूएमएल नेताओं की गिरफ्तारी से नई-नवेली सरकार की साख कितनी बहाल हो पाती है।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं,नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है,जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है,लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है। राजतंत्र की वापसी के लिए प्रयासरत शक्तियों को इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमले का एक नैतिक हथियार मिल गया है। नवंबर-दिसंबर 2023 में राजधानी काठमांडू समेत नेपाल के कई शहरों में राजतंत्र और हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए छोटे-बड़े प्रदर्शन हुए थे और पूरे नेपाल में इस मुद्दे पर एक यात्रा भी निकाली गई थी। 2008 में नेपाल से राजतंत्र के खात्मे और गणतंत्र की घोषणा के बाद से लोकतंत्र के प्रति अरुचि जताने वाले कई आयोजन हुए हैं,लेकिन पहला ही मौका था जब देश में नीचे तक फैले कर्ज संकट से इसको जोड़ दिए जाने के चलते आम जनता में इसे मजाक का विषय नहीं समझा गया। मामले का दूसरा पहलू प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी पहली बार अपने चौदह सांसद चुनवाने में सफल रही है। इससे भी बड़ी बात यह कि नेपाल में लोकतंत्र की प्रतीक समझी जाने वाली नेपाली कांग्रेस के आयोजनों में भी 'हिंदू राष्ट्र' का आकर्षण दिखने लगा है। उसके कुछ बड़े नेताओं ने भी ऐसे बयान दिए हैं।

> इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं,नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है। लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है,जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है,लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

चीन के लंबे हाथ-पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की यह खासियत मानी जाती रही है कि किसी पार्टी के साथ अपने गठबंधन से बाहर आते समय वे आगे के लिए गुंजाइश बचाकर रखते हैं। कटु भाषा का इस्तेमाल नहीं करते, ताकि आगे दोबारा-तिबारा उससे मिलना पड़े तो नेताओं और कार्यकर्ताओं के मन पर ज्यादा बोझ न रहे,लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस और खासकर उसके शीर्ष नेता शेर बहादुर देउबा के लिए उन्होंने 'भ्रष्ट' और 'दक्षिणपंथी' जैसे शब्द बोले। अजीब बात यह कि इसका कोई तात्कालिक कारण भी नहीं था।

सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्री चीन के साथ नेपाल के कूटनीतिक संबंधों को सहज नहीं होने देते थे और अमेरिकी सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते थे,लेकिन वे सत्तापक्ष के ज्यादा बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते थे तो यह उनका हक था। ऐसा कहा जा रहा है कि चीनी दूतावास ने अगर यूएमएल का रवैया बदलने को लेकर अतिरिक्त सक्रियता न दिखाई होती तो प्रचंड को नेपाली कांग्रेस का दबाव काफी लंबे समय तक बर्दाश्त करते रहने में भी कोई समस्या नहीं होती,लेकिन यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जब यह पेशकश की कि उनकी पार्टी सरकार में ज्यादा महत्वपूर्ण विभागों की मांग किए बगैर पूरे कार्यकाल के लिए प्रचंड को समर्थक देने को तैयार है,तब उनकी ओर से यह बयान जारी किया गया कि कांग्रेसी दबाव के चलते ही बतौर प्रधानमंत्री वे अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। बचे हुए साढ़े तीन सालों में भी प्रचंड की सरकार नेपाल के लिए कुछ कर पाती है या सोने की स्मगलिंग जैसे मामलों में सफाई देते हुए और राजतंत्र-हिंदू राष्ट्र वाली लहर का मुकाबला करते ही प्रधानमंत्री पद पर उनका बाकी समय गुजरता है, यह देखने की बात है।

एनसीपी (यूएमएल) के सारे नेता अभी काफी जिम्मेदारी वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन बतौर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पिछला कार्यकाल न केवल नेपाली लोकतंत्र के लिए, बल्कि भारत के लिए भी किसी दुःस्वप्न जैसा ही था। अभी उनकी नरमी शायद नेपाली राजनीति में अपना अलगाव घटाने के लिए है, लेकिन कुछ भूमिका इसमें चीनी दबाव की भी हो सकती है,जो भी हो प्रचंड के लिए आगे एक चुनौती भारत के सामने यह साबित करने की रहेगी कि अपने देश में वे चीन की छत्रछाया वाली गठबंधन सरकार नहीं चला रहे हैं।

## प्रसंगवश

# भगत सिंह और शादमान चौक



बलिदान दिवस

लाहौर (पाकिस्तान) में शादमान चौक वह जगह है,जहां 23 मार्च, 1931 को लाहौर जेल में राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया गया था। पहले यह लाहौर जेल का हिस्सा था जिसे तोड़कर यहां बड़ा ट्रैफिक चैराहा बना दिया गया,जो अब काफी भीड़ भरा इलाका है। विगत कुछ वर्षों से पाकिस्तान में शहीदे आजम भगत सिंह को याद करने की मुहिम चलाई जा रही है जिसके अगुआ वहां संचालित किए जा रहे भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी एडवोकेट हैं,जो लाहौर के शादमान चौक को 'भगत सिंह चौक' बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत हैं।

फाउंडेशन के लोग यहां भगत सिंह के फांसी दिवस पर इकट्ठे होकर शहीदे आजम की तस्वीरें हाथ में थामकर 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा बुलंद करते हुए आजादी के उस संघर्ष का स्मरण करते हैं जिसके लिए इन क्रांतिकारियों ने अपनी कुर्बानियां दीं। धर्म की बुनियाद पर बने और अपनी धरती के इतिहास से पूरी तरह विमुख पाकिस्तान में भगत सिंह जैसे विचारवान और धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी शहीद को याद करना सचमुच काबिले तारीफ है। यह इस दृष्टि से भी प्रशंसनीय है कि जिस नवसृजित देश ने प्रारंभ से ही अपने जमीनी इतिहास को पूरी तरह विस्मृत कर दिया हो,वहां लाहौर की धरती पर लड़े गए स्वाधीनता के एक महासंग्रामी को उसके शहादत स्थल पर याद करना किसी तरह कम जोखिम भरा नहीं है। यह पाकिस्तान की सरजमीं पर धारा के विरुद्ध तैरने सरीखा है। इम्तियाज रशीद कुरैशी और उनके साथियों की यह कोशिशें कई वर्षों से जारी हैं जिसकी सूचनाएं हमारे मुल्क में आने पर भगत सिंह को प्यार करने वाले लोग प्रसन्न होते हैं,जो स्वाभाविक भी है। बावजूद इसके हम चाहते हैं कि भगत सिंह की याद उनकी संपूर्ण वैचारिक चेतना और पक्षधरता के साथ हो,जो सचमुच कठिन कवायद है।



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

हमारे देश में ही भगत सिंह के अनेक नामलेवा उन्हें ब्रिटिश पुलिस अधिकारी साण्डर्स को मारने तथा संसद में बम फेंकने वाले बहादुर नौजवान के रूप में स्मरण करते हुए उनके 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे को इस तरह रेखांकित करते हैं गोया उनकी क्रांति का अर्थ बस मुट्ठियां बांधकर नारे लगाने, जयकारे करने या उनके बुतों पर फूल-मालाएं चढ़ाने तक महदूद हो। भगत सिंह कैसा समाज चाहते थे,उनके इंकलाब का अर्थ क्या था,उनके भीतर समाजवाद की समझ कैसी थी, धर्म और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर वे किस वैज्ञानिक तर्क से सोचते थे, जहां भाषा भी उनके लिए एक बेहद जरूरी मसला था। उनके समय में देश में अछूत समस्या पर उनका क्रांतिकारी दृष्टिकोण हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यहां तक कि भगत सिंह अपने चिंतन में नास्तिकता तक पहुंचकर बराबरी पर आधारित वैज्ञानिक समाजवाद की अत्यंत दृढ़ता से वकालत करते हैं। दुखःद है कि भगत सिंह को याद करते-करते हमने उनकी जन्मशती आने तक उनके सिर पर धर्म की पगड़ी भी पहना दी। यह भगत सिंह के प्रति बड़ा अन्याय है। यह क्रांतिकारियों की शहादत को जाति और धर्म के खाने में विभाजित करने का सोचा-समझा घिनौना षड्यंत्र है। हमने बार-बार कहा है कि धर्म आधारित राजनीति के पक्षधर कितनी ही कोशिशें कर लें,लेकिन पंजाब के उस साढ़े तेईस वर्ष के क्रांतिकारी नौजवान का सिर इतना बड़ा हो गया है कि उसके ऊपर कोई पगड़ी फिट नहीं हो सकती। मैंने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के लोग भगत सिंह की पगड़ी वाली तस्वीर का इस्तेमाल न करें।

पाकिस्तान में भगत सिंह पर चलाई जा रही मुहिम इस अर्थ में रंग लाई कि लाहौर की न्याय पालिका ने शादमान चौक का नाम बदलने का आदेश पारित कर दिया,लेकिन सरकार और व्यवस्था के हुक्मरान हैं कि वे इस आदेश का निष्पादन नहीं कर रहे। ऐसे में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्य न्यायालय की अवमानना का मुद्दा लेकर फिर वे अदालत जा धमके जिस पर अदालत ने फिर से व्यवस्थापकों को आदेश का अनुपालन न करने के मसले पर नोटिस जारी कर दिए। हम उम्मीद करते हैं कि शीघ्र इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और शादमान चौक का नामकरण शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर हो सकेगा। यह भगत सिंह को चाहने वालों की बड़ी जीत होगी।

# बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है धरती



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

> हाल के कुछ दशकों में एयर कंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है।

संयुक्त राष्ट्र ने अभी यह चिंता जाहिर की है कि हमारी धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संस्थान की ताजा रिपोर्ट के अनुसार धरती का बीता वर्ष अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री नीचे रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद मार्च 2023 से फरवरी 2024 के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया।

रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ग्रीन हाउस गैसों, भूमि और पानी के तापमान ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ पिघलने में हुई अप्रत्याशित वृद्धि का हवाला दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने चेतावनी दी है कि हमारा ग्रह खत्म होने के कगार पर है। यह रिपोर्ट पढ़कर कुछ सालों पहले की गई महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस की भविष्यवाणी की याद आती है। हॉकिंस के अनुसार इस पृथ्वी पर अब मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। वह इस ग्रह पर दस लाख साल बिता चुका है। उनके अनुमान के अनुसार पृथ्वी की उम्र अब महज दो सौ से पांच सौ साल ही बच रही है। या तो सूरज का ताप इसे निगल जाएगा या कोई धूमकेतु आकर इससे टकराएगा। अगर मनुष्य की प्रजाति को एक और दस लाख साल जीवित बचे रहना है तो उसे पृथ्वी छोड़कर किसी और ग्रह या उपग्रह की शरण लेनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र या हॉकिंस की चेतावनी को हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती। पृथ्वी का मौसम और यहां पर जीवन की परिस्थितियां जिस तेज रफ्तार से बदल रही है,उन्हें देखते हुए इस आसन्न संकट को हम खुद भी महसूस कर सकते हैं। छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए लगातार पृथ्वी का दोहन, प्रकृति के साथ अनाचार और नदियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। विकास के नाम पर वृक्षों की बेरहम हत्या की जा रही है। ईंट और कंक्रीट के निरंतर उगते जंगलों के कारण खेती की जमीन सिकुड़ रही है। पर्यावरण में आ रहे बदलावों के कारण जानवरों और पक्षियों की कई-कई प्रजातियां या तो विलुप्त हुई हैं या विलुप्ति के कगार पर हैं। धरती के बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र की सतह लगातार ऊपर उठ रही है। ज्यादा से ज्यादा भौतिक सुविधाएं हासिल कर लेने की जल्दबाजी में वे तमाम चीजें हम नष्ट कर रहे हैं, जो जीवन की बुनियादी जरूरतें हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण विकास की हमारी अंधी दौड़ की कीमत चुका रहे हैं। कल यह कीमत हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

यह सोचने का वक्त है कि अपनी मूर्खताओं से अगर पृथ्वी पर जीवन की परिस्थितियों को हमने नष्ट कर दिया तो हमारा अगला ठिकाना कहां होगा? हॉकिंस ने किन ग्रहों या उपग्रहों की बात सोची होगी? अब तक की वैज्ञानिक प्रगति के आलोक में फिलहाल भागने के दो ही विकल्प हमारे सामने दिखते हैं-चांद और मंगल। इन दोनों पर पानी,मिट्टी,हवा और जीवनानुकूल परिस्थितियों के मसले अभी हल नहीं हुए हैं। वहां थोड़ा-बहुत पानी मिल भी जाए तो क्या वह पृथ्वी के अरबों लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त होगा? वहां हवा तो होगी,लेकिन उस हवा का घनत्व क्या होगा? क्या असंख्य लोगों की सांसों से दूषित होने के बाद हवा की रिसायकलिंग कर उसे फिर से जीवनदायिनी बनाने वाले पेड़-पौधे वहां मौजूद हैं? वहां की चट्टानी सतह पर खेती कैसे होगी?

चांद और मंगल के बेहद कम गुरुत्वाकर्षण में हवा में असहाय उड़ते रहना कुछ दिनों के लिए तो रोमांचक लग सकता है,लेकिन ऐसा जीवन किसी को रास नहीं आने वाला। विज्ञान इनमें से कुछ मसलों के हल देर-सबेर खोज भी ले तो पृथ्वी के अरबों लोगों की ढोकर वहां कैसे ले जाएगा कोई? विस्थापन की इस प्रक्रिया में हजारों साल लगेंगे। अब यह तो नहीं हो सकता कि दुनिया के मुट्ठी भर साधन संपन्न लोग चांद या मंगल पर जाकर अपनी बस्तियां बसा लें और पृथ्वी के बाकी लोगों को प्रलय के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाए।

हाल के कुछ दशकों में एयरकंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इन यंत्रों का उपयोग बहुत आवश्यक होने पर ही करें। हमारी ये छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर हमारी पृथ्वी की उम्र थोड़ी लंबी अवश्य करेंगी। अगर दुनियाभर की सरकारों और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद पृथ्वी अपनी उम्र पूरी कर ही चुकी है और निकट भविष्य में सूरज इसे निगल जाने वाला है या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरा ही जाने वाला है। तब भी हमारे पास अभी जितना वक्त है उसे पृथ्वी और उसकी सभी संतानों के बीच अपना प्यार और संवेदनाएं बांटकर सार्थक और मूल्यवान बनाने का विकल्प तो हमारे पास बचा ही हुआ है।

## सोशल फोरम

# ब्रह्मांड के नियम

अधिकांश धार्मिक कर्मकांड ईश्वरीय सत्ता की कृपा और उसके अनुग्रह के लक्ष्य से किए जाते हैं। उनमें ईश्वर की परिकल्पना एक मनुष्य सरीखी होती है,जो खुश होकर कृपा करता है और नाखुश होकर दंड देता है। सभी कर्मकांड प्रतीकात्मक हैं,जो कालांतर में अंधविश्वास में परिणत होने की प्रवृत्ति रखते है।

अंतरिक्ष विज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ज्ञात ब्रह्मांड के महत्तम और सूक्ष्मतम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंगनुमा गतिशीलता तक पहुंचकर रुक गई है। यह वह बिंदु है,जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति (कण के रूप) में देखता है,वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो पाता। वह कण है या तरंग? दोनों, क्योंकि वह ऊर्जा के खंड की तरह काम करता है। बिग बैंग वाले स्टीफन हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है,नियमबद्ध है,किसी परम चेतना से संचालित नहीं है जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टाइन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे थे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अन्य अधिकांश वैज्ञानिकों की तरह न तो नास्तिक हैं, न धार्मिक विश्वास के अर्थ में आस्थावान।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

वे अपने को अज्ञेयवादी कहना ज्यादा उचित समझते थे। उनका दृढ़ मत था कि ईश्वर का मनुष्य के जीवन व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। न ही आइंस्टाइन परलोक या पुनर्जन्म को मानते थे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। किंतु वह न तो कोई व्यक्तिगत सत्ता है,न ही सृष्टिकर्ता,जो भी हो,एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं,जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके,जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके,जो आ पड़े उसे भोगना ही है। चाहे रोकर भोगें,चाहे हंसकर।

-फेसबुक वॉल से

# लोहिया की समाजवादी धारा का स्मरण



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

भारतीय समाजवादी आंदोलन के वैचारिक नायक डॉ. राममनोहर लोहिया की 114 वीं जयंती ऐसे समय में हैं जब देश में आम चुनाव शुरू हो गए हैं। सत्ताधारी दल जहां चार सौ के आंकड़े को पाने की घोषणा कर रहा है,वहीं विपक्षी दल संविधान/लोकतंत्र बचाने के लिए जनता से अपील कर रहे हैं। ऐसे में लोहिया की वैचारिक और राजनैतिक यात्रा का स्मरण करना बेहद प्रासंगिक है। देश की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की एकतरफा जीत के बाद प्रधानमंत्री बने पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों को लेकर लोहिया सड़क से संसद तक विरोध दर्ज कराते थे। कांग्रेस सरकार की अनेक योजनाओं का उन्होंने तथ्य और तर्क दोनों आधार पर विरोध किया। आम चुनाव में लोहिया ने जनता को आंदोलित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू के संसदीय क्षेत्र फूलपुर से चुनाव लड़कर जनहित के अनेक मुद्दों पर जनता को जागरूक करते हुए लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व को बताया।

लोहिया ने सप्त क्रांति, दाम बांधों सहित अर्थ नीति, भाषा नीति को जनता के बीच विमर्श का केंद्र बनाकर लोकतंत्र को सशक्त किया। अहिंसात्मक और सत्याग्रही सिविल नाफरमानी को लोहिया भारत के लिए जरूरी लोकतांत्रिक साधन मानते थे। उन्होंने राजनीति में पांच सुधारों क्रमशः अनुशासन दंड,निर्वाचन सावधानी,ओहदेदार की आंतरिक मर्यादा,साथियों और निर्वाचकों का जनमत,कमेटी की सदस्यता या ओहदे से अलगाव पर जोर दिया। इसी क्रम में समाजवादी सदस्यों को लोहिया ने साहित्य,जानकारी एवं ज्ञानवृद्धि की भूख पर जोर देने का आग्रह किया। लोकतंत्र में राजनैतिक कार्यकर्ताओं को अरमान,कर्म,अनुशासन और संगठन पर जोर लोहिया की प्राथमिकता में शामिल था। लोहिया भारत के इकलौते मौलिक चिंतक थे,जो वैचारिक और हाशिये के समाज दोनों में लोकप्रिय थे जिसका कारण वैश्विक एवं स्थानीय मुद्दों की लड़ाई लड़ने की उनकी जिजीविषा थी। सोशलिस्टों की सदन में संख्या कम होने के बाद भी वे नेहरू नीति कांग्रेस सरकार को सदन में ही घेर लेते थे। लोहिया की पार्टी के सदस्य राम सेवक यादव,कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया, मधू लिमये, महाराज सिंह भारती की बहस ने संसदीय परंपरा को जनकेंद्रित बनाने में सहयोग किया। लोहिया की धारा से निकले समाजवादी नेताओं ने उत्तर भारत से लेकर तटीय प्रदेशों तक अपनी नेतृत्व क्षमता से सत्ता के केंद्र में बने रहे।

यूपी बिहार में लोहिया की धारा से निकले समाजवादी दलों ने जातीय जनगणना और पीडीए का जो मुद्दा उठाया है उसकी आधारशिला साठ के दशक में सोशलिस्टों ने ही रखी थी। पिछड़े पांवे सौ में साठ का नारा लोहिया के दौर में ही मुखर हुआ था। आरक्षण और प्रतिनिधित्व की समस्या के समाधान के लिए वंचित समूहों को राजनीति की मुख्य धारा में लाने के प्रबल पैरोकार लोहिया ही थे। आज जब लोकसभा चुनाव सर पर हैं,ऐसे में मतदाताओं को उनका अधिकार एवं कर्तव्य बताते हुए मुद्दा आधारित राजनीति करने वाले दलों को समर्थन देना ही लोहिया को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। राजनीति में सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को अध्ययन,जमीनी संघर्ष से उपजे अनुभव के आधार पर जनता के बीच संवाद करना चाहिए। यही लोहियावादियों की धारा रही है। लोहिया का जीवनदर्शन यह संदेश देता है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की संख्या कम होने के बाद भी पूर्ण बहुमत की सरकार पर भी दबाव बनाया जा सकता है और उसे जनहित में कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

# पानी की हर बूंद कीमती



डीपी यादव
लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, लखनऊ

इस पृथ्वी पर मनुष्य,पशु-पक्षी व पेड़-पौधों के जीवन व अस्तित्व के लिए तमाम महत्वपूर्ण जरूरतों में से जल सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

वर्तमान में पूरी दुनिया जल संकट से जूझ रही है। जल को लेकर भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के जल का मात्र चार फीसदी हिस्सा ही है। देश में शहरों के साथ-साथ अब गांवों में भी जल संकट लगातार गहराता जा रहा है।

हाल ही में जारी नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत के कई शहर गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत वर्ष में जहां 2020 तक 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2030 तक लगभग 40 फीसदी लोगों के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा,जो कि एक बहुत ही गंभीर और चिंताजनक बात है। जल प्रदूषण के कारण जल गुणवत्ता के मामले में भी भारत की स्थिति चिंताजनक है। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों की सूची में 120 वें स्थान पर है। इसको हम इस प्रकार भी कह और समझ सकते हैं कि दुनिया में 122 देशों में से 119 देश भारत से अच्छा और शुद्ध जल पी रहे हैं। ये सभी आंकड़े भारत में जल की भयावह स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त हैं।

जल की बदहाल स्थिति बताती है कि जल प्रबंधन को लेकर अगर भारत वर्ष सावधान और गंभीर नहीं हुआ तो भविष्य में इसके गंभीर व भयावह परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जल की गंभीर समस्या को देखते हुए भारत की सरकार को चाहिए कि इस समस्या के समाधान के लिए एक वृहद रूपरेखा और कार्य योजना बनाए जिससे भविष्य में देश को जल संकट से न जूझना पड़े,क्योंकि जल है तो जीवन है। रहीम ने अपने दोहे के माध्यम से बहुत पहले ही कह दिया था कि-रहिमन पानी राखिए,बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती,मानुष,चून।।



**बारहवां रोजा**

शिया
सहरी : 04.33 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.41 बजे
इफ्तार : 06.21 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# 10 से 15 दिन के अंदर बूथों की सभी सुविधाएं करें दुरुस्त

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर जानी लोकसभा चुनाव की प्रगति, संबंधित अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने सीडीओ अंकुर कौशिक समेत अन्य अधिकारियों के साथ चुनाव के तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में लगे अधिकारियों से उनके कार्यों की प्रगति जानी।

बैठक के दौरान मतदान, मतगणना कार्मिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट, माइक्रो ऑब्जर्बर के नियुक्ति व प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही ईवीएम व वीवी पैट, स्वीप व्यवस्था, पोलिंग स्टाफ, मतदान केन्द्रों पर विद्युत, स्वच्छ पेयजल, रैम्प, पेन्टिंग, टेन्ट, शौचालय, वैरीकेडिंग, बूथों की संख्या का अंकन, मॉडल बूथ, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, मेज, कुर्सी, मच्छरदानी व मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि 10 से 15 दिन के भीतर सारी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं संपूर्ण करा ली जाए। समय से पहले सभी सुविधाएं पूर्ण करते हुए अंतिम समय का इंतजार न करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी,



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी संयुक्त प्रयास करते हुए मतदान केन्द्रों पर सभी आधारभूत सुविधाएं अगले 10 से 15 दिन में सुनिश्चित कर पीपीटी बनाकर प्रस्तुत करें। वही जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों को कंट्रोल रूम से संचार के माध्यम से जोड़ने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों पर विधुत आपूर्ति सुनिश्चित करायें। सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों/बूथों का भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया कि समस्त सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट की बैठकें एक बार आयोजित की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि मतदान, मतगणना कार्मिक ईवीएम एवं वीवी पैट/सामान्य प्रशिक्षण व्यवस्था का तिथिवार चार्ट बनाकर प्रशिक्षण कराया जायेगा। सहायक प्रभारी अधिकारी जिला विकास अधिकारी द्वारा ईवीएम व वीवीपैट सामान्य प्रशिक्षण व्यवस्था के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी ।उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित कर ली जाय।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बूथों पर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि विधानसभा वार तीन मॉडल मतदान केंद्र, एक दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाये जाने व उन पर सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सुनिश्चित करायें। उन्होंने प्रेक्षकों/मतगणना पंडालों तथा डीएमसी में कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था समय से कराने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. संतोष कुमार समेत अन्य अधिकारी रहे।

## एक नजर

### बेटी को भगाने का मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 13 मार्च को एक महाविद्यालय में घर से पढ़ने के लिए गई थी। शाम को जब वह वापस नहीं आई तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। कहीं पता नहीं चला। तभी इसी बीच 16 मार्च को युवक की मां पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर बताया कि उसके बेटे ने उनकी पुत्री को भाग ले गया है। मां ने बेटे का मोबाइल नंबर भी दिया। मोबाइल का स्विच ऑफ था। बृहस्पतिवार की रात पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

### हनुमानगढ़ी पर विशाल भंडारे का आयोजन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआकला थाना क्षेत्र में हसनपुर में स्थित हनुमानगढ़ी महावीरन धाम पर शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया प्राचीन हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पाठ के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। श्री राजा ने कहा हर वर्ष की भांति इस साल भी प्राचीन हनुमान मंदिर पर शाम पांच बजे से महाप्रसाद वितरण होगा। उन्होंने भक्तों से पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है ।

### मारपीट करने वाले खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली के बिजेथुआ राजापुर गांव में विपक्षी ने लाठी से मारकर मां बेटे को घायल कर दिया। आरोप है कि दोपहर दो बजे विपक्षी हाथ में लाठी लेकर विकास दुबे के घर आया और अनायास गाली गलौज देने लगा। मना करने पर घर में घुसकर विकास को मरने लगा। बीच बचाव करने पहुंची उनकी मां बसंता को भी मारा। जिससे उनका हाथ टूट गया। पीड़ित विकास की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही संतोष दुबे के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डीएड की मान्यता को 5.25 लाख हड़पे

**जालसाजी**

- प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच-पड़ताल

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** डीएड (विशेष शिक्षा) की मान्यता दिलाने के नाम पर विद्यालय के प्रबंधक से पांच लाख 25 हजार रुपए के लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले में नामजद केस दर्ज कर जांच शुरू किया है।

स्थानीय कोतवाली के दूधनाथ सिंह स्मारक महाविद्यालय अल्देमऊ नूरपुर के प्रबंधक पुष्पेंद्र बहादुर सिंह का आरोप है कि उन्होंने अपने महाविद्यालय में डीएड विशेष शिक्षा (दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए विशेष कोर्स) की मान्यता के लिए कोतवाली के गोपालपुर नमाजगढ़ के निवासी सतीश कुमार से बातचीत की। उन्होंने मुझे डॉ शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय में कार्यरत रजनी चौहान का मोबाइल नंबर दिया और मान्यता के संबंध में उनसे बात करने को कहा।

वार्ता के दौरान रजनी चौहान ने कहा कि मान्यता प्राप्त करने के लिए 10 से 12 लाख रुपए लगेंगे। उन्होंने अपना खाता नंबर भी मुझे दिया। प्रबंधक ने मान्यता प्राप्त करने के लिए उन्हें कई किस्तों में 5 लाख 25 हजार रुपए उनके खाते में भेजा। तहरीर में कहा है कि पैसा देने के बाद भी प्रबंधक बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा है। मान्यता प्रपत्र की मांग करने पर चौहान ने कोई प्रपत्र नहीं दिया। पैसा वापस मांगने पर कहती है कि पाई पाई चुकता कर दूंगी। पैसा वापस करने के लिए मेरा खाता संख्या भी मांगी गई। किंतु एक भी पैसा वापस नहीं किया। कई बार पैसा वापस मांगने पर लखनऊ में अकेले आकर पैसा वापस लेने की बात करती हैं।

प्रबंधक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रजनी चौहान निवासी दुर्गा कॉलोनी नियर दुर्गा टेंपल फतेहगढ़ फरूखाबाद के विरूद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दहेज प्रथा पर आधारित नाटक ने झकझोरा

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** रानी लक्ष्मी बाई स्मारक बालिका इंटर कालेज व महाविद्यालय शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक व कालेज प्रबंधक चंद्रभद्र सिंह सोनू ने बच्चों का किया उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बच्चों द्वारा मंचित किया गया दहेज प्रथा सहित देश भक्ति के कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान समाजसेवी बीरबल सिंह, गोमती अग्रहरि, सूरज सिंह, सुनील सिंह, अकील अहमद, माता प्रसाद यादव, कालेज की प्राचार्य मालती वर्मा, कार्यवाहक प्राचार्य नवीन कुमार गुप्ता, विभा सिंह, कंचन सिंह, अमरीश सिंह आदि मौजूद रहे।

# कोर्ट में पेश नहीं हुए सांसद राहुल गांधी



- अब दो अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को विशेष कोर्ट में बयान दर्ज कराने हाजिर नहीं हुए। उनके अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने राहुल गांधी की केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में बैठक का हवाला देते हुए मौके की मांग की गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए दो अप्रैल की तारीख नियत की है।

कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें शुक्रवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

### अधिवक्ता हत्याकांड में नहीं तय हो सके आरोप

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को जेल से आरोपियों के न आने के कारण आरोप नही तय हो सके। वादी पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया सेशन कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए एक अप्रैल की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर बीते साल छह अगस्त को गोली मारकर दीवानी के अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई और भाई मुनव्वर घायल हो गया था ।लखनऊ की जेल में बंद आरोपी इस्माइल उर्फ प्रिंस सेशन कोर्ट कोर्ट नही लाया जा सका। घटना में सोहराब, अख्तरुन, शहजाद, शमीम, मेराज, सलमान इकराम समेत अन्य आरोपी हैं जिन पर आरोप तय होने हैं। वहीं, मुख्य आरोपी सिराज अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** सड़क दुर्घटना में एक बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। उसमें से एक ने जिला अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। दूसरे का इलाज जारी है।

गुरुवार देर रात दिवाकर निषाद (24) पुत्र मुसई निषाद और अरुण निषाद (26) पुत्र आनंद निषाद निवासी नानेमऊ थाना मोतिगरपुर क्षेत्र के ही महमूदपुर जंगल गांव स्थित रिश्तेदारी से देर रात घर जा रहे थे। रात करीब 11 बजे दोनों बाइक से मोतिगरपुर कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक के सामने बने नए ब्रेकर पर पहुंचे ही थे कि अनियंत्रित होकर गिर पड़े। स्थानीय पुलिस पहुंचकर एम्बुलेंस को देर होता देख ठेले से दोनों को तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित सीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि निजी वाहन से लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाते समय अरुण की रास्ते में मौत हो गई। वहीं, दिवाकर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मौत की खबर सुनकर मृतक अरुण के परिवारजन बदहवास हो गए। शुक्रवार शाम को शव घर पहुंचा तो मां सुलोचना व बहन सृष्टि बेसुध हो गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# घरों के ऊपर से खींचा तार, विरोध



घरों के ऊपर से खींचा जा रहा हाईटेंशन लाइन का तार।

- बभनपुर गांव में घर व स्कूल के ऊपर से विद्युत अधिकारी खींच रहे हैं नई हाइटेंशन लाइन

चांदा, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रतापपुर कमैचा विकास खंड के बभनपुर गांव में बिजली विभाग के अधिकारी जबरन गांव के बीच से हाइटेंशन लाइन का तार घर व स्कूल के ऊपर से खींच रहे है। ग्रामीणों ने इसका विरोध कर बिजली विभाग अधिकारियों व जिलाधिकारी से रोक लगाने की मांग की है।

क्षेत्र के बभनपुर गांव में बिजली विभाग गांव के बीच से 11,000 पावर लाइन के हाइटेंशन लाइन की नयी बिजली लाइन बना रहा है। यह लाइन गांव के बीच से गुजरी सड़क किनारे से होकर बनाई जा रही है। जिसके चलते पावर बिजली का तार गांवों के बने पुराने घर मकान और आंगनबाड़ी केन्द्र के ऊपर से गुजर रहा है। ग्रामीणों ने इस पावर लाइन बनाने का विरोध किया तथा बिजली तार गांव के बगल से बाग किनारे से बनाने की बात कही है। जिससे आम जन पशु पक्षी व आंगनबाड़ी केंद्र के नौनिहाल भी सुरक्षित रहें। बभनपुर गांव के अंजनी, सभाजीत, रामजीत, अमित कुमार आदि लोगों ने घरों के ऊपर से बिजली लाइन बनाने पर रोक की मांग की है तथा मामले की लिखित शिकायत एसडीओ बिजली तथा अधिशाषी अभियंता और डीएम से की है।अवर अभियंता कोइरीपुर आंनद जयसवाल ने बताया कि सड़क किनारे से लाइन बन रही है। लोग रोक रहे है तो क्या करें, लाइन कहा से बनाएं। वह ग्रामीणों की जान को खतरे के बावत कहते है कि हम अपना काम कर रहे है।

## सार-संक्षेप



हलियापुर में पैदल मार्च करते पुलिस अधिकारी व सीआरपीएफ के जवान।

### अति संवेदनशील बूथों पर किया गया पैदल मार्च

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को हलियापुर थाने के उपनिरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक रामजी व थाने के सिपाहियों ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ पैदल मार्च किया। पैदल मार्च हलियापुर कस्बे से शुरू होकर काकर कोला, उसकामऊ, फत्तेपुर, तौधिकपुर, सराय बग्घा, तिरहुत तक करीब दस किलोमीटर पैदल मार्च किया। उपनिरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया पैदल मार्च किए गए स्थल अति संवेदनशील है। मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

### नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त का आगमन आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रदेश के नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स शनिवार को गृह जनपद सुलतानपुर आएंगे। रामबरन पीजी कॉलेज बिभारपुर रूपिनपुर में स्थित माता मैहर वाली मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद श्याम कुमारी इंटर कॉलेज पेमापुर रुपिनपुर में पहुंचकर माता श्याम कुमारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यहां से सीधे बिजेथुआ महावीरन धाम दर्शन को जाएंगे। यह जानकारी रामबरन पीजी कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने दी है।



वीरेंद्र सिंह वत्स।

### हिंदू देवताओं पर टिप्पणी करने पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर हिंदू हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में एक व्यक्ति के ऊपर केस दर्ज किया गया है। कोतवाली के दौलतपुर गांव के प्रशांत यादव का आरोप है कि बरवारीपुर गांव के प्रेम श्याम ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की है। प्रशांत की तहरीर पर पुलिस ने प्रेम श्याम के विरुद्ध बृहस्पतिवार की रात केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पंकज के जिला सचिव बनने से समर्थकों में खुशी

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के फुटेला गांव निवासी दिग्विजय सिंह पंकज को जिला सचिव नियुक्त किया है। श्री सिंह की नियुक्ति से प्रतापपुर कमैचा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए इसे सही समय पर उठाया गया सही कदम बताया। स्मरण रहे कि दिग्विजय सिंह पंकज ब्लॉक अध्यक्ष पीपी कमैचा रहे हैं। श्री सिंह के मनोनयन पर चंदन सिंह, पंकज सिंह, अनिल सिंह आदि ने बधाई दी हैं।

### पॉक्सो केस में किशोर को भेजा गया जेल

**मोतिगरपुर, अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव के किशोर को मोतिगरपुर के दियरा रोड स्थित एक अस्पताल के पास से बुधवार रात को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ज्ञानचंद शुक्ला ने बताया कि बाल अपचारी किशोर को गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय भेजा गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### पलक को गोल्ड मेडल के साथ मिला प्रशस्ति पत्र

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को केएनआईसीई करौंदिया विवेक नगर में वर्ष 2024 का परीक्षा फल वितरण व अभिभावक शिक्षक गोष्ठी हुई। कक्षा 9 की छात्रा पलक पांडेय को अपनी कक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने के लिए गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। उनके पिता संतोष पांडेय एक हिंदी दैनिक अखबार में पत्रकार है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एनडी सिंह और कक्षा अध्यापक हसनात ने पलक पांडेय को गोल्ड मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दम दिखाएंगे निखिल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के मुक्केबाज निखिल यादव का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2024 में हुआ है। प्रतियोगिता शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी। सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में जिले की ही मुक्केबाजी प्रशिक्षक शुभेंद्र यादव द्वारा उत्तर प्रदेश टीम के प्रशिक्षक के रूप में प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी मिली है। इस सफलता पर जिला क्रीड़ा अधिकारी सवेंद्र सिंह चौहान, सचिव वेद प्रकाश चैंपियन, विजय यादव, कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र मिश्र ने खुशी जताई है।

# हर युवा जुड़े सेवा कार्य सेः अभिषेक

- सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री से सम्मानित युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह ने कहा कि मनुष्य की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। हर युवा को सेवा कार्य से जरुर जुड़ना चाहिए। संवेदनशीलता और शिक्षा का गहन संबंध है। अगर पढ़े लिखे लोग संवेदनशील नहीं हुये तो उनकी शिक्षा का कोई महत्व नहीं है।

वह शुक्रवार को श्री संस्कृत महाविद्यालय करौंदिया में चल रहे राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के समापन समारोह को बतौर मुख्य वक्ता



एनएसएस शिविर को संबोधित करते युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह। अमृत विचार

सम्बोधित कर रहे थे। प्राचार्य प्रो दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थी समाज और देश की सेवा में लगे तभी शिक्षा सार्थक होगी। अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक बालचंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को जो कुछ भी सकारात्मक सीख मिली है उसे व्यावहारिक जीवन में उतारें। संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ.प्रभात कुमार श्रीवास्तव व आभार ज्ञापन डॉ.नीतू सिंह ने किया। समारोह को श्री संस्कृत महाविद्यालय के प्रबंधक शारदा प्रसाद मिश्र, कार्यक्रम प्रभारी डॉ बृजेश सिंह आदि ने भी संबोधित किया। प्रबंधक, प्राचार्य व अतिथियों ने एनएसएस ध्वज उतार कर शिविर का समापन किया। इस अवसर पर परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

# मेधावियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** हैलो चैंप्स स्कूल सीताकुंड में शुक्रवार को पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरण समारोह विद्यालय प्रबंधक संदीप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या साक्षी श्रीवास्तव ने छात्रों को शिक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को ट्रॉफी और पदक दिए गए और हर छात्र को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें विभिन्न उपाधियों जैसे वर्ष का छात्र, शैक्षिक उत्कृष्टता प्रमाणपत्र, उत्साही शिक्षार्थी, सबसे रचनात्मक छात्र, सबसे समय पर आने वाला छात्र, और ऐसे ही अन्य खिताबों से सम्मानित किया गया। यहां आदिति पांडेय, दीवांशी रचिता, सोनाली शर्मा, चारु श्रीवास्तव, अंजलि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# चुनावी बांड पर कांग्रेस ने की बैठक, बताया चंदा का धंधा

सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा इलेक्टोरल बांड पर दिए गए फैसले व इनकम टैक्स विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी के फ्रीज कर दिए गए खाते के संबंध में प्रेस कांफ्रेंस हुई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने इस चुनावी बांड को लाये जाते समय ही विरोध किया था। पहले ही कह दिया था कि इलेक्टोरल बांड आने वाले समय में बहुत बड़ा घोटाला साबित होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने बांड को असंवैधानिक घोषित कर इसकी पुष्टि कर दिया है।सरकार जाने के भय से मोदी देश के लोकतंत्र को ही समाप्त कर देना चाहते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, एआईसीसी सदस्य व प्रदेश सचिव फिरोज अहमद, पीसीसी सदस्य तेज बहादुर पाठक, जिला महासचिव राम आशीष पांडेय ममनून आलम, उपाध्यक्ष पवन मिश्रा कटांवा, महासचिव जनार्दन शुक्ला नकी जाफर, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह सिराज अहमद भोला, जिला सचिव धर्मराज मिश्र, तेरस रामपाल, शीतल साहू, संतोष तिवारी इमरान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रक में पीछे से बस ने मारी ठोकर, एक चोटिल

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्थानीय थाना क्षेत्र के द्वारिका गंज चौकी अंतर्गत अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग पर बम्हरौली के पास गुरुवार की रात आगे चल रही ट्रक में पीछे से आ रही परिवहन निगम की बस ने ठोकर मार दी। हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गई वहीं एक यात्री घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा। जहां मौजूद चिकित्सक ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान लालता प्रसाद निवासी विश्वनाथपुर जिला बहराइच के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी द्वारिकागंज अमित सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त हुई गाड़ियों को हटवाकर आवागमन शुरु कराया।

**भ्रष्टाचार** — एनएचएआई के ठेकेदारों के कार्य की कर रही चुगली, शहर में भारी वाहनों के आवागमन से लगने लगा जाम

# माह भर में तीसरी बार टूटा गोमती का टांटियानगर पुल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अयोध्या में भव्य व दिव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ गया है। दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग से ही अयोध्या पहुंच रहे है, लेकिन आए दिन राजमार्ग पर टाटिया नगर पुल बार बार-बार टूट जानें से जहां श्रद्धालुओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वही सेतु निगम द्वारा हो रहा भ्रष्टाचार भी उजागर हो रहा है।

बीते 24 फरवरी की रात अचानक टाटिया नगर का पुल टूट जानें से आवागमन बाधित हो गया



टांटियानगर पुल पर शुरू हुआ मरम्मत का कार्य। अमृत विचार

था। भ्रष्टाचार के विरोध में कांग्रेस ने डीएम ऑफिस पर धरना प्रदर्शन भी किया था। विभाग ने आनन फानन में मरम्मत करा करीब सप्ताह भर बाद आवागमन शुरू करा दिया था। एक बार फिर पुल 7 मार्च को टूट गया तो एक तरफ से यातायात बहाल कराया गया था। निर्माण के सप्ताह भर बाद ही फिर गुरुवार की रात फिर पुल टूट गया। पुल टूट जानें से आवागमन बाधित हो जानें से शहर में जाम लगने लगा। शहर में लगा जाम, बढ़ी परेशानी बाईपास से होकर गुजरने वाले वाहन पुल खराब होने के कारण शहर से होकर गुजरने लगे हैं। भारी वाहनों का आवागमन शहर में बढ़ जाने जाम की समस्या बढ़ गई है। वहीं शहर की सड़के भी टूटने लगी है। बीते दिनों दरियापुर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया था। इसे लेकर लोगों ने पुल की सही से मरम्मत कराकर यातायात बहाल कराने की मांग की है।

> पुल का मरम्मत का कार्य चल रहा है, जल्द ही आवागमन बहाल करा दिया जाएगा। –एसबी सिंह, एनएचएआई निदेशक

### एसपी ने जारी की है एडवाइजरी

टाटिया नगर पुल टूट जानें से जब शहर में जाम बढ़ने लगा तो एसपी सोमेन बर्मा ने एक आदेश जारी किया। एसपी के आदेश के मुताबिक बड़े वाहनों को पहले सुबह सात बजे से नौ बजे तक प्रवेश बंद था। लेकिन होली के चलते बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह सात बजे से दस बजे तक बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश रोक दिया है।

# सामाजिक समरसता का रंग बिखेरती हैं होली की शोभायात्राएं

## गोरक्षपीठ की सहभागिता होने से गोरखपुर की यह शोभायात्राएं होती हैं प्रदेश भर में आकर्षण का केन्द्र, इस बार भी तेज हैं तैयारियां

गोरखपुर

**अमृत विचार।** गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली गोरखपुर में होली का उल्लास सामाजिक समरसता का चटक रंग लिए हुए उफान पर होता है। होलियाना माहौल में यहां निकलने वाली दो प्रमुख शोभायात्राएं खास संदेश देते हुए पूरे प्रदेश के लिए आकर्षण का केंद्र बनती हैं। इन दोनों शोभयात्राओं (होलिका दहन और होलिकोत्सव) में गोरक्षपीठ की सहभागिता होने से गोरखपुर का रंगपर्व दशकों से विशिष्ट बना हुआ है। इन शोभायात्राओं में सामाजिक समरसता और समतामूलक समाज का प्रतिबिंब नजर आता है। बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री बनने के बाद भी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद शोभायात्राओं में शामिल होते हैं। इस साल भी 24 मार्च की शाम को पांडेयहाता से निकलने वाली होलिका दहन शोभायात्रा तथा 26 मार्च की सुबह घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सीएम योगी के सम्मिलित होने की उम्मीद है।

बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर रंगपर्व के आयोजनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सहभागिता गोरक्षपीठ के मूल में निहित संदेश के प्रसार का हिस्सा है। रंगों के प्रतीक रूप में उमंग व उल्लास का पर्व होली गोरक्षपीठ के सामाजिक समरसता अभियान का ही एक हिस्सा है। इस पीठ की विशेषताओं में छुआछूत, जातीय भेदभाव और ऊंच नीच की खाई पाटने का जिक्र सतत होता रहा है। समाज मे विभेद से परे लोक कल्याण ही नाथपंथ का मूल है और ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ द्वारा विस्तारित इस अभियान की पताका वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फहरा रहे हैं। गोरक्षपीठ की अगुवाई वाला रंगोत्सव सामाजिक संदेश के ध्येय से विशिष्ट है।

सामाजिक समरसता का स्नेह बांटने के लिए ही गोरक्षपीठाधीश्वर दशकों से होलिकोत्सव (भगवान नृसिंह शोभायात्रा) में शामिल होते रहे हैं। 1996 से 12019 तक शोभायात्रा का नेतृत्व करने वाले योगी वर्ष 2020 और 2021 के होलिकोत्सव में लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए इसमें शामिल नहीं हुए थे। सफल कोरोना प्रबंधन का पूरी दुनिया में लोहा मनवाने और इस वैश्विक महामारी को पूरी तरह काबू में करने के बाद सीएम योगी 2022 से पांडेयहाता से निकलने वाले होलिका दहन शोभायात्रा और घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह होलिकोत्सव शोभायात्रा में सम्मिलित होने लगे।

24 मार्च को होलिका दहन समिति के द्वारा पाण्डेयहाता से निकलने वाली शोभायात्रा में गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। यह शोभायात्रा कई वर्षों से निकाली जाती है। यह शोभायात्रा पाण्डेयहाता से घंटाघर, नार्मल, मदरसा चौक, घासीकटरा, ईदगाह रोड, आर्यनगर, नखास चौक, घंटाघर होते हुए पाण्डेयहाता पर समाप्त होगी उसके बाद होलिका दहन देर रात 12.23 से 1 बजे के बीच जलाया जायेगा।


होली पर निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ। फाइल फोटो

### होलिका की राख के तिलक से होती है शुरुआत

गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर में होलिकोत्सव की शुरुआत होलिका दहन या सम्मत की राख से तिलक लगाने के साथ होती है। इस परंपरा में एक विशेष संदेश निहित होता है। होलिका दहन की राख से तिलक लगाने के पीछे का मन्तव्य है भक्ति की शक्ति को सामाजिकता से जोड़ना। होली के दिन दोपहर बाद गोरक्षपीठाधीश्वर के सानिध्य में गोरखनाथ मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन भी होता है।

### नानाजी देशमुख ने की थी रंगोत्सव शोभायात्रा निकालने की शुरुआत

गोरखपुर में भगवान नृसिंह रंगोत्सव शोभायात्रा की शुरुआत अपने गोरखपुर प्रवासकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक नानाजी देशमुख ने 1944 में की थी। गोरखनाथ मंदिर में होलिका दहन की राख से होली मनाने की परंपरा इसके काफी पहले से जारी थी। नानाजी का यह अभियान होली के अवसर पर फूहड़ता दूर करने के लिए था। नानाजी के अनुरोध पर इस शोभायात्रा का गोरक्षपीठ से भी गहरा नाता जुड़ गया। ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ के निर्देश पर महंत अवेद्यनाथ शोभायात्रा में पीठ का प्रतिनिधित्व करने लगे और यह गोरक्षपीठ की होली का अभिन्न अंग बन गया। 1996 से योगी आदित्यनाथ ने इसे अपनी अगुवाई में न केवल गोरखपुर बल्कि समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामाजिक समरसता का विशिष्ट पर्व बना दिया। अब इसकी ख्याति मथुरा-वृंदावन की होली सरीखी है और लोगों को इंतजार रहता है योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाले भगवान नृसिंह शोभायात्रा का। पांच किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाली शोभायात्रा में पथ नियोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता करते हैं और भगवान नृसिंह के रथ पर सवार होकर गोरक्षपीठाधीश्वर रंगों में सराबोर हो बिना भेदभाव सबसे शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं।



होली पर निकलने वाली शोभायात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीएम व एसएसपी। अमृत विचार

### डीएम व एसएसपी ने शोभायात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** होलिका दहन समिति के तत्वाधान में रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने निरीक्षण किया। इस दौरान ड्रोन कैमरे से मुख्यमंत्री योगी की प्रस्तावित शोभायात्रा के मार्ग का जायजा लिया गया। कुछ मकानों की छतों पर रखे लि ईंट-पत्थर हटवाने के लिए सम्बंधित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। इसके अलावा एसएसबी जवानों के साथ सभी मार्गों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसपी सीटी कृष्ण विश्नोई, सीओ कोतवाली राजघाट थाना प्रभारी कोतवाली थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।



### 12वां रोजा

**शिया**
सहरी : 04 .45 बजे, रविवार
इफ्तार : 06 .22 बजे, शनिवार

**सुन्नी**
सहरी : 04 .49 बजे, रविवार
इफ्तार : 06 .12 बजे, शनिवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### पैग़ाम ए रमज़ान

हम सभी जब हों परेशान, ज़रा सब्र करें। यह सबक़ दे रहा रमज़ान, ज़रा सब्र करें।। सच है कि सब्र का फल मीठा ही होता है सदा। मुश्किलें होती हैं आसान, ज़रा सब्र करें।।
**नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर**

### एक नजर

#### मिलकर सफल बनाएं संचारी व दस्तक अभियान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य महकमा के साथ-साथ तहसील प्रशासन भी तैयारी में जुट गया है। इसी के तहत शुक्रवार डुमरियागंज तहसील सभागार में एसडीएम डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित ने स्वास्थ्य विभाग तथा बाल विकास परियोजना सहित राजस्व कर्मियों के साथ बैठक करके अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम डॉक्टर संजीव दीक्षित ने बताया कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग उन्मूलन कार्यक्रम तथा 10 अप्रैल से 30 अप्रैल दस्तक अभियान चलाया जाना है। इसमें आप लोगों को सक्रिय भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की आवश्यकता है। आशा बहू तथा अन्य गांव स्तरीय कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि इस अभियान में कोई भी संबंधित विभाग का आधिकारी-कर्मचारी लापरवाही ना बरते। इस दौरान तहसीलदार डॉक्टर संतराज सिंह बघेल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विकास चौधरी, सीडीपीओ अभय प्रताप सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र श्रीवास्तव, एलटी राजेश, वीरेंद्र यादव, वंदना, रोजी, निकहत आदि मौजूद रहीं।

# होली पर बाजार में सक्रिय हैं मिलावटखोर, विभाग मौन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सावधान आप कहीं मिठाई की जगह जहर तो नहीं खरीद रहे हैं। होली पर मिठाई, गुझिया, खोया की मांग बढ़ जाती है। लोग लंबी-लंबी लाइनें लगाकर खरीदारी करते हैं। ऐसे में बाजार के मिलावटखोर अधिक मुनाफा कमाने के लिए मिलावट करने लगते हैं जो सेहत के लिए हानिकारक होता है। आम जनता को मिलावटी खोए की पहचान नहीं होती है और वह धोखा जाते हैं।

लगभग हर घरों में होली के दिन खोवे की मांग बढ़ जाती है जहां एक तरफ दुकानदार अधिक दाम में खोया बेचता है। मिलावटी खोए से बनी मिठाइयां भी होली के पर्व पर बिकती हैं और लोग उसे चाव से खरीद कर घर ले जाते हैं तथा एक दूसरे को होली की मिठाई भी देते हैं। किंतु उन्हें क्या पता है कि हम जो मिठाई को खरीद कर गिफ्ट कर रहे हैं या घर ले जा रहे हैं उसमें मिला हुआ सामग्री मिलावटी है। मिठाई एवं अन्य सामान खुलेआम बेचते हैं। कुछ लोग तो पाम तेल का इस्तेमाल कर मिठाई बनाते हैं और बेचते हैं। ऐसे में सावधान न रहने पर काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### गैरइरादतन हत्या में पति-पत्नी को सजा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व पथरा बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के आरोपी को 3 वर्ष के कारावास व 7,000 के अर्थदण्ड व मार-पीट के अभियुक्ता को 1 वर्ष के कारावास व 2,000 अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। थाना पथरा बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश मो. शफीक अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बांसी द्वारा अभियुक्त अब्दुल खैर निवासी नदया थाना पथरा बाजार को व उसकी पत्नी अभियुक्ता सायरा खातून को दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ईश्वर चन्द्र दुबे तथा न्यायालय पैरोकार मु0आ0 मनीष मौर्य का योगदान रहा।

# होली पर हुड़दंग करने पर होगी सख्त कार्रवाई

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** आगामी पर्व होली के त्योहार को आपसी भाईचारा एवं शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शुक्रवार को शोहरतगढ़ के उपजिलाधिकारी कमेन्द्र के अध्यक्षता में थाना परिसर मे पीस कमेटी की बैठक की गयी। पीस कमेटी मे शोहरतगढ़ नगर पंचायत के साथ क्षेत्र के दोनों समुदायों के तमाम जनप्रतिनिधि एवं सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

एसडीएम कमेन्द्र ने कहा कि होली पर्व मिलन एवं भाईचारा का त्यौहार है। आप सब एक-दूसरे के प्रति स्नेह भावना रखते हुए शान्तिपूर्ण ढंग से मनायें। थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने कहा कि होली के पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के साथ आराजक तत्वों से दूर रहें, हुड़दंग और खतरनाक रंगो से परहेज करें। उपद्रवी लोगों के ऊपर पुलिस की पैनी नजर हमेशा बनी रहेगी। बैठक में शोहरतगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने बताया कि हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी होली पर्व में शान्तिपूर्ण ढंग से शोभयात्रा निकाली जायेगी। उपजिलाधिकारी कमेन्द्र एवं थानाध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय ने शान्तिपूर्ण ढंग से शोभयात्रा को सम्पन्न करने के लिए दोनो समुदाय के सम्भ्रान्त लोगों से अपील किये।

इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अनूप कसौधन, अल्ताफ खान, किशोरी लाल गुप्ता, अभय सिंह, राम मिलन चौधरी, बब्लू गौड़, सतीश चंद्र, मेराज आलम, गोलू, महेश कसौंधन, जय प्रकाश पाण्डेय, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम कमेन्द्र। अमृत विचार

# होली पर विशेष गाड़ियों का किया जाएगा संचालन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** होली पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 09457/09458 साबरमती-छपरा-अहमदाबाद होली अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन साबरमती से 23 मार्च को तथा छपरा से 24 मार्च को एक फेरे के लिए किया जायेगा। इसके अलावा 04016/04015 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली होली विशेष गाड़ी का संचालन नई दिल्ली से 22 मार्च को तथा गोरखपुर से 23 मार्च को एक फेरे के लिए किया जाएगा। 04018/04017 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली होली विशेष गाड़ी का संचालन 23 मार्च को तथा गोरखपुर से 24 मार्च को एक फेरे के लिए किया जाएगा। 05698/05697 अगरतला-गोरखपुर-अगरतला होली विशेष गाड़ी का संचालन 24 मार्च को तथा गोरखपुर से 25 मार्च को एक फेरे के लिए किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### सीट-बर्थ का चार्ट का जारी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** होली पर्व पर यात्रियों और जनता की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। विशेष गाड़ियों में बर्थ/सीट की उपलब्धता का चार्ट शुक्रवार शाम जारी कर दिया गया है। जिसमें विभिन्न् रेलगाड़ियों में अनारक्षित सीट व बर्थ की जानकारी दे दी गई है। यह जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यात्रीगण इन विशेष गाड़ियों में बर्थ/सीट आरक्षित कराकर यात्रा को सुखद एवं आरामदेह बनाएं।

### रेलगाड़ी का संचालन निरस्त

रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से 25 मार्च को 82501/82502 लखनऊ जं.-नई दिल्ली-लखनऊ जं. तेजस एक्सप्रेस का संचालन निरस्त रहेगा।



# रामपाल ने खिलाया था पहली बार कमल

**डुमरियागंज लोकसभा सीट**

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले के सृजन के बाद यहां का दूसरा लोकसभा चुनाव बहुत रोचक और रोमांचक रहा। इस चुनाव में कुछ ऐसी हवा चली की भाजपा के एक गैर राजनीतिक उम्मीदवार ने कांग्रेस व सपा के दो दिग्गजों और उस समय की चर्चित पत्रकार को भी धूल चटा दी। इस तरह डुमरियागंज संसदीय सीट पर पहली बार कमल खिला दिया। इसके बाद से अधिकांश चुनावों में भाजपा का विजय रथ आसानी से आगे बढ़ता रहा।

सन 1991 के लोकसभा चुनावों में डुमरियागंज से कांग्रेस पार्टी ने उस समय कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई को उम्मीदवार घोषित कर दिया। उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के थिंक टैंक कहे जाने वाले तत्कालीन सांसद बृजभूषण तिवारी से होना तय था। लोग चुनाव को रोचक मान कर चल रहे थे। इसी बीच उस समय की देश की चर्चित पत्रकार सीमा मुस्तफा भी यहीं से चुनाव लड़ने आ गईं। उस समय के इरान ईराक युद्ध में मौके पर जाकर रिपोर्टिंग करने वाली भारतीय पत्रकार के रुप में सीमा मुस्तफा पूरे देश में चर्चित हो चुकीं थीं। वह कांग्रेस यू की उम्मीदार थीं।

इन तीन उम्मीदवारों के कारण डुमरियागंज सीट हाट सीट बनने जा रही थी। लेकिन उस समय की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा के पास इन तीनों को टक्कर देने वाला कोई बराबर का उम्मीदवार नहीं था। भाजपा ने पूरी तरह से एक गैरराजनीतिक आदमी और रिटायर्ड इंजीनियर रामपाल सिंह को मैदान में उतारा था। वे न भाषण देना जानते थे, न ही जनता उनका चेहरा ही पहचानती थी। चुनाव प्रचार शुरू हुआ तो तो धीरे धीरे हालात बदलने लगे। उस समय इस इलाके में राम मंदिर आंदोलन शिखर पर था। अचानक हर जवान, किसान भाजपा का कर्यकर्ता नजर आने लगा। मतदान हुआ तो तस्वीर बदल चुकी थी। काउंटिंग में तीनों दिग्गजों का पराभव हो चुका था। इस चुनाव में रामपाल सिहं 197748 मत पाकर चुनाव जीत गये। कांग्रेस की मोहसिना किदवई 139631 पाकर दूसरे नम्बर पर रहीं। तत्कालीन सांसद रहे बृजभूषण तिवारी 51176 और सीमा मुस्तफा 49553 वोट पाकर न केवल तीसरे व चौथे स्थन पर रहे बल्कि अपनी जमानतें भी गवां बैठे।

इस चुनाव में सीमा मुस्तफा ने अकल्पनीय चुनावी संसाधन झोंका था। बड़े बूढ़े लोग कहते थे कि इतना धन अब तक किसी चुनाव में खर्च करते नहीं देखा गया। बाद में एक खबर यह आई की सीमा मुस्तफा कांग्रेस नेता मोहसिना किदवई से किसी पुरानी खुन्नस का बदला लेने आई थीं। मोहसिना भी इशारों में ऐसा ही संकेत देतीं थीं। बहरहाल इस चुनाव के बाद कांग्रेस यहां काफी जर्जर हुयी और 2009 को छोड़ कर दुबारा कभी नहीं जीत पाई। फिलहाल लोकसभा 2024 का चुनाव अब सर पर आ गया है ऐसी स्थिति में अगर देखा जाए तो उत्तर प्रदेश की राजनीति कुछ दूसरे तरह का ब्याह कर रही है जिसमें भाजपा तथा सपा यानी कि इंडिया गठबंधन की तरफ इशारा कर रही है और डुमरियागंज संसदीय सीट जहां एक तरफ भाजपा ने पुन अपना प्रत्याशी जगदंबिका पाल को बनाया तो वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन डुमरियागंज सीट के लिए जोरदार दमदार प्रत्याशी को उतारने की फिराक में पूरी तरह से मंथन कर रहा है। ऐसे में होली के पहले इंडिया गठबंधन अपना प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतार सकती है। फिलहाल वही इस बात की भी चर्चा है कि इस बार का डुमरियागंज संसदीय चुनाव काफी रोमांचक बन सकता है।

### सार-संक्षेप

#### होली पर नेपाली शराब की तस्करी ने पकड़ा जोर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** होली आते ही नेपाल से शराब की तस्करी जोरों पर हो रही है। नेपाल में शराब की कीमत काफी कम है, तस्कर महिलाओं और युवाओं के माध्यम से नेपाल बॉर्डर के पास भारत में करियर के माध्यम से नेपाल में बनी शराब को इकट्ठा कर जनपद के विभिन्न भागों में पहुंचाते हैं। इधर विगत कई हफ्तों से भारत नेपाल सीमा पर नेपाल की तस्करी करने वाली कई महिलाओं को नेपाली शराब के साथ पुलिस की टीम गिरफ्तार किया है। सूत्र बताते हैं कि इसके लिए तस्करों का नेपाल से लेकर भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में जाल फैला हुआ है। नेपाल से शराब लाकर जमा करने के बाद चार पहिया वाहनों से शराब जनपद के विभिन्न स्थानों तथा यहां तक भेजी जाती है। इसको लगाम लगाने के लिए पुलिस टीम और आबकारी के जवान लगे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार भारत-नेपाल खुला बॉर्डर होने के नाते कुछ पुलिस कर्मियों से इन तस्करों की साथ गांठ है और पगडंडी के रास्ते शराब तस्करों द्वारा तस्करी को भारी पैमाने पर किया जा रहा है। होली में शराब की मांग अधिक बढ़ जाने के कारण तस्करों के लिए शराब की तस्करी काफी मुफ्त साबित हो रहा है। भारत में होली के दिन शराबबंदी रहती है, इस कारण एक हफ्ते पहले शराब तस्कर नेपाली शराब को भंडार कर अधिक दामों में बेचकर अपने पॉकेट भरते हैं किंतु संबंधित विभाग इस पर लगाम लगाने में काफी अछाम साबित हो रहा है। इस संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी से संपर्क करना चाहा उनका मोबाइल फोन नहीं उठा।

#### नगर पालिका की सड़कें खस्ताहाल नहीं कोई पुरसाहाल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका की सड़कों की बदहाल हालत नागरिकों के लिए अभिशाप साबित हो रही है। न तो अधिशासी अधिकारी सुनवाई कर रहे हैं और न ही चेयरमैन का ध्यान इस ओर जाता दिखाई दे रहा है। हांलाकि चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज ने कहा बजट के हिसाब से सड़कों को दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसेवा के प्रति वे प्रतिबद्ध हैं और विकास की राह में कोई भी रोड़ा नहीं आने देने देंगे। मल्लावां नगर पालिका वीआईपी क्षेत्र होते हुए भी विकास के मामले में अति पिछड़ा साबित हो रहा है। चौराहे से लेकर दरगाह तक तथा चुगीं नं 2 से बंदीपुर आदि कई सड़कें नागरिकों के लिए बदहाली का आलम बनी हुई हैं।






### अपना-अपना बूथ मजबूत करें कार्यकर्ता : सिद्धार्थ नाथ

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में लोकसभा 60 डुमरियागंज की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि बस्ती लोकसभा क्लस्टर इंचार्ज पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव निमित्त बैठक कर योजना रचना बनाई पार्टी द्वारा चल रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए पार्टी पदाधिकारीयो को आवश्यक निर्देश दिए। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा एक-एक कार्यकर्ता पार्टी पदाधिकारी सांसद विधायक सब अपने-अपने बूथ को मजबूत करें अपने-अपने बूथ पर पार्टी का कार्य करें। जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय के अनुसार इस अवसर पर विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, जिला प्रभारी भाजपा हरी चरण कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक राम कुमार कुंवर एंव पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**पर्व**

कन्या, नववधू और गर्भवती महिलाओं को नहीं देखनी चाहिए जलती हुई होलिका : आचार्य योगेश पाण्डेय

# भोर से पहले होलिका दहन करना होगा शुभ फलदायी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** 24 मार्च (रविवार) को होलिका दहन किया जाएगा। यह रात बेहद चमत्कारिक मानी जाती है। तमाम बीमारियों से व समस्याओं से छुटकारा पाने के साथ ही सिद्धियां भी प्राप्त की जाती हैं। होलिका दहन को लेकर ज्योतिष के विद्वानों का कहना है कि यह रात्रि दुर्लभ संयोग से युक्त होती है। बुराइयों का समन होकर घर में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।



मुख्यालय पर स्थित जय मां वैष्णो देवी ज्योतिष तंत्र अनुसंधान एवं परामर्श केन्द्र के आचार्य योगेश पाण्डेय ने कहा कि इस बार का होलिका दहन विशेष शुभकारी योगों से युक्त है। होलिका दहन के बाद एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई जाती है। आचार्य ने बताया कि होली का पर्व जितना रंग विरंगा है उतना ही यह पर्व जीवन में रंग भर सकता है। दर्शन तंत्र शास्त्र में होलिका दहन की रात कुछ उपाय और टोटके बताए गए हैं जिनके करने से जीवन में सुख-शांति और खुशी आती है।

### होलिका दहन का मुहूर्त

होलिका दहन रात्रि के 10 बजकर 32 के बाद का मुहूर्त बन रहा है। भद्रा काल रात्रि के 10 बजकर 32 मिनट तक भद्रा रहे गा उसके बाद ही होलिका दहन दहन करना शुभ फलदायी होगा। रात्रि के 1 बजे से भोर के 4 बजे के अन्दर होलिका दहन विशेष कल्याणकारी सिद्ध होगा।

### यह लोग भूलकर भी न देखें जलती हुई होलिका

आचार्य योगेश पाण्डेय ने कहा कि शास्त्र मानता के अनुसार होलिका दहन की अग्नि में आहूत देने से जीवन की नकारात्मकता समाप्त होती है। हिंदू धर्म में होलिका दहन का विशेष महत्व बताया गया है होलिका दहन के समय कुछ लोगों को उनकी अग्नि नहीं देखनी चाहिए। नव विवाहित लड़कियां न देखे जलती हुई होलिका मान्यता के अनुसार जिन लड़कियों की नई-नई शादी हुई है उन्हें जलती हुई होलिका नहीं देखनी चाहिए। नव विवाहित स्त्रियों को शादी के बाद पहली होली पर होलिका दहन देखना और इसकी पूजा करना शास्त्र विधान से अशुभ माना गया है। ऐसी मानता है कि होलिका में आप पुराने साल को जलाते हैं और इसके अगले दिन नए साल की शुरुआत हो जाती है। होलिका की अग्नि को जलते हुए शरीर का प्रतीक माना जाता है। इसलिए नव विवाहित स्त्रियों को होलिका की जलती हुई अग्नि को देखने से बचना चाहिए।

### गर्भवती महिलाएं रहे सतर्क

होलिका दहन की रात होलिका को अग्नि के हवाले करने से पहले इसकी पूजा और परिक्रमा की जाती है, लेकिन गर्भवती महिलाओं को होलिका की परिक्रमा नहीं करना चाहिए। ऐसा करना गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होता है। शास्त्र मान्यता के अनुसार जिस जगह पर होलिका दहन किया जाता है वहां पर नकारात्मक शक्तियों का खतरा बना रहता है। जो नवजात और गर्भवती महिलाओं के लिए परेशानी की वजह बन सकती हैं।

### ऐसे करें मां लक्ष्मी को प्रसन्न

आचार्य ने कहा कि होलिका दहन की अग्नि की बची हुई राख को घर लाकर लाल कपड़े में बांध ले और फिर उसको तिजोरी, अलमारी में रख दे। ऐसा करने से आपके घर में खुशहाली आएगी। और कर्ज से भी मुक्ति मिलेगी साथ ही होलिका दहन की भस्म का टीका संभव हो सके तो हर रोज लगाएं ऐसा करने से ग्रह बाधा परेत भूत बांधा समेत कई परेशानिया दूर होंगी। होलिका दहन महापर्व होता है जो आज रात्रि में है और पूर्णिमा का संबंध माता लक्ष्मी से है इसलिए होलिका दहन के समय माता लक्ष्मी का ध्यान करें और श्री सूक्त का पाठ करें और शक्कर घी की आहुति भी दे। ऐसा करने से सर्व सिद्धि के लिए तीन गोमती चक्र को लेकर अपनी प्रार्थना को बोलते हुए अग्नि में डालकर प्रणाम करें। ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

# आजम खां से अखिलेश ने की 1 घंटा 23 मिनट गुप्त चर्चा

## सीतापुर जेल से बाहर आते ही भाजपा सरकार पर निशाना साधा, कहा- झूठे मुकदमों का विश्व नहीं भाजपा ने बनाया ब्रह्माण्ड रिकॉर्ड

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जिला जेल में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मुलाकात की। जेल के अंदर 1 घंटे 23 मिनट तक चली मुलाकात के बाद अखिलेश यादव जेल से बाहर आये और भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

आजम से मुलाकात के दौरान जेल के अंदर सपा राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता व रामपुर के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। दोनों के बीच चली मुलाकात में लोकसभा चुनाव के समीकरण सहित रामपुर की अहम

**▸▸ इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बजाई बैंड, केजरीवाल को परेशान कर रही भाजपा : अखिलेश**

सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर भी गहन चर्चा होने की बात सामने आई है। जेल से बाहर निकलते ही अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठे मुकदमों का भाजपा वर्ल्ड ही नहीं, बल्कि ब्रह्मांड रिकॉड बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है, जिससे बचने के लिए विपक्षी पार्टी के मुख्यमंत्रियों को परेशान किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव तक कुछ भी कर सकती है इसलिए चुनाव तक भाजपा से बचकर रहना होगा।


जेल में बंद आजम खां से मुलाकात के बाद बाहर आते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

आजम से अखिलेश यादव की यह मुलाकात रामपुर सीट के लिए अहम मानी जा रही है। सुबह करीब 12 बजे अखिलेश यादव का काफिला जिला जेल पर रुका। अखिलेश की गाड़ी जेल परिसर के गेट पर रुकी। यहां सपा नेताओं का अभिवादन स्वीकार कर अखिलेश यादव सीधे जेल के अंदर पहुंचकर आजम से मुलाकात की। मुलाकात के बाद बाहर आये अखिलेश यादव ने मीडियाकर्मियों के सवाल पर केजरीवाल की गिरफ्तारी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि चुनावी बॉण्ड के खुलासे ने भाजपा की बैंड बजा दी है। क्या भाजपा के लोगों को चुनावी बॉण्ड का फायदा नहीं मिला? उन्होंने कहा कि घबराहट में अपना मुद्दा बदलने का यह जो तरीका है उसमें भाजपा कामयाब नहीं होगी। यह चाहे जितने भी नेताओं को जेल भेज दें, लेकिन जनता को जेल नहीं भेज सकते। जनता लोकसभा चुनाव में इनको सबक सिखाएगी।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकतंत्र कमजोर

जेल के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा घबराई हुई है। केवल मुख्यमंत्री को जेल भेजने से और खबरों को नियंत्रित करने से लोकतंत्र में उनकी (भाजपा की) जीत नहीं होने वाली है। यह लोग लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। लोकतंत्र में जो आवाज उठाना चाहते हैं, सरकार उनकी आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि अन्याय की कोई उम्र नहीं होती है। जुल्म जितना भी हो आखिरकार न्याय की ही जीत होगी।

## एक नजर

### इंडो -नेपाल बॉर्डर पर तस्कर गिरफ्तार

**बलरामपुर।** बॉर्डर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बस्ती जनपद के थाना सोनहा अंतर्गत ग्राम तुसैल निवासी मोहम्मद नसीम को रोका गया ।इनके पास से कपड़ों से भरा 6 बंड़ल, पिट्ठू बैग, एक फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस और एक बाइक बरामद की गई है ।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नेपाल से कपड़े तस्करी कर भारत ले आ रहा था। सभी सामान जब्त कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

### 25 मार्च को शाम 4 बजे तक बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने 24 मार्च को होलिका दहन और 25 मार्च को होली के त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था और लोक शांति के दृष्टिगत 25 मार्च को प्रात: 10 बजे से सांय 4 बजे तक जिले में स्थित सभी देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, माडलशाप, भांग और ताड़ी की फुटकर दुकानों, बार व सभी थोक अनुज्ञापनों को पूर्ण रूप से बन्द रखने का आदेश जारी किया है। उक्त बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को कोई प्रतिपूर्ति देय नहीं होगा। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार को उक्त दिवस में बन्दी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने को निर्देशित किया है।

### न्यायालय परिसर में खेली गई होली

**बलरामपुर, अमृत विचार।** होली रंग व उल्लास का त्योहार है। आपसी वैमनस्य भुलाकर लोगों को त्योहार मिलजुलकर मनाना चाहिए। नशीले पदार्थों के सेवन से रंग फीका पड़ जाता है। यह बातें नवीन दीवानी न्यायालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए जिला जज अनिल कुमार झा ने कही। परिवार न्यायायल के प्रधान न्यायाधीश विनोद कुमार बरनवाल ने कहा कि होली त्योहार से आपसी भाईचारा बढ़ता है। कार्यक्रम में बहराइच से आए संगीतकारों ने होली को लेकर कई गीत सुनाएं। वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश मिश्र के गीत पर अधिवक्ताओं ने जमकर तालियां बरसाई।

### एनसीसी कैडेटों ने मतदान के लिए किया जागरूक

**बलरामपुर।** एमएलके पी जी कॉलेज बलरामपुर के एनसीसी कैडेटों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने के उद्देश्य से थीम सांग "बनेगा देश महान, जब वोट करेंगे हम" जारी कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो . जेपी पांडेय के निर्देशन एवं महाविद्यालय के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान की अगुवाई में महाविद्यालय के एनसीसी केडेट अंडर ऑफिसर स्नेहा सिंह व एक्स कैडेट मोहम्मद कलीम की टीम ने थीम सांग जारी किया है।

### जिला जज ने जाना कैदियों का हाल

**बलरामपुर।** जिला जज की संयुक्त टीम में शामिल डीएमव एसपी आदि ने जिला जेल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। टीम के अधिकारियों ने जेल कर्मियों को विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिया तथा बंदियों से बातचीत भी की।

गुरुवार देर शाम जिला जज अनिल कुमार, डीएम अरविन्द कुमार, एसपी केशवकुमार व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलरामपुर ज्ञानेन्द्र कुमार द्वारा जिला कारागार बलरामपुर का सयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम के साथ रसोई घर का निरीक्षण किया जहां बंदियों को भोजन वितरित किया जा रहा था। गुणवत्तापूर्ण भोजन को परखकर संतोष व्यक्त किया गया। बदियों से भोजन से सम्बन्धित फीडबैक लिया गया। पुरुष बैरक सख्या 5 से 12 का भ्रमण किया जहां पंक्तिबद्ध बंदियों से उनके मुकदमे एवं समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताछ की तथा जमानतदार के अभाव में निरुद्ध बंदियों को रिहा कराने पर विशेष जोर दिया।

# मतदेय स्थलों पर कमियों को दूर कराएं नोडल अधिकारी: डीएम

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए सभी नोडल अधिकारियों के द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यों में प्रगति और गुणवत्ता से सम्बंधित समीक्षा बैठक शुक्रवार को

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश और मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक संत कुमार उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत सम्बंधित नोडल अधिकारियों को

**दिशा-निर्देश**

**▸▸ निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गए नोडल अधिकारियों के साथ डीएम ने किया बैठक**

जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर एएमएफ की व्यवस्था सुचारू और व्यवस्थित करने के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सम्बंधित नोडल अधिकारी रेडी-टू-पोल के लिए सभी मतदेय स्थलों पर विद्युत व्यवस्था, पेय जल, रैम्प, शौचालय, फर्नीचर, साइनेज, हेल्प डेस्क, वेटिंगरूम, मोबाइल नेटवर्क, चार पहिया वाहन मतदेय स्थल पर पहुंचने की स्थिति, मतदेय स्थल तक पहुंचने के रास्ते में विद्युत तार आदि को ठीक कर लिया जाय। उन्होंने सभी मतदेय स्थलों का भ्रमण आगामी 4 अप्रैल तक हर हाल में कर लेने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी मतदेय स्थल पर कोई कमी पाई जाती है तो उसे आपस में सामंजस बनाकर पूर्ण कराते हुए उसकी सूचना सभी उपजिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों से एक-एक कर निर्वाचन कार्य से सम्बंधित उनको सौंपी गई जिम्मेदारियों को पूछते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

### दायित्वों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता या शिथिलता को बहुत गंभीरता से लिया जाएगा। सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे, ताकि जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र निष्पक्ष शांतिपूर्ण और सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके। सभी नोडल अधिकारी चुनाव के दौरान प्राप्त होने वाले निर्देशों का त्वरित पालन करेंगे।

### मतदान व मतगणना की सारी तैयारियां शीघ्र पूर्ण हों

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कार्मिक प्रशिक्षण कार्य योजना मतदान कार्मिकों का रेण्डमाइजेशन, ईवीएम का रेण्डमाइजेशन सहित नामांकन, मतदान व मतगणना के लिए की जाने वाली तैयारियों पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि ईवीएम मशीनों का मैनेजमेन्ट, सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित रखी जाय। सभी नोडल अधिकारी अपने कार्यों और उत्तरदायित्वों से सम्बंधित जारी होने वाले सभी पत्रों पर नजर बनाए रखते हुए तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। आदर्श आचार संहिता के उल्लघन आदि से सम्बंधित सभी प्रकरणों को दर्ज करते हुए इसकी कर्मिक रिर्पोट बनाई जाय। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदेय स्थलों के प्रथम भ्रमण के दौरान ही सभी व्यवस्थाओं को शत-प्रतिशत पूर्ण करा लें। जिससे द्वितीय भ्रमण के दौरान कार्य के पूर्ण होने की ही जांच की जाय।

# यज्ञ से सुखद वातावरण का होता है निर्माण : संजय

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के हाड़ापार में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ के समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद, भाजपा के कलस्टर प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह, क्षेत्रीय सांसद व लोकसभा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद समेत तमाम नेताओं व पदाधिकारियों ने पहुंच कर कथा व आरती में प्रतिभाग किया।

मौजूद श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने कहा कि यज्ञ से धरती, आकाश और अंतरिक्ष तक पवित्र हो जाता है। जहां तक कथा की आवाज जाती है वहां तक का वातावरण पवित्र हो जाता है। हम सभी को यज्ञ में अपनी सहभागिता


विष्णु महायज्ञ में मौजूद श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद।

समर्पित करते रहना चाहिए। भाजपा कलस्टर प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि कथा श्रवण करने और यज्ञ का आयोजन करने वालों की तमाम पीढ़ियों का कल्याण हो जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। कथा श्रवण करने से परिवार और समाज के संस्कार सुंदर बनते हैं। भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद ने कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने

**▸▸ कथा श्रवण और यज्ञ से तमाम पीढ़ियों का होता है कल्याण : सिद्धार्थनाथ सिंह**

चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में धार्मिक आयोजनों पर भी पाबंदियां लगा दी जाती थीं। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीराम के मंदिर का निर्माण कराकर करोड़ों सनातनियों की सैकड़ों वर्षों की तमन्ना पूरी कर दिया है।

काशी विश्वनाथ कारीडोर का निर्माण कराकर भगवान शिव के दर्शन बेहद सुलभ करा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा विरासत और विकास को साथ लेकर चलती है। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालु श्रोता और अन्य लोग मौजूद रहे।

### एनडीपीएस के दोषी को दो साल की सजा

**बलरामपुर।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के दोषी को दो साल की सजा दिलाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 2000 का जुर्माना भी लगाया है। कोतवाली उतरौला में वर्ष 2022 में पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। इस व्यक्ति की पहचान उदयभान निवासी ग्राम केवलापुर थाना मोतीगंज जनपद गोंडा के रूप में हुई। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक शंभू सिंह ने की और आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मॉनिटरिंग सेल प्रभारी सर्वेंद्र नाथ तथा एनपी पांडे की पैरवी के चलते न्यायालय ने दोषी उदयभान को दोषी मानते हुए दो साल की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

### केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भड़का इंडिया गठबंधन


बलरामपुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के उपरांत ज्ञापन सौंपते इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता।

**बलरामपुर।** ईडी द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर इंडिया गठबंधन सड़क पर उतर गया है ।गठबंधन की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि एक और जहां देश में चुनाव आचार संहिता लागू है वहीं दूसरी तरफ केंद्र की भाजपा सरकार ईडी व सीबीआई को आगे कर विरोधी दलों को परेशान कर रही है। केंद्र सरकार का यह कारनामा लोकतंत्र की हत्या जैसा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि फर्जी शराब घोटाले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि जिस तरह से राजनीतिक पार्टियों के बैंक खातों को फ्रीज किया जा रहा है और उनके नेताओं को जमीन घोटाले व अन्य फर्जी केसों में फंसा कर जेल भेजा जा रहा है यह लोकतंत्र की हत्या नहीं तो और क्या है। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट की एक कमेटी बनाकर निष्पक्ष जांच कराई जाए ताकि आम जनमानस के सामने सच्चाई आ सके। प्रदर्शन के बाद इन लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित विज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को सौंपा। इस दौरान इंडिया गठबंधन के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पेड़ी प्रबंधन अपनाकर आमदनी बढ़ाएं किसान : महाप्रबंधक

**बलरामपुर।** बजाज चीनी उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम रेहरामाफी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया ।महाप्रबंधक गन्ना संजीव कुमार शर्मा ने किसानों को बताया कि पेड़ी प्रबंधन करना बहुत ही आवश्यक है। पेड़ी प्रबंधन अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। पेड़ी प्रबंधन में पौधा गन्ना कटते ही तत्काल सिंचाई खाद व गुड़ाई अवश्य करें। उक्त अवसर केपी मिश्रा गन्ना विकास निरीक्षक, उतरौला चीनी मिल अधिकारी विजय पाण्डेय, चौधरी रामायन पाण्डेय, टीएन शुक्ला, नितेश सिंह कृषक करताराम, गोमती प्रसाद, रामचरित्र व जगन्नाथ आदि लोग मौजूद रहें।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**बलरामपुर।** श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के लक्ष्मणपुर व हनुमानगढ़ी चौराहा में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन किया गया। लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती भाजपा प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रत्याशी ने लोगों को सरकार की योजनाएं बताई। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रत्याशी सकेत मिश्रा ने दीप प्रज्जवलन करके किया। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकास कर रहा है। श्रावस्ती में हवाई पट्टी का संचालन शुरू हो गया है। आज कोई भी कम समय में अधिक दूरी तय करके देश व विदेश में जा सकता है। यह देन भाजपा सरकार की है। आज लोगों को आवास का लाभ मिला। आज पात्र व्यक्ति छत के नीचे से रहता है। जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा पार्टी के कार्यकर्ता लोगों तक पहुंच कर उन्हें सरकार के योजनाओं की लाभ दिला रहे हैं। वहीं अन्य सरकारी योजनाओं के नाम पर केवल भ्रष्टाचार करती थी। आज पात्र महिलाओं को घरेलू गैस मिलने से धुएं व लकड़ी की झांझर से आजादी मिली है। पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कैराती, मंडल अध्यक्ष अटल बिहारी मिश्रा, पंकज दुबे, अनिल त्रिपाठी,गिरीश तिवारी, अरुण पांडेय, बाबूराम पांडेय, आद्या चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### समय पर रेबीज का इलाज हो तो बच सकती है जान : सीएमओ

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक बैठक शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय के में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। सीएमओ ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को कुत्ते और बंदरों के काटने पर पहले दिन, तीसरे दिन, सातवें दिन व 28 वां दिन इंजेक्शन इंट्रा डर्मल तरीके से लगाया जाता है। यदि पीड़ित को सही समय से रेबीज का इंजेक्शन लगा दिया जाता है तो उसकी जान बचायी जा सकती है ।सीएमओ ने बताया कि कुत्तों व बंदरो के बढ़ते हमले और इससे होने वाली मौतों को रोकने के लिए शासन ने नेशनल रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम शुरू किया है। नेशनल रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम शुरू किया है। इसके लिए तैयार एप्लीकेशन में जिले से लेकर ब्लाक मुख्यालय की जानकारी विस्तृत विवरण के साथ दर्ज होगी। इससे कुत्ते को काटने की घटनाओं की वास्तविक जानकारी मिलेगी। इसके लिए कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी। नेशनल रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम का लक्ष्य वर्ष 2030 तक रेबीज से मृत्यु दर शून्य करना है। रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। स्वास्थ्य संस्थाओं में आने वाले रोगियों को भी रेबीज रोग की आवश्यक जानकारी नहीं रहती है। इसे देखते हुए शासन ने जागरूकता कार्यकम शुरू किया है। इस दौरान एसीएमओ डा. बी पी सिंह, डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव डी पी एम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा विनोद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# एक से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देशन और मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान से सम्बन्धित बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल के मध्य चलने वाले दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक

**▸▸ 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान**

निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुडे. मामलों की आशंकाओं को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाय।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में आगामी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 1 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साप्ताहिक बन्दी के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाय। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाय। निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें।

### धोखाधड़ी में बैंक कर्मी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पुलिस ने बैंक खाता धारकों के पैसों का गबन करने के आरोप में एक बैंक कर्मी व एक सीएसपी संचालक को गिरफ्तार किया है। एसपी केशव कुमार ने बताया कि हरैया बाजार स्थित एक बैंक में बैंक कर्मी तथा सीएसपी संचालक खाता धारकों के पैसों का गबन करते थे ।शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन की गई ।छानबीन के बाद बैंक कर्मी रवि प्रताप निवासी नई बस्ती तुलसी पार्क बलरामपुर तथा सीएसपी संचालक राजा बाबू श्रीवास्तव निवासी महमूदनगर बाजार बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया है। यह लोग बैंक में पैसा जमा करने वाले खातेदारों का पैसा लेकर उनको फर्जी रसीद दे देते थे। और पैसा खाते में ना जमा कर खुद हड़प लेते थे। इनके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मतदाता सूची में जरूर दर्ज कराएं अपना नाम : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करें यह अपील डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा समस्त जनपदवासियो से की है।

ऐसे नागरिक जो की 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं एवं उनका नाम मतदाता सूची में नही है,उनको नाम दर्ज कराने की ऑनलाइन सुविधा दी जा रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जाकर फॉर्म - 06 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल निर्धारित की गई हैं। वोट देने के लिए आधार कार्ड,मनरेगा जॉब कार्ड,बैंक या डाकघरों के फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय का स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र मान्य होगा।

**आयोजन** | होली-ठिठोली कार्यक्रम में समाज के विशेष लोगों का हुआ सम्मान

# देवेश मिश्रा मूर्खाधिराज, राजेश्वरी सोनी बने मूर्खाधिपति

**बलरामपुर, अमृत विचार।** होली महोत्सव समिति द्वारा 36वां होली ठिठोली, कवि सम्मेलन के साथ सम्मान समारोह का आयोजन नगर के रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी सहित अन्य अतिथियों का समिति के अध्यक्ष राज कुमार श्रीवास्तव व पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान समाजिक सांस्कृतिक, शैक्षिक सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले समाजसेवी राजेन्द्र सिंह पक्षकार श्रीराम


बलरामपुर में होली-ठिठोली कार्यक्रम के दौरान लोगों का सम्मान करते समिति के पदाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

जन्मभूमि, समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश सिंह, अविनाश मिश्रा, डीपी सिंह बैस, राजेन्द्र गुप्ता पप्पू, हरिहर बाबा, बाला जी सेवा समिति, लक्ष्य सेवा समिति, भानु प्रकाश तिवारी, वेद प्रकाश कारूष, अमित त्रिपाठी को होली महोत्सव समिति द्वारा सम्मानित किया गया। होली ठिठोली के दौरान देवेश मिश्रा को मूर्खाधिराज व राजेश्वरी सोनी को मूर्खाधिपति के अलंकार से सब्जी व फलों की विशेष माला व पट्टिका पहना कर विभूषित कर सम्मानित किया गया।

तत्पश्चात समिति द्वारा शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया इसमें जाने माने वीर रस के कवि सुरेश सैनिक, श्रेयस त्रिपाठी, हास्य रस के कवि राहुल यादव, देवेश मिश्रा, अंकिता आज़ाद सहित आदि कवियों ने काव्य पाठ के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर समिति के महामंत्री राधेश्याम मिश्र, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, डॉ तुलसीश दुबे, अम्बरीष शुक्ल,रमेश पाहवा, रघुनाथ अग्रवाल, सुनील सिंह कसेरा, कृष्ण गोपाल गुप्ता व शुभेन्द्र मिश्रा आदि होली महोत्सव समिति के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### 26 मार्च को निकलेगी होली शोभा यात्रा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** देवीपाटन शक्तिपीठ तुलसीपुर से नगर में होली शोभायात्रा 26 मार्च को निकाली जाएगी। देवीपाटन शक्ति पीठ के महंत योगी मिथलेश नाथ ने बताया की 24 मार्च को होलिका दहन होगा तथा 26 मार्च चैत्र प्रतिपदा दिवस पर रंग का पर्व होली मनाया जाएगा । होली का त्यौहार चैत्र के प्रतिपदा पर ही होता आ रहा है। शास्त्रीय विधि अनुरूप होली 26 को ही मनानी चाहिए। उन्होंने बताया मंगलवार को होली पर्व पर निकलने वाली शोभायात्रा मिल चुंगी नाके से प्रात: 9 बजे निकलेगी। हनुमानगढ़ी नई बाजार चौक होते हुए देवीपाटन में समापन किया जाएगा। होली के त्योहार पर आम जनमानस शांतिपूर्वक रहें तथा मादक पदार्थ का सेवन ना करें। एक दूसरे से गले मिलते हुए तथा अन्य धर्म के लोगों का सम्मान करते हुए त्योहार को पूरे जोशो -खरोश से मनाएं।

**यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**

(1) रेल गाड़ी के डिब्बों एवं इंजन पर गोबर, कीचड़ और पत्थर आदि न फेंके। आपके ऐसा करने से चालक/गार्ड व यात्री गम्भीर रूप से घायल हो सकते हैं। ऐसा करना कानूनन अपराध है।
(2) स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखें।
(3) रेलवे ट्रैक एवं इसके आस-पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
(4) रेल यात्रा के दौरान कोई भी ज्वलनशील अथवा विस्फोटक वस्तु को साथ लेकर यात्रा न करें। यह भारतीय रेल अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।
(5) गाड़ी की छत एवं पायदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।
(6) स्टेशन पर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिये पैदल उपरिगामी पुल का प्रयोग करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
मुजाधि/संरक्षा-03
nerailwaygkp | nerailwaygkp | nerailwaygkp
@n.e.railwaygkp | www.ner.indianrailways.gov.in | @nerailwaygkp

## क्या होता है चैलेंज वोट

- मतदान के दौरान मतदान केंद्र पर पोलिंग एजेंट की आपत्ति के बाद चुनाव आयोग 2 रूपए फीस लेकर यह फैसला करता है कि मतदाता असली है या फिर फर्जी। सच और झूठ का फैसला बूथ पर ही तत्काल पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंट व मतदाता की सुनवाई के बाद करते हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मतदान अभिकर्ता मतदान करने आए व्यक्ति पर यह आरोप लगता है कि संबंधित मतदाता फर्जी है। जब मतदाता और अभिकर्ता दोनों अपनी बात पर अड़ जाते हैं। तब ऐसी स्थिति में चैलेंज वोट का सहारा लिया जाता है। ऐसे विवाद की स्थिति में चुनाव आयोग के नियमों में प्रावधान है कि पोलिंग एजेंट पीठासीन अधिकारी के पास दो रुपए आक्षेप राशि के साथ आपत्ति दर्ज कराएगा। इस आधार पर वह वोटर के दावे को चुनौती देगा। यदि यह साबित हो जाता है कि मतदाता असली है। तभी संबंधित मतदाता को मतदान का अवसर दिया जाता है। इसके बाद मतदान अभिकर्ता द्वारा जमा की गई दो रुपए चैलेंज फीस आयोग जब्त कर ली जाती है। और उसकी आपत्ति खारिज कर दी जाती है।

# अहम होंगी महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाएं

## त्योहारी सिलेंडर, रिफाइंड, चना, रक्षाबंधन में मुफ्त परिवहन व लखपति दीदी के भरोसे भाजपा



पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** लाडली योजना की तरह ही उप्र. में भाजपा ''मिशन शक्ति'' (महिला सशक्तिकरण) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) आदि योजनाएं भाजपा के मिशन 80 में सहायक बनेंगी। सुरक्षा व्यवस्था हो या प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मामला, सात करोड़ 15 लाख महिला मतदाताओं वाले प्रदेश में महिलाओं के लिए फायदेमंद योजनाओं को नजर अंदाज करना विपक्षी दलों को भारी पड़ सकता है।

गत वर्ष मध्य प्रदेश में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत में महिलाओं की खासी भूमिका निभाई थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी चुनाव परिणाम में लाडली योजना के साकारात्मक प्रभाव को मान चुके हैं। उसी तरह उप्र. में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कई तरह की योजनाएं केन्द्र सरकार के अलावा योगी सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का भी असर लोकसभा चुनाव के परिणामों में मिलने के आसाद दिख रहे हैं। रक्षा बंधन में मुफ्त बस सेवा, हर माह मुफ्त में मिलने वाला राशन, त्यौहार पर मिलने वाले रिफाइंड ,चना व नमक से अधिकांश महिलाएं लाभान्वित हो रहीं हैं। साथ ही बेटियों का जन्म, शिक्षा और विवाह तक के लिए योजनाएं प्रदेश में चल रहीं हैं।

कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के चलते महिलाएं अब बिना भय के जीवनयापन कर पा रही हैं। राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 32.10 प्रतिशत पहुंच चुकी है।

इतना ही नहीं, प्रदेश में रोजगार के लिए जो योजनाएं शुरू की गईं, उसमें महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जा रहा है। मुद्रा योजना अंर्तगत ग्रामीण क्षेत्रों में, गरीब परिवारों से भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रही है। राज्य में 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूहों को वरियता दी गई है। बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए राज्य सरकार ने 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना अंतर्गत निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रूपये प्रति जोड़े पर खर्च किया जा रहा है। हर निराश्रित महिला को एक हजार रुपए हर माह पेंशन मिल रही है। प्रदेश में तमाम योजनाएं सचालित हो रही हैं, किसी न किसी से महिलाएं जुड़ रहीं हैं। राज्य में 8.37 लाख स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा चुका है। बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट सखी योजना से सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा रहा है।

### मतदाताओं को रिझाने को महिला प्रकोष्ठ सक्रिय

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का कहना है कि महिला मतदाताओं को पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा मोर्चा के विभिन्न संगठनों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान के साथ ही लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिस पर होली बाद अमल शुरू हो जायेगी। भाजपा की महिला मोर्चा की लखनऊ अध्यक्ष सीता नेगी ने बताया कि लखपति दीदी, नारी सशक्तिकरण, आदि तमाम योजनाएं हैं जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं, उन्हें भाजपा से बहुत उम्मीदें हैं,इसलिए खुद भी भाजपा के लिए आगे आ रहीं हैं। महिलाओं की राजनीतिक में बढ़ती रुचि से साफ संकेत हैं कि महिलाएं निर्णायक वोट बैंक के तौर पर उभर रही हैं।

पिंक पन्ना

## मेरा पहला वोट



मतदान सभी को करना चाहिए। क्योंकि यह अवसर 5 वर्ष में एक बार ही आता है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों और सरकार के कामकाज को देखते हुए ही मतदान करना चाहिए। पहली बार मतदान करने जा रही हूं, इसको लेकर काफी खुशी है। महिला सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने, रोजगार देने वाले तथा शिक्षा व समानता का अवसर प्रदान करने वाले को ही मतदान करूंगी।

**रश्मि गौतम पुत्री अमिरका**
विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच।



वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने पर काफी रोमांचित हूं। पहला वोट देकर देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए अपना नुमाइंदा चुनेंगे। मजबूत लोकतंत्र के लिए पहला वोट करूंगा। हम ऐसा सांसद चुनेंगे जो पढ़ा लिखा होने के साथ देश व समाज के बारे में सोचता हो। जिले में रोजगार के अवसर प्रदान कर बेरोजगार को दूर करने वाला हमारा सांसद होगा।

**आयुष शुक्ल,** छात्र बीकाम द्वितीय वर्ष
विवेकनगर, सुलतानपुर।

# राजा दिनेश से परामर्श लेते थे अटल

आरपी सिंह, प्रतापगढ़



राजा दिनेश।



स्व. अटल बिहारी बाजपेयी

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

अतीत के झरोखे से

**अमृत विचार :** जनपद में कालाकांकर राजघराने के राजा दिनेश सिंह का नाम आज भी गर्व से लिया जाता है। उन्होंने विदेश मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में पहचान दिलाई थी। यही नहीं उनसे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने विदेश नीति का परामर्श लिया था। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक चार बार निवार्चित होने का रिकार्ड भी राजा दिनेश सिंह के नाम है।

राजा दिनेश सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सलाहकार के तौर पर राजनीतिक पारी शुरू की थी। चार बार सांसद निर्वाचित हुए दिनेश सिंह को विदेश,उद्योग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। नरसिम्हाराव की सरकार तक में केंद्रीय मंत्री रहे। फिर भी सियासी करियर उतार चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेयी विदेशमंत्री बने तो शपथ लेने के बाद वह राजा दिनेश सिंह के पास गए और विदेश नीति के बारे में परामर्श लिया। यूं तो राजा दिनेश नेहरू और गांधी परिवार के खास थे, लेकिन दौर ऐसा भी रहा जब उन्होंने इंदिरा गांधी का साथ छोड़ दिया था। हालांकि दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह तीन बार सांसद निर्वाचित हुईंलेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी। 1962 और 1980 के चुनाव में राजा अजीत प्रताप सिंह सांसद चुने गए,लेकिन मंत्रिमंडल में शामिल होने का अवसर नहीं मिला।

# चूड़ी-बिंदी और साड़ी से छुए थे महिलाओं के मन के तार

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज।

अतीत के झरोखे से

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनने का गौरव किया था हासिल
- महिलाओं में काफी लोकप्रिय थीं शीला दीक्षित, जिले में कांग्रेस को किया था मजबूत

**अमृत विचार :** कभी महिलाओं को घर की दहलीज पार कर वोट डालने की इजाजत नहीं थी। मतदान करने के लिए परिवार के मुखिया की सहमति जरूरी होती थी। यह वजह थी कि उस दौर में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम होता था। शीला दीक्षित पहली प्रत्याशी थीं, जिनके लिए महिलाओं ने घर की दहलीज को लांघा और मतदान केंद्र तक जाकर वोट की चोट की। शायद यही वजह रही कि उनकी भारी मतों से जीत हुई और कन्नौज सीट से पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

बात 1984 के लोकसभा चुनाव की है। कांग्रेस ने उन्नाव जनपद की रहने वालीं शीला दीक्षित को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतार दिया। उन्होंने पुराने कांग्रेसी नेताओं से संपर्क किया और उनके घर जाकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया। पहली बार किसी ने घर के अंदर दस्तक दी और महिलाओं की मन की बात सुनी। जल्द ही वह महिलाओं में लोकप्रिय हो गईं। वह जिस गांव में जातीं तो वहां महिलाओं से जरूर बात करतीं। वरना अब तक तो प्रत्याशी परिवार के मुखिया से ही वोट मांगकर दरवाजे से ही चले जाते थे। उन्होंने महिलाओं को साड़ी, चूड़ी, बिंदी बांटकर एक नई परंपरा का आगाज किया। हालांकि, उस समय चुनाव आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं था। चूड़ी, साड़ी और बिंदी पर कांग्रेस का चुनाव-चिन्ह हाथ का पंजा छपा रहता था। इस चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत भी बढ़ा और शीला दीक्षित भारी मतों से जीतीं।

इनसेट—

कन्नौज में बहाई थी विकास की गंगा



शीला दीक्षित 1984 से 1989 तक सांसद रहीं। इस दौरान उन्होंने कन्नौज में विकास की गंगा बहाई। कन्नौज से हरदोई जाने के लिए महादेवी घाट पर पुल का निर्माण कराया तो इत्र उद्योग को तकनीकी रूप से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अधीन सुरस एवं सुगंध विकास केंद्र (एफएफडीसी) की स्थापना कराई। जिले में लाख-बहोसी पक्षी विहार बनवाया तो कई ग्राम पंचायतों में सामुदायिक विकास केंद्रों का निर्माण अपनी सांसद निधि से कराया था।

> सांसद शीला दीक्षित असाधारण व्यक्तित्व की धनी थीं। जिले में महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ाने में उनका अप्रतिम योगदान था और उन्होंने कांग्रेस संगठन को भी मजबूत किया था। भले ही कन्नौज जिला 1997 में घोषित किया गया हो, लेकिन उसके विकास की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रहते हुए भी कभी कन्नौज और यहां के लोगों को विस्मृत नहीं किया था।
>
> **-संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट, पूर्व विधायक (कांग्रेस)**

# गोंडा की सियासी पिच पर कभी विजेता नहीं रही बसपा

अरुण कुमार मिश्र

- 2024 के भंवर में फंसी बसपा को नहीं मिल रहे खेवनहार



**गोंडा, अमृत विचार :** कभी अपने चरम पर रही बसपा गोंडा संसदीय सीट को फतह नहीं कर सकी। बसपा अपने कैडर वोट के बलबूते दूसरे का खेल बिगाड़ती रही, लेकिन स्वयं के उम्मीदवार को जीत का सेहरा नहीं पहना सकी। एक बार बसपा उम्मीदवार दूसरे पायदान पर तो पहुंची, लेकिन अधिकांश बार उसका उम्मीदवार वह तीसरे व चौथे स्थान पर ही सिमट कर रह गया।

संसदीय इतिहास में गोंडा का सफरनामा बहुत ही रोचक रहा। कांग्रेस, बीएलडी, सपा, भाजपा को जीत का मौका मिला और गोंडा की रहनुमाई करने का अवसर भी लेकिन चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती की पार्टी का कोई भी उम्मीदवार जीत कर संसद की ड्योढ़ी तक नहीं पहुंच पाया, जबकि बसपा का वोट प्रतिशत काफी बेहतर रहा लेकिन कैडर वोट व कुछ मुस्लिम वोट के अतिरिक्त अन्य वोट बसपा को बहुत कम ही मिले। यही कारण है के 1999 में बसपा ने अयोध्या नरेश पांडेय को चुनाव लड़ाया लेकिन वह जीत नहीं सके। 2004 में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदला और संतराम तिवारी को मैदान में उतारा लेकिन वह भी चुनाव में जीत नहीं पाए। 2004 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले कीर्तिवर्धन सिंह बसपा में शामिल हो गए और 2009 में वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव तो नहीं जीते पर लेकिन दूसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद वह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए। 2014 में पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे अकबर अहमद डंपी को चुनाव लड़ाया। अकबर अहमद डंपी चुनाव में तीसरे स्थान पर खिसक गए। इस चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा से चुनाव जीत गए और सपा उम्मीदवार रहीं नंदिता शुक्ला दूसरे स्थान पर रहीं। अकबर अहमद डंपी को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। 2019 में गोंडा सीट सपा और बसपा के गठबंधन में हो गई और यहां से सपा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह मैदान में थे। लेकिन गठबंधन का भी लाभ नहीं मिला और गोंडा की सीट पर पुनः कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए।

2019 में बसपा ने गठबंधन के कारण अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था लेकिन 2024 में भी बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा का एक मजबूत कैडर वोट आज भी है। लेकिन किसी उम्मीदवार के न होने से कैडर मतदाता उदास जरूर हैं। इतना ही नहीं गोंडा से अभी तक किसी ऐसे व्यक्ति का नाम भी चर्चा में नहीं आया जिसने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की हो। इसलिए बसपा के वोटर भी खामोश हैं और पार्टी के नेता भी सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। बसपा को अब पार्टी की मुखिया के निर्णय का इंतजार है। वह अपना प्रत्याशी उतारेगी या फिर अन्य दलों को वॉक आउट दे देगी।

### गठबंधन में भी सपा को ट्रांसफर नहीं हो पाया था कैडर वोट

राजनीति के जानकार एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि बसपा एक कैडर पार्टी है। उसके मतदाता सपा, कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कैडर वोट के भाजपा में जाने की अधिक उम्मीद है। वह कहते हैं कि कांग्रेस से ही टूट कर बसपा, सपा व अन्य दलों का उदय हुआ है।( भाजपा को छोड़कर)। बसपा ने अपने बूते पर पार्टी खड़ी की और कांशीराम से लेकर मायावती ने अपना एक कैडर बनाया। जब सवाल किया गया कि कांग्रेस, सपा भी दलित का मुद्दा उठाती है तो मिश्र ने कहा कि 2019 में बसपा व सपा का गठबंधन हुआ था। सपा का वोट बसपा को ट्रांसफर हुआ था लेकिन बसपा का वोट सपा में नहीं गया। अब बात अलग जाने की है तो केवल भाजपा है जिसके प्रति मायावती का नरम रुख है। यदि बसपा अपना प्रत्याशी खड़ा करती है तो कैडर वोट उनके साथ जाएगा अन्यथा भाजपा की ओर जा सकता है।

# ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है बसपा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

रणनीति

- भाजपा और सपा ने घोषित कर दिए हैं उम्मीदवार
- सपा उम्मीदवार का टिकट बदलने के लग रहे कयास
- जिलाध्यक्ष बोले, जातिगत समीकरण का रखना पड़ता ध्यान




**अमृत विचार :** बुंदेलखंड में हार का सूखा खत्म करने के लिए बसपा नेतृत्व सधी हुई चाल चल रहा है। वैसे तो बांदा- चित्रकूट सीट पर सपा ने शिव शंकर सिंह पटेल और भाजपा ने आरके पटेल को उम्मीदवार बनाया है। सपा में उम्मीदवार बदले जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने बांदा-चित्रकूट सीट पर चेहरे नहीं बदले तो बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी सवर्ण होगा। वह भी ब्राह्मण जाति से। इन सबके बीच भाजपा में भी बगावत के आसार लग रहे हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। भैरों प्रसाद मिश्र 2014 में भाजपा से सांसद बने थे। तब उनके सामने बसपा से आरके सिंह पटेल उम्मीदवार थे। बाद में आरके पटेल भाजपा में आए और मानिकपुर से विधायक बने। 2019 में आरके पटेल ने लोकसभा का चुनाव भाजपा से लड़ा और जीता था। टिकट कटने से भैरों प्रसाद मिश्र नाराज उसी समय हो गए थे, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी इस बार टिकट देगी पर आरके पटेल को ही टिकट मिल गया।

ऐसे में अब चर्चा है कि भैरों प्रसाद सपा नेतृत्व के संपर्क में हैं और सपा शिव शंकर सिंह पटेल को हटाकर भैरों को टिकट दे सकती है। टिकट कटने की टीस भैरो प्रसाद को आज भी है और वे इस बात को स्वीकारते भी हैं। इस संबंध में जब उनसे सवाल किया गया तो उनका कहना था कि राजनीति में सभी विकल्प खुले रहते हैं। और सपा सबसे मजबूत विकल्प है। भैरों की बगावत चर्चाओं पर बसपा भी नजर रखे हुए है। भैरों अगर बागी होकर सपा के टिकट पर उतरते हैं तो बसपा अपनी रणनीति में पुनः बदलाव करेगी अन्यथा पार्टी किसी ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाने को तैयार बैठी है। भैरों प्रसाद एक बार बसपा के टिकट पर भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं तब उन्हें लगभग 33 हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था।

बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट कहते हैं कि जिले में कोई भी राजनीतिक दल चाहे जो भी कहे पर अंततः वह जातिगत आधार पर टिकट वितरण करता है। जिले की राजनीति में जाति के दखल से कोई इन्कार नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि भाजपा और सपा ने अपने उम्मीदवार तय तो कर दिए हैं पर अभी भी ऊहापोह की स्थिति है। रोज नई बात सामने आती है।

इसी वजह से बसपा अपने प्रत्याशी सामने नहीं ला रही। हालांकि सब कुछ तय है। जब उनसे पूछा गया कि किस किस नेता ने प्रत्याशिता की है, शिवबाबू बोले, बसपा में अन्य दलों से ज्यादा अनुशासन है। ऐसे में वह नाम नहीं बता सकते। बोले, हां इतना जरूर है कि सपा और भाजपा के प्रत्याशियों के नामों में बदलाव न हुआ तो हम ब्राह्मण प्रत्याशी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि बांदा-चित्रकूट सीट के लिए कुल पांच प्रत्याशियों के नाम आलाकमान के पास भेजे गए हैं। इनमें बांदा और चित्रकूट से दो-दो नाम ब्राह्मण समाज के और बांदा से ही एक नाम कुशवाहा समाज का है। बड़ी बड़ी बातें चाहे जो कोई करे पर सभी पार्टियां जातीय समीकरण देखकर ही अपना प्रत्याशी तय करती हैं

# रंगई, अंशू और श्याम समेत सात लोग ब्रेल लिपि बैलेट से डालेंगे वोट



रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**जिले में 21 हजार से अधिक हैं विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग मतदाता**

लोकसभा चुनाव

- देहरादून से लाई जाएगी ब्रेल लिपि बैलेट शीट
- ब्रेल लिपि का ज्ञान रखने वाले सात मतदाता किए गए चिह्नित

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार सात मतदाता ऐसे हैं जो ब्रेल लिपि बैलेट से अपने सांसद का चुनाव करेंगे। यह मतदाता पूरी तरह से दृष्टिबाधित हैं। वैसे दृष्टिबाधित मतदाताओं की संख्या 3 हजार 936 है लेकिन इनमें से सात वह मतदाता हैं जो ब्रेल लिपि की मदद से पढ़-लिख सकते हैं। ऐसे में इनसे वोट डलवाने के लिए उत्तराखंड के देहरादून स्थित राजकीय प्रेस से ब्रेल लिपि बैलेट शीट मंगवाई जाएगी। पीठासीन अधिकारियों का बाकायदा इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वहीं शेष दृष्टिबाधित मतदाताओं को उनके परिवार के किसी एक सदस्य के साथ सहायक के रूप में लेकर जाकर वोट डाला जाएगा। हालांकि इसके लिए भी बूथ पर एक फार्म भरवाया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। इसके लिए बूथों पर मतदाताओं को तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। लेकिन आयोग की व्यवस्थाओं के बाद भी बड़ी तादाद में दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं, खासकर, दृष्टिबाधित मतदाता। लिहाजा, निर्वाचन आयोग ने दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा के लिहाज से बूथों में ब्रेल लिपि बैलेटशीट का इंतजाम किया जा रहा है। इस बैलेट शीट में दलों के चुनाव चिह्न, प्रत्याशी का नाम आदि की पूरी जानकारी होगी। इसके बाद दृष्टिबाधित मतदाता आसानी प्रत्याशी एवं उसके चुनाव चिह्न की पहचान कर मत देंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में ऐसे सात दृष्टिबाधित मतदाता चिह्नित किये गये हैं, इनमें कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के श्यामजी पुत्र कीढ़ी लाल, रामनगर के धनन्जय पुत्र विजय कुमार व नितेश पुत्र रामनरेश, बाराबंकी क्षेत्र से छोटेलाल पुत्र शिवराज व अंशू पुत्र रामानंद, जैदपुर क्षेत्र से मनोज पुत्र श्रीपाल और हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से रंगई लाल पुत्र जगप्रसाद शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जिले में करीब 21 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें से सात ऐसे दृष्टिबाधित मतदाताओं को चिह्नित किया गया है। जो ब्रेल लिपि से पढ़ने- लिखने का ज्ञात रखते हैं। इनके लिए ब्रेललिपि बैलेट शीट मंगवाई जाएगी, जिस पर दृष्टिबाधित मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

### पुरुष और महिला दिव्यांग मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| 266 कुर्सी | 2487 | 1205 | 3642 |
| 267 रामनगर | 2251 | 1359 | 3610 |
| 268 बाराबंकी | 2178 | 1022 | 3200 |
| 269 जैदपुर | 2460 | 109 | 3559 |
| 270 दरियाबाद | 2942 | 1533 | 4475 |
| 272 हैदरगढ़ | 2005 | 1101 | 3106 |
| **कुल दिव्यांग वोटर** | **14323** | **7318** | **21642** |

नोट : जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए दिव्यांगों के इन आंकड़ों में दृष्टिबाधित, हाथ व पैर से दिव्यांग, बोलने व सुनने में अक्षम के साथ मानसिक मंदित आदि श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। इनमें केवल दृष्टिबाधितों की कुल संख्या 3936 हैं। इनमें से सात दृष्टिहीन वोटर ब्रेल लिपि का ज्ञान रखते हैं।

### क्या होती है ब्रेल लिपि



विश्व में ब्रेल लिपि को नेत्रहीनों को पढ़ने और लिखने के व्यवहार में लाया जाता है। इस पद्धति का आविष्कार 1821 में एक नेत्रहीन फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल ने किया था। यह अलग-अलग अक्षरों, संख्याओं और विराम चिन्हों को दर्शाते हैं। किसी टाइपराइटर की तरह ही ब्रेल लिपि को भी एक मशीन जिसे 'ब्रेलराइटर' कहते हैं , के माध्यम से लिखा जा सकता है।

## एनडीए में शामिल हो सकतीं हैं पल्लवी पटेल

**अमृत विचार, राज्य ब्यूरो :** इंडिया गठबंधन को प्रदेश में बड़ा झटका लग सकता है। सपा के अखिलेश यादव द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन न होने की घोषणा के बाद, अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने एनडीए के पाले में जाने के कयासों को हवा दे दी है। राजधानी में अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगर एनडीए से ऑफर आया तो हम विचार करेंगे। क्योंकि हमे राजनीति करनी है, भविष्य को लेकर निर्णय करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन अंतर्गत तीन सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया था। जिसके लिए गठबंधन के नेताओं से पूर्व में चर्चा भी चुकी थी। बावजूद सपा प्रमुख ने गठबंधन खत्म होने की बात कही है उसका स्वागत है। इसके बाद इंडिया गठबंधन की कांग्रेस को निर्णय करना है, अपना दल कमेरावादी इंडिया गठबंधन का हिस्सा रहेगा या नहीं।



# भाजपा की चौथी सूची में तमिलनाडु व पुडुचेरी के उम्मीदवार घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरूवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से के पी रामलिंगम, त्रिपुर से ए पी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश,तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरूद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है। पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है।

इससे पहले गुरुवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची और 21 मार्च को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

# दिग्गजों की सियासत दांव पर, टिकट से बचेगी साख

- निकाय चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा
- भाजपा के पूर्व विधायक किशनलाल का तय होगा सियासी सफर
- नैनीताल-बहेड़ी से सांसद रहे बलराज पासी ने भी बढ़ाई है सक्रियता
- पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के सामने बड़ी चुनौती

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तराई की सियासत इन दिनों दिग्गजों की धड़कनें बढ़ा रही है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर भाजपा हो या फिर विपक्षी समाजवादी पार्टी। दोनों में ही प्रत्याशी तय करने में गहन मंथन हो रहा है। भाजपा सांसद मेनका गांधी और वरुण गांधी की इस हाई प्रोफाइल इस सीट पर सभी की नजर है। ऐसे कई दावेदार हैं जिनका सियासी सफर दांव पर लगा है। कोई दिल्ली में डेरा डाले है तो कोई अन्य विकल्प तलाशने में जुट गया है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर सर्वाधिक दावेदार भारतीय जनता पार्टी में हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जिन्होंने नगर निकाय चुनाव 2023 संपन्न होने के साथ ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भाजपा भी टिकट के प्रबल दावेदारों में हैं। उन्होंने 2007 में बसपा से सदर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं सके। 2012 में सपा के टिकट पर बरखेड़ा विधानसभा सीट से जीते। इसके बाद उन्हें राज्यमंत्री भी बनाया गया। 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव सपा से ही बरखेड़ा सीट से लड़ा, लेकिन दोनों में हार मिली। 2019 में लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा। उस वक्त 4,48,922 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। हाजी रियाज अहमद के निधन के बाद तराई क्षेत्र में सपा के मजबूत लीडरों में उन्हीं की गिनती थी। मगर अब वह भाजपाई हैं और टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

दूसरा नाम है किशनलाल राजपूत का। वह 2017 में भाजपा से बरखेड़ा सीट से विधायक बने। 2022 उनकी जगह स्वामी प्रवक्तानंद को भाजपा ने टिकट दे दिया। अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी ने भी पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा सीट पर दावेदारी की है। वह नैनीताल सीट से 1991-96 तक सांसद रहे थे। वर्तमान में वह राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था उत्तराखंड के अध्यक्ष हैं। वह अपनी सियासत को रफ्तार देने के लिए करीब एक साल से जनपद में सक्रिय हैं। भाजपा के ही पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीयू के सभापति सुरेश गंगवार भी दावेदार हैं।


हेमराज वर्मा


किशनलाल राजपूत


फूलबाबू

### ... जा सकते हैं सपा में

भाजपा से टिकट पाने के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त पर विपक्षी दलों की भी नजर है। एक दावेदार के बारे में चर्चा है कि वह सपा आलाकमान के भी सपर्क में हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिला तो साइकिल की सवारी कर सकते हैं।

### लगातार तीन चुनाव हारे फूलबाबू का सियासी कद तय होगा

इसी तरह से सपा से टिकट की दौड़ में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार समेत कई चेहरे हैं। जिनके सियासी सफर का भविष्य लोकसभा चुनाव में तय होगा। बसपा से टिकट पाने में कामयाब हुए पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू भी सियासी तलवार की धार पर खड़े हैं। वह बीसलपुर विधानसभा सीट पर 1996, 2002, 2007 में हुए तीनों चुनाव में लगातार विधायक बने। मगर इसके बाद 2012, 2017, 2022 के चुनाव में हार की हैट्रिक भी बनाई। इसके अलावा तीन बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं। ऐसे में टिकट मिलने के बाद उनकी चुनौती और बढ़ गई है।

## चुनाव कमाल का...

- 1998 देश में 12वें लोकसभा चुनाव का गवाह बना। इस चुनाव में भाजपा को 182 सीटें मिली, जबकि कांग्रेस के खाते में 141 सीटें आईं। सीपीएम ने 32 सीटें जीती और सीपाआई के खाते में सिर्फ नौ सीटें आई। समता पार्टी को 12, जनता दल को 6 और बसपा को 5 लोकसभा सीटें मिली। क्षेत्रीय पार्टियों ने 150 लोकसभा सीटें जीतीं।
- 1998 में भाजपा ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, एआईएडीएमके और बिजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे, लेकिन इस बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 13 महीने में ही गिर गई।
- 1999 के आम चुनाव में कांग्रेस और सिमटी। इस चुनाव में विदेशी सोनिया बनाम स्वदेशी वाजपेयी का माहौल बनाया गया। भाजपा को सबसे ज्यादा 182 सीटें मिली और वाजपेयी केंद्र में सरकार बनाने में कामयाब रहे, जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ 114 सीटें आई थीं। सीपीआई ने चुनाव में 33 सीटें जीतीं।
- 1999 में यह पहली बार था जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में केंद्र में किसी गैर-कांग्रेसी सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।
- 2004 के 14वें लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 'इंडिया शाइनिंग' का नारा असफल रहा और कांग्रेस सत्ता में लौटी। इस चुनाव में कांग्रेस को 145 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा के खाते में 138 सीटें आई। सीपीएम के खाते में 43 सीटें गई और सीपीआई 10 सीटें जीतने में कामयाब रही।

## चुनावी तीर



राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना न तो प्रधानमंत्री को शोभा देता है और न ही उनकी सरकार को। सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है और यह असंवैधानिक है। ऐसी शर्मनाक घटना इतिहास में पहली बार देखी जा रही है।

**- प्रियंका गांधी वाड्रा,** राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस



कांग्रेस को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए भाजपा जिस तरह से परेशान कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह निंदनीय है। भाजपा की मानसिकता मनुवादी है। भाजपा चाहती है कि असमानता कायम रहे, जाति व्यवस्था और मजबूत हो, बेरोजगारी बढ़नी चाहिए, किसानों की समस्याएं हल नहीं होनी चाहिए। विपक्षी दलों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि चुनाव लड़ने के लिए पैसा न रहे।

**- सिद्धरमैया,** मुख्यमंत्री, कर्नाटक

# भाजपा के 30 स्टार प्रचारक करेंगे 300 से ज्यादा रैली

- प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री की सभाओं पर ज्यादा फोकस, प्रचारकों में सिर्फ हेमा फिल्मी स्टार
- राज्य में रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार की जिम्मेदारी तय, भाजपा की 'त्रिमूर्ति' संभालेगी चुनाव की बागडोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** भाजपा ने प्रदेश में सभी 80 सीटों पर जीत के लिए तीन सौ रैलियां करने की योजना बनाई है। रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार किस स्टार प्रचारक का कब और कहां होगा, इसका रुटचार्ट और प्रबंधन की जिम्मेदारी भाजपा की 'त्रिमूर्ति'' संभालेगी। अलग-अलग मोर्चों पर नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है।

भाजपा की राज्य चुनाव संचालन समिति की प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में तीन अलग-अलग मंत्रियों को इसकी कमान सौंपी गई है। रैलियों के दौरान किसकी जिम्मेदारी रहेगी, कौन अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेगा, इसके साथ चुनाव प्रबंधन किसके हाथ में रहेगा, इसको लेकर कार्य बांटे गए। इसके अनुसार जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के पास चुनावी रैलियों की जिम्मेदारी होगी, तो कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व्यवस्था पर नजर रखेंगे, जबकि जेपीएस राठौर बाकी चुनाव प्रबंधन को देखेंगे। संचालन समिति की देखरेख में भाजपा 300 से ज्यादा चुनावी रैलियां करेगी।

राज्य चुनाव संचालन समिति ने प्रदेश में 30 स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय करने का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, डॉ दिनेश शर्मा, संजीव बाल्यान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेंद्र नागर, जनरल वीके सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह 'राजू भईया', एसपी सिंह बघेल, साध्वी निरंजना ज्योति, कांता कदम, रजनीकांत माहेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र कश्यप, जेपीएस राठौर, भोला सिंह शामिल हैं।



### होली बाद गाढ़ा होगा मोदी-योगी व जयंत की रैली का रंग

प्रदेश में भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों का चुनावी रंग होली के बाद देखने लायक होगा। सबसे पहले रैलियों की शुरूआत पश्चिमी उप्र. के जाटलैंड से होगी। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में कड़ा मुकाबला है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा मांग है। संगठन इसे अनसुना भी नहीं कर रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान बिल को लेकर इन इलाकों में जबरदस्त आक्रोश था, तब योगी ने ही कमान संभाली और विरोध में लोकदल और सपा के गठबंधन के बावजूद रिकार्ड सीटों पर विजय मिली। इस बार माहौल बेहतर है, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने और लोकदल से गठबंधन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मांग भी खूब हो रही है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की टीम भाजपा के साथ कहीं सयुंक्त तो कहीं अकेले रैली व रोड शो करेगी।



### राहुल-अखिलेश संभालेंगे इंडिया का मोर्चा

इंडिया गठबंधन से राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव और शिवपाल यादव मुख्य कमान संभालेंगे। बसपा प्रमुख मायावती भी कुछ सीटों पर प्रचार करने जा सकती है। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेताओं की चुनावी रैलियां होंगी।

# बसपा की सोशल इंजीनियरिंग विपक्ष के लिए बन रही चुनौती

चुनाव डेस्क ,लखनऊ

**अमृत विचार।** साल 2006 में सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले से प्रदेश में पूर्ण बहुमत की बसपा सरकार बनाने वाली मायावती की चुप्पी से राजनैतिक दलों में बेचैनी बनी हुई है। यह बेचैनी बसपा द्वारा अब तक प्रत्याशियों की अधिकारिक सूची न घोषित होने से बनी हुई है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की राजनीति में बसपा के प्रत्याशियों की ट्रंप का इक्का सरीखे स्थिति बन गई है, माना जा रहा है कि बसपा के प्रत्याशी तीसरा मोर्चा भले ही न बन सकें, मगर स्थानीय स्तर पर मतों की बड़ी सेंधमारी कर संभावित परिणाम प्रभावित कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, देश में सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा व सपा ने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, शेष सीटों पर होली बाद घोषित किये जाने की बात कही जा रही है। मगर, बसपा साइलेंट मोड में बनी हुई है, लोकसभा चुनाव को लेकर मायावती की चुप्पी के सियासी गलियारों में तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अबतक घोषित हो चुके प्रत्याशियों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का दोबारा फार्मूला दोहराने की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। अकबरपुर, रनिया, उन्नाव, आयोध्या, धरोहरा व पश्चिम उप्र. में आधा दर्जन ब्राम्हण प्रत्याशियों से जहां एनडीए गठबंधन (भाजपा) के प्रत्याशियों के लिए कठिनाई पैदा हो चुकी है वहीं दलित और मुस्लिम प्रत्याशियों के घोषित होने से इंडिया गठबंधन(सपा) के प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ रहीं हैं।

### सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय में बसपा अव्वल

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि कोई भाजपा की बी टीम कहता है तो कोई इंडिया गठबंधन का हितैषी होने का प्रमाण देता है। मगर वास्तव मे सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देने का पहली बार मायावती ने काम किया था। साल 2006 में सबसे ज्यादा ब्राम्हण विधायक, मुस्लिम व दलित विधायकों के साथ सरकार बनाई गई थी। जिसे जनता आज भी दोहराना चाह रही हैं। फिलहाल, बसपा द्वारा प्रदेश के 18 मंडलों में सात सवर्ण( पांच ब्राम्हण), पांच मुस्लिम, तीन दलित, एक जाट व दो ओबीसी प्रभारी बनाए गए हैं। स्पष्ट है कि बसपा का प्रत्याशी जनता से जुड़ा होगा।

### विपक्ष को झटका देने को दिया पल्लवी को प्रस्ताव

सपा के साथ अपना दल कमेरावादी के समझौता तोड़ने की शुक्रवार को घोषणा होते ही, बसपा द्वारा अपना दल की पल्लवी पटेल को समर्थन का आश्वासन और हाथी चुनाव चिन्ह पर प्रत्याशी उतारने का ऑफर देने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पार्टी के भीम राव आंबेडकर ने चर्चाओं की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि ऑफर देने का विषय बसपा सुप्रीमो के स्तर का है, अभी तक किसी प्रकार की अधिकारिक जानकारी पार्टी की ओर से नही दी गई है। मालूम हो कि अपना दल की कृष्णा पटेल ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन के तहत प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर व कौशांबी सीट पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया था। जिसके बाद सपा के अखिलेश यादव ने 2024 में गठबंधन की बात से इंकार कर दिया था।

# रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन, बदल सकता है समीकरण

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से नेताओं का बदला सियासी मिजाज
- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं पूर्व मंत्री आजम खां

सुहेल जैदी, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन रामपुर के सियासी समीकरण बदलने की ताकत रखता है। क्योंकि, सपा-कांग्रेस गठबंधन होने के बाद से नेताओं का सियासी मिजाज बदल गया है। शोला बयां मोहम्मद आजम खां रामपुर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं। हालांकि, भाजपा हाईकमान ने लोकसभा उप चुनाव 2023 में जीते घनश्याम सिंह लोधी को सबसे पहले टिकट देकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद ने लड़ा था। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट को लेकर चर्चाओं में रहता है।

नूरमहल कभी कांग्रेस की धुरी हुआ करता था। लेकिन, समय के साथ बदलाव आता गया और सियासी बिसात के राजनैतिक मोहरे आजम खां के साथ होते गए। कभी रामपुर का चुनाव इस तर्ज पर होता था बड़ा वोट मिक्की मियां (लोकसभा) और छोटा वोट आजम खां (विधानसभा) को जाता था। लेकिन, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने वर्ष 1996 में लोकसभा चुनाव अपने दमखम पर लड़ा और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को करारी शिकस्त देते हुए यह सीट छीनकर कांग्रेस की झोली में डाल दी। लेकिन,वर्ष 1998 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर लोकसभा जीत ली और बेगम नूरबानों को करीब साढ़े हजार वोटों से शिकस्त दे दी। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो ने एक बार फिर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 में सपा की साइकिल पर सवार होकर फिल्म अभिनेत्री रामपुर आईं और लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच गईं। लेकिन, वर्ष 2014 में हुए चुनाव में मुरादाबाद के डॉ. नेपाल सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर ली। इसके बाद वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां ने लोकसभा चुनाव जीतकर संसद का रुख किया। वर्ष 2022 में आजम खां द्वारा लोकसभा सीट से त्याग पत्र देने के बाद हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने आसानी से चुनाव जीत लिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के टिकट के लिए कई दावेदार थे लेकिन, पार्टी हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर ही दांव लगाया है। जबकि, सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि लोकसभा टिकट मामले में अंतिम निर्णय पूर्व मंत्री आजम खां को लेना है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो भी वर्ष 2024 का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में थीं और उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वह चुनाव लड़ेंगी। नूरमहल को करीब 20 से 25 प्रतिशत हिन्दू वोट के अलावा दलित और सिखों को वोट मिलता है। आजम खां पुरानी रवायत को बरकरार रखते हुए बेगम नूरबानो को गठबंधन प्रत्याशी बनाते हैं तो रामपुर का चुनाव काफी दिलचस्प हो सकता है। हालांकि, यह मुश्किल है क्योंकि आजम खां का नवाबों से पंगा किसी से छिपा नहीं है। लेकिन, राजनीति में सबकुछ संभव है। कांग्रेस हाईकमान यदि गठबंधन में रामपुर सीट पर बेगम नूरबानो को चुनाव लड़ाती है तब भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी की राह मुश्किल हो सकती है।


पूर्व सांसद बेगम नूरबानो


पूर्व मंत्री आजम खां


घनश्याम सिंह लोधी

# अखिलेश की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' में बिखरे सहयोगी

- गठबंधन से पहले प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस पर बनाया था दबाव
- सहयोगी दलों को रोकने में भी आजमा रहे यही दांव, गुटबंदी हो रही हावी

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सत्तासीन दल भारतीय जनता पार्टी को ललकारने की तैयारी कर रही समाजवादी पार्टी अपनों को ही साथ लेकर चलने के संघर्ष में हलकान है। मुख्य विपक्षी होने के नाते समाजवादी पार्टी पर भाजपा की विचारधारा के साथ न चलने वाले 'वोटबैंक' की नजर तो है लेकिन एक के बाद एक सहयोगी दलों के बिखराव से संदेश साकारात्मक नहीं जा रहा। हकीकत तो यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' के चक्कर में सहयोगी नहीं फंस रहे।



### अभी बदल भी सकते हैं टिकट

सूत्र बता रहे हैं कि सपा में टिकटों के बंटवारे पर अभी आम सहमति नहीं है। संभावना है कि अखिलेश टिकटों में अभी और बदलाव कर सकते हैं। ताजा बदलाव सपा प्रमुख ने दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर महेंद्र नागर की जगह राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार बना दिया। वहीं इससे पहले भी बदायूं सीट से अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को टिकट मिला था लेकिन फिर उनका टिकट काटकर चाचा शिवपाल को टिकट दिया गया। फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

### भाजपा को जिताने के लिहाज से टिकट दे रही सपा

जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा को भाजपा की बी टीम बताते हुआ कहा कि सब सीट पर टिकट भाजपा को ही जिताने के लिहाज से बांटे जा रहे हैं। संजय सिंह चौहान इस बार घोसी से लोकसभा का चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेंगे। संजय का आरोप है कि वह घोसी से ही सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहते थे, अखिलेश यादव उनको आश्वासन भी देते रहे लेकिन टिकट देने के समय उन्होंने राजीव राय को टिकट दे दिया। वहीं शुक्रवार को सपा से टिकट मिलने की उम्मीद न पूरी होने के बाद आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने भी नगीना से पर्चा भर दिया है।

हाल-फिलहाल की बात की जाए तो गठबंधन को लेकर कांग्रेस के ठंडे रवैये के मद्देनजर अखिलेश ने सीटों पर समझौता होने का इंतजार किए बगैर ही पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी थी। इस सूची में 16 नाम थे और इससे पहले अखिलेश ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की पेशकश भी की थी। हालांकि कांग्रेस के खाते में आईं 17 सीटों पर भी अभी तक उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। इस बीच सपा निरन्तर प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस में तेजी लाने को उकसा रही है। उधर, सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो जाने के बावजूद तालमेल नजर नहीं आ रहा और इधर सपा भी अपने सहयोगियों को कांग्रेस के चक्कर में नजरंदाज कर रही। ऐसे में सहयोगी बिखर रहे हैं। शुक्रवार को ही इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने घोषणा की कि वह अपने बूते उप्र की 27 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। देखा जाए तो उप्र. विस. चुनाव 2022 के बाद यह पांचवीं पार्टी है, जिससे अखिलेश का नाता टूटा है। इससे पहले महान दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल कमेरावादी के साथ गठबंधन टूट चुका है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,831.94 | 22,096.75 |
| बढ़त | 190.75 | 84.80 |
| प्रतिशत में | 0.26 | 0.39 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000

**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500

**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000

**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# 2025 में भारत का परिदृश्य सकारात्मक होगा

## वित्त मंत्रालय ने निजी निवेश में बढ़ोतरी के चलते आर्थिक समीक्षा में जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है।



आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया कि सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है।

मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। समीक्षा में कहा गया कि कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।

### आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने वर्ष 2024-25 के लिए बजट को दी मंजूरी



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए बजट को भी मंजूरी दी। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 607वीं बैठक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में नागपुर में संपन्न हुई। आरबीआई ने कहा-निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक विकास और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। इसके अलावा, निदेशक मंडल ने आरबीआई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। इनमें चालू लेखा वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता में हुई प्रगति शामिल है। बैठक में केंद्रीय निदेशक मंडल के निदेशक सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन और रवींद्र एच ढोलकिया शामिल हुए।

# ई-कॉमर्स मंचों पर भी छा गया आम चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल ऑनलाइन सबसे ज्यादा देखा जा रहा




भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे।

एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए। उन्होंने कहा-जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।

विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है। उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है। इस प्रवृत्ति पर समाचार एजेंसी द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। वहीं आपूर्तिकर्ता ने कहा कि पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।

## सर्राफा

**कानपुर**
चॉदी 999 (प्रति किलो) 75,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल 87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम) 67,800
गिन्नी (प्रति नग) 50,500-50,700

**लखनऊ**
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) 66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) 65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग) 42, 500
चांदी (999) 75,000
चांदी तैयार 75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) 90, 500

**बरेली**
सोना जेवरात पक्के 66,000
सोना जेवरात गिन्नी 65,000
चांदी पक्की 715 (अनुमानित)

**मुरादाबाद**
सोना 24 कैरेट 66,200
चांदी आभूषण 74,500।

## डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जनवरी में एयर इंडिया का मौके पर ऑडिट किया था। इस दौरान जमा किए गए सबूतों के आधार पर यह फैसला किया गया है।

## सोने के भाव में 875 और चांदी में 760 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है।

## नीति आयोग ने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक टन कृषि फसल पैदा करने के लिए कई विकासशील देशों के मुकाबले 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि कई विकसित और विकासशील देशों ने कृषि क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन पर जोर दिया है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा विश्व जल दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आय वृद्धि के कारण भोजन और पानी की मांग बढ़ रही है।

## जेनएआई में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह बदलने की क्षमता

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी इंडिया ने रिपोर्ट में जताया अनुमान

उत्पादक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेनरेटिव-एआई) में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को पूरी तरह से बदलने की क्षमता है जो चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज करने की दक्षता में सुधार कर सकती है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

'भारतीय स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र पर जेनएआई के प्रभाव का आकलन' शीर्षक वाली वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में जेनएआई का उपयोग करने वाले अग्रणी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा शामिल है और इस नवाचार का उद्योग पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा है। वित्त, ई-कॉमर्स और विनिर्माण जैसे भारतीय उद्योग परिचालन दक्षता बढ़ाने और प्रक्रियाओं को स्वचालित करने के लिए धीरे-धीरे जेनएआई एवं अन्य एआई तकनीकों को अपना रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक-स्वास्थ्य सेवा में जेनएआई उन्नत विश्लेषण को बढ़ा सकता है और रोगियों के लिए नैदानिक सिफारिशों को बेहतर बना सकता है। भारत में 2021-23 के बीच जेनएई स्टार्टअप की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है।

# राष्ट्रीय

### बुरा न मानो होली है...




अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्रों ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बसंत उत्सव की बधाई दी। • एजेंसी

## द्रमुक नेता पोनमुडी को राज्यपाल रवि ने मंत्री पद की दिलाई शपथ

**चेन्नई।** उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के एक दिन बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। पोनमुडी ने 19 दिसंबर 2023 को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने पर मंत्री पद गंवा दिया था। इसके तीन महीने बाद वह फिर से तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गए हैं। राजभवन में एक सामारोह में रवि ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन तथा उदयनिधि स्टालिन और मा सुब्रमण्यन सहित अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में पोनमुडी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है,जो संक्षिप्त अवधि के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजाकनप्पन के पास था।

# परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे

## सभी राज्यों के लिए उच्चतम न्यायालय ने संबंधित मामले में दायर याचिका पर की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह सभी राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा नेता प्रतिपक्षों द्वारा अनुसरण की जाने वाली परामर्श प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश तय करेगा।

### मप्र में लोकायुक्त की नियुक्ति मामला



शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया था। इस मुद्दे के देशव्यापी प्रभाव के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा-देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस न्यायालय के लिए ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करना उचित होगा। न्यायालय ने कहा कि इसका देशव्यापी प्रभाव है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इसने कहा-यद्यपि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने होंगे और आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा। शीर्ष अदालत नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### कपिल सिब्बल ने नियुक्ति को मजाक बताया



सिंघार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का 'पूरी तरह से मजाक' बताया, क्योंकि इसके लिए कोई परामर्श नहीं किया गया था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेज दी गई। सिंघार ने मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 का हवाला देते हुए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है। उन्होंने कहा था, इसलिए, संबंधित अधिनियम की धारा-तीन के अनुसार, नियुक्ति करने से पहले राज्य सरकार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के बीच उचित परामर्श किया जाना आवश्यक था।

## एक नजर

### चेन्नई में विस्फोट से एक किशोर की मौत

**चेन्नई।** 12वीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र की अपने आवास पर कुछ रसायनों के साथ प्रयोग करने के दौरान हुए विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस ने बताया-छात्र कोलाथुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले एक निजी स्कूल में पढ़ता था। अपनी पढ़ाई संबंधी रुचि के चलते यह प्रयोग किया था, लेकिन उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस घटना के बाद विशेषज्ञ छात्र द्वारा इस्तेमाल किए गए रासायनिक पदार्थ की जांच कर रहे हैं। इसमें कहा गया-ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित ने अपनी शैक्षणिक रुचि के चलते अपने घर पर लापरवाही के साथ कुछ प्रयोग किए थे।

### भाजपा नेता ने किया संदेशखालि का दौरा

**कोलकाता।** उत्तरी 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा करने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है। इस दौरे के दौरान घोष ने 25 से अधिक महिलाओं से बातचीत की जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के गुर्गों द्वारा कई वर्ष तक किये गये शारीरिक उत्पीड़न की कहानी बयां की। शेख फिलहाल जेल में बंद है।

## प्रधानमंत्री मोदी की वजह से फिर टल गई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

**नई दिल्ली, अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दिल्ली से बाहर हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। अनुमान है कि रविवार को भूटान से लौटने के बाद मोदी की उपस्थिति में चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें लगभग सभी नाम घोषित कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को तमिलनाडु के 14 व पुद्दुचेरी के एक उम्मीदवार की एक सूची और जारी की गई है। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को दिनभर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्री व टिकट दावेदारों से विचार-विमर्श चलता रहा। उत्तर प्रदेश की 24 सीटों को लेकर भाजपा सूत्रों से पता चला है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद ही इन सीटों के उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

## ए राजा व अन्य के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगी कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

### 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले के मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा और अन्य को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील को शुक्रवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि उपलब्ध सामग्री और विभिन्न पक्षों के वकीलों की दलीलों के आधार पर सीबीआई ने प्रथम दृष्टया एक मामला बनाया है और सभी साक्ष्यों के गहन अध्ययन की तथा अपीलों पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है।

न्यायाधीश ने कहा, ''अपील की अनुमति दी जाती है। अपील को मई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।'' 'अपील की अनुमति' अदालत द्वारा किसी पक्ष को किसी फैसले के खिलाफ किसी उच्च अदालत में अपील करने के लिए दी गई औपचारिक मंजूरी है। उच्च न्यायालय ने सीबीआई की छह साल पहले दायर 'अपील की अनुमति' याचिका पर यह फैसला सुनाया। सीबीआई ने 2018 में अपील दायर की थी। इस पर न्यायाधीश ने 14 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। विशेष अदालत ने 21 दिसंबर, 2017 को राजा, द्रमुक सांसद कनिमोई और अन्य को 2जी घोटाले से मामलों में बरी कर दिया था।

## हिमाचल में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले तीन विधायकों ने दिया इस्तीफा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हालिया राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। निर्दलीय विधायकों में से एक ने संवाददाताओं से कहा कि वे भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा (हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र), होशियार सिंह (देहरा) और के एल ठाकुर (नालागढ़) ने शुक्रवार को शिमला में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से मुलाकात की और उसके बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया। होशियार सिंह ने संवाददाताओं से कहा-हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

# गिरफ्तारी से पहले अब तक पांच मुख्यमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर बड़ा सवाल



**अमृत विचार:** शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इस देश में अब तक विभिन्न आरोपों के तहत पांच मुख्य मंत्री गिरफ्तारी से पहले राज्यपाल को इस्तीफा दे चुके हैं। मगर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे।

कानूनविदों ने अपनी अलग-अलग राय व्यक्त करते हुए कहा है कि अभी तक जितने भी नेता गिरफ्तार हुए हैं, उनसे इस्तीफा लेने की एक परंपरा है। मगर बहुत कुछ निर्भर करता है कि संबंधित अदालत और उप राज्यपाल क्या फैसला लेते हैं।

भाजपा नेता उमा भारती सन 2003 में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। गैर जमानती वारंट के मामले पर धारवाड़ (कर्नाटक) जिले की एसपी डी रूपा उनको गिरफ्तार करने भोपाल पहुंच गई थी। जिसके चलते उमा भारती को भी 23 अगस्त 2004 में इस्तीफा देना पड़ा था।

झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रक्षा जमीन में घोटाला करने का आरोप था। जांच के दौरान उन्हें समन भेजा गया और उन्होंने गिरफ्तारी से पहले 31 जनवरी 2024 को राज्यपाल को इस्तीफा दे दिया था।

चर्चित चारा घोटाला के आरोप में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को भी जेल जाना पड़ा था। जेल जाने से पहले 25 जुलाई 1997 को उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के ऊपर बेनामी संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा था उन्होंने भी अपनी गिरफ्तारी से पहले 5 दिसंबर 1996 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

उल्लेखनीय है कि सन 2011-12 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़कर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार को घेरा था। कॉमनवेल्थ खेल आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी को भी जेल जाना पड़ा था। मगर अब शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के आरोप में केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। केजरीवाल इस्तीफा देंगे या नहीं? इस सवाल पर सर्वोच्च न्यायालय एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के वकीलों की भी एक राय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विराग गुप्ता कहते हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सरकार चला सकते हैं और समय-समय पर अपनी कैबिनेट एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे सकते हैं। लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की इजाजत उन्हें न्यायालय से लेनी पड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह कहते हैं कि अभी तक संविधान की शपथ लेने वालों को यह छूट नहीं मिली है कि यदि किसी मामले में वे गिरफ्तार होते हैं तो उन्हें पद पर बने रहने दिया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एसक्यू काजिम का स्पष्ट मत है कि संविधान में ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी जन प्रतिनिधि को तब तक अपने पद पर बने रहना चाहिए जब तक उसे आरोपित मामले में दोषी करार नहीं दिया जाता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजीव वशिष्ट कहते हैं कि न्यायालय में विचाराधीन किसी भी अभियुक्त को यह छूट नहीं मिली है कि उसे गिरफ्तार किया गया हो और उसे अपने सरकारी पद पर बने रहने दिया गया हो। वशिष्ठ ने जन प्रतिनिधि कानून का भी जिक्र किया है। जिसके तहत नैतिकता के आधार पर किसी भी नेता को अदालत से बरी होने तक अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

## बालाजी की याचिका पर 28 को फैसला सुनाएगी अदालत

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत द्वारा धन शोधन मामले में आरोपमुक्त करने से संबंधित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में 14 जून 2023 को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने शुक्रवार को 28 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया है।

# रॉयल चैलेंजर्स ने सीएसके को दिया 174 रनों का टारगेट

## अनुज रावत और कार्तिक ने की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी

## सीएसके की ओर से मुस्तफिजुर ने झटके 4 विकेट

चेन्नई, एजेंसी



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ छह विकेट पर 173 रन बनाये। आरसीबी के लिये विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने सर्वाधिक 48 रन बनाये। उनके अलावा दिनेश कार्तिक ने नाबाद 38 और कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 35 रन की पारी खेली। सीएसके के लिए मुस्तफिजुर रहमान सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर चार विकेट झटके।

युवा अनुज रावत 48 रन और दिनेश कार्तिकी नाबाद 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिये 174 रनों का लक्ष्य दिया है। शुक्रवार को एम ए चिदंबरम स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के पहले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 41 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मुस्तफिजुर ने दो विकेट झटकते हुए आरसीबी को बैकफुट पर ला दिया। डुप्लेसी 23 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 35 रन बनाकर आउट हुये। वहीं रजत पाटीदार बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। इसके बाद चाहर ने ग्लेन मैक्सवेल को शून्य पर निपटाकर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। विराट कोहली ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान विराट ने टी-20 में अपने 12 हजार रन भी पूरे किये। विराट को भी मुस्तफिजुर ने रविंद्र के हाथों कैच आउट कराया। उन्होंने 20 गेंदों में एक छक्के की मदद से 21 रन बनाये। इसके बाद मुस्तफिजुर ने कैमरून ग्रीन को 18 रन पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अनुज रावत ने 25 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 48 बनाये। वह मैच की आखिरी गेंद पर रनआउट हुये। वही दिनेश कार्तिक ने 26 गेंदों में दो चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 38 रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट लिये 95 रनों की साझेदारी करते हुए टीम को सम्मानजक स्कोर तक पहुंचा। चेन्नई के लिए मुस्तफिजुर रहमान के 29 रन देकर चार विकेट लिये। दीपक चाहर को एक विकेट मिला।

बेंगलुरु की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। मुस्तफिजुर रहमान ने 12वें ओवर की चौथी बॉल पर कमरन ग्रीन को बोल्ड कर दिया। ग्रीन 22 बॉल पर 18 रन बनाकर आउट हुए। दिनेश कार्तिक और अनुज रावत ने आरसीबी की पारी संभाली। दोनों ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम की नैया पार लगाई। 18वें ओवर दिनेश ने तुषार देशपांडे की पहली बॉल पर छक्का जमाकर फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की।

### चैलेंजर्स बेंगलुरु

| | |
|---|---|
| कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 21 |
| डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 35 |
| रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर | 00 |
| मैक्सवेल का धोनी बो चाहर | 00 |
| कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर | 18 |
| अनुज रावत रन आउट | 48 |
| दिनेश कार्तिक नाबाद | 38 |

**अतिरिक्त** : 13

**कुल** : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन

**विकेट पतन** : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173

**गेंदबाजी** :

दीपक चाहर 4-0-37-1
तुषार देशपांडे 4-0-47-0
महीश तीक्ष्णा 4-0-36-0
मुस्तफिजुर रहमान 4-0-29-4
रविंद्र जडेजा 4-0-21-0



### ओपनिंग सेरेमनी में दिखी भारत की धमक

**चेन्नई, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल के 17वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड कलाकारों से लेकर बेहतरीन लेजर शो का प्रदर्शन किया गया। चेपॉक क्रिकेट स्टेडियम में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ से लेकर सोनू निगम, एआर रहमान और मोहित चौहान जैसे बड़े कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की। लेजर शो में विक्रम लैंडर को देखकर फैंस पूरी तरह से अचंभित हो गए। इस लेजर शो में दिखाया गया कि कैसे लैंडर ने साउथ पोल पर लैंड किया था। आईपीएल के ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया। चंद्रयान और विक्रम लैंडर के साथ भारत की राजधानी इंडिया गेट का भी लेज शो दिखाया गया। इस दौरान इंडिया गेट पर अशोक चक्रन ने दर्शकों का मन मोह दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया।



## खेल डायरी

### साथियान ने पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीता

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी।

### मियामी ओपन: कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

**मियामी गार्डन्स।** यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह दो बच्चों की मां बनने के बाद पिछले साल कोर्ट पर लौटी। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा।

### फ्लिंटाफ टी20 विश्व कप के लिए बैकरूम स्टाफ में

**लंदन।** पूर्व आल राउंडर एंड्रयू फ्लिंटाफ को टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में शामिल किया गया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब इस पूर्व आल राउंडर को टीम के मुख्य कोच की संभावित उम्मीदवारी के संकेत के रूप में देखते हैं। फ्लिंटाफ 'द हंड्रेड' के इस सत्र में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कोच होंगे और टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान भी टीम के साथ होंगे। की ने 'टेलीग्राफ' से कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक शानदार मुख्य कोच होंगे।''

# लंबे समय तक बल्लेबाजी और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं

चंडीगढ़, एजेंसी

### बोले पंत



विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टीम के सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं कि पेशेवर क्रिकेट में वापस खेल रहा हूं। मैं कल अपने पहले मैच में खेलने के लिए उत्साहित हूं।'' पंत जानते हैं कि पुरानी लय में आने में उन्हें समय लगेगा लेकिन वह एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाना चाहते हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए कहा, ''हर बार जब भी मैं मैदान पर उतर रहा हूं तो यह बहुत अलग महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज जितना हो सके, उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह बेहतर भी है क्योंकि मैं जितना ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करूंगा, शॉट लगाने के लिए उतनी ही बेहतर स्थिति में रहूंगा। मैं करीब डेढ़ साल से नहीं खेला हूं लेकिन 'मसल मेमरी' (अभ्यास से हासिल की गयी मांसपेशियों की गतिविधियां) तो बरकरार है।'' पंत ने कहा, ''मैं बचपन से ही खेल रहा हूं इसलिये यह इतनी आसानी से नहीं जाती है। इसलिये जितना मैं ज्यदाा अभ्यास करूंगा, बतौर क्रिकेटर खुद को उतना ही बेहतर मौका प्रदान करूंगा।'' वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते।

## श्रीलंका को समेटने के बाद बांग्लादेशी पारी लड़खड़ाई

**सिलहट।** खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शुक्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवा कर लड़खड़ा गई है। बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन नौ रन, कप्तान नजमुल शान्तो पांच रन और मोमिनुल हक पांच रन के विकेट झटक लिये है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिये और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद नौ रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। इससे पहले बांग्लादेश ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

# मनु पाल ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में जीता मेडल
- मनु ने पूरी दुनिया में कन्नौज का नाम किया रोशन




**अमृत विचार :** इत्रनगरी की बेटी ने भारत को कांस्य पदक दिलाकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में मनु पाल से कांस्य जीतकर मान बढ़ाया है। नगर के मोहल्ला भैनपुरा निवासी लान बाल्स खिलाड़ी मनु पाल ने अंडर 25 आयुवर्ग में 15वीं एशियन लान बाल्स चैंपियनशिप थाईलैंड में सहभागिता की। इसका आयोजन तीन से दस मार्च तक थाईलैंड के पटाया में किया गया। इस चैंपियनशिप में 13 एशियाई देश इंडिया, श्रीलंका, मकाउ, फिलीपींस, थाईलैंड, हांगकांग, चीन, सिंगापुर, जापान, कोरिया, ईरान, ब्रूनेई, दारुस्सलाम ने प्रतिभाग किया। मनु को वुमेन फोर्स में कांस्य पदक मिला है। इस सफलता की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, तो ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पिता रामनारायन पाल व मां हरिप्यारी देवी को बधाई दी। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु पाल दूरभाष पर बताया कि आगे भी देश का नाम इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।




# अमित सियाल बोले- रणदीप के साथ मिलकर घिसे हैं बर्तन



**मुंबई, एजेंसी।** मिर्जापुर और महारानी जैसी वेब सीरीज में अपनी दमदार अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर अमित सियाल जल्द ही फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में नजर आएंगे। फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर (रणदीप हुड्डा द्वारा अभिनीत) के छोटे भाई, नारायण दामोदर का किरदार निभाया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणदीप हुड्डा से अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि रणदीप से उनकी दोस्ती तकरीबन 29 साल पुरानी है। दोस्त कम, हम भाई ज्यादा हैं। सालों पहले हम ऑस्ट्रेलिया में एक साथ थे। एक ही घर में रहते थे। वहां साथ में टैक्सियां चलाते थे। इतना ही नहीं, हमने वहां होटल में एक साथ बर्तन भी घिसे हैं। वेटर की जॉब करते थे। रणदीप की तारीफ करने हुए कहा कि रियल लाइफ में मैं उनसे केवल एक साल बड़ा हूं। लेकिन स्वाभाविक तौर पर वे मुझसे बड़े हैं। रणदीप बहुत ही मैच्योर व्यक्ति हैं। बतौर एक्टर भी उनका अनुभव मुझसे ज्यादा है। स्क्रीन पर हमारा ये पुराना बॉन्ड देखने को मिलेगा। स्क्रीन पर दोनों भाई की केमिस्ट्री दिखाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

# अब राजनीति में भी चार चांद लगाएंगी उर्वशी रौतेला!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की स्टाइल आइकन उर्वशी रौतेला ने लोकसभा चुनाव 2024 की चर्चा के बीच हिंट दिया है कि वह भी चुनाव लड़ सकती हैं। उर्वशी ने कहा है कि उन्हें टिकट मिला है। हालांकि किस सीट से मिला है ये उन्होंने नहीं बताया है और ये भी नहीं बताया कि वह इलेक्शन लड़ रही हैं या नहीं। इस खबर से उर्वशी के फैंस काफी खुश हैं। उर्वशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह खुद इस बात के बारे में बताती नजर आ रही हैं। वह कह रही हैं, "टिकट मिली है मुझे लेकिन मुझे तय करना है कि मैं ये करने वाली हूं या नहीं। मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं या नहीं? आप लोग मुझे कमेंट सेक्शन में राय दें कि क्या मुझे राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं।" दरअसल उर्वशी से राजनीति में उनकी दिलचस्पी के बारे में पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने टिकट मिलने की बात कही है। उर्वशी के राजनीति ज्वाइन करने की बात से हर कोई हैरान है।

# आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी मुखर्जी ने किया खुलासा



**मुंबई, एजेंसी।** रानी मुखर्जी ने हाल ही में खुलासा किया कि आदित्य चोपड़ा के बारे में उन्हें सबसे अच्छी बात क्या लगी थी। उन्होंने कहा कि दो लोगों के बीच में प्यार से ज्यादा सम्मान जरूरी होता है। रानी मुखर्जी ने 'सही कारणों' से शादी करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वे कई ऐसी महिलाओं को जानती हैं, जो अपनी पूरी लाइफ में भयानक रिश्तों को झेलती हैं। रानी मुखर्जी, आदित्य की ईमानदारी और उनकी लीडरशिप क्वालिटी से अट्रैक्ट हुई थीं। रानी बोलीं- मुझे लगता है कि वो वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। सच कहूं तो मेरे लिए ये काफी था। मैं अपने माता-पिता के साथ एक घर में पली-बढी हूं, और मैंने उनके रिश्ते को बहुत महत्व दिया है। मेरी लाइफ में, आसपास अच्छे लोगों का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लोगों का सम्मान करना पसंद है। आदित्य के बारे में कहूं तो वो एक बहुत ही दयालु इंसान, एक अच्छे इंसान और अपनी टीम के लिए एक महान नेता हैं। रानी ने आगे कहा- आदित्य अपनी नैतिकता और निर्णय के मामले में बहुत निष्पक्ष हैं। एक समय के बाद आप प्यार से बाहर हो सकते हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान होना बहुत जरूरी होता है। वो कभी नहीं खोना चाहिए। मेरे लिए ये बहुत जरूरी है। अगर मैं किसी के करीब रहना चाहती हूं तो मुझे उनका सम्मान करना ही होगा। मैंने दुनिया को बहुत करीब से देखा है, मैंने फिल्म इंडस्ट्री में कई वर्षों तक काम किया है। इसलिए, अगर मुझे इस इंडस्ट्री से किसी व्यक्ति का चुनाव करना था, तो वो व्यक्ति आदित्य के अलावा और कोई नहीं हो सकता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' की लॉन्चिंग स्थगित

**चेन्नई।** स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीकी समस्या के कारण पहले राकेट की लॉन्चिंग को स्थगित कर दिया है। कंपनी ने गुरुवार को स्थगित किए जाने की जानकारी दी। मिशन अग्निबाण एसओआरटीईडी' (सब आर्बिटल टेक्नोलाजी डिमान्स्ट्रेटर) को 22 मार्च को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो परिसर में स्थित अग्निकुल के प्राइवेट लांच पैड से लांच करने की योजना थी। प्रेस सूचना ब्यूरो की ओर से बताया गया है कि लांच की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस राकेट में दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक राकेट इंजन है। हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस 2022 में अपने पहले राकेट विक्रम-एस की लॉन्चिंग की थी।

### आईसीपीएफ व एम्स ने दिल्ली में लगाए सर्वाइकल कैंसर के टीके

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यौन शोषण से पीड़ित लड़कियों का निशुल्क एचपीवी टीकाकरण किया गया। शिविर का आयोजन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) और एम्स द्वारा किया गया। शिविर में नौ से 14 वर्ष के बीच की 135 लड़कियों को टीका लगाया गया। चिकित्सकों के अनुसार यौन शोषण की शिकार बच्चियों में सर्वाइकल कैंसर के खतरे की आशंका ज्यादा होती हैं, लेकिन इसके बचाव के लिए लगाया जाने वाला एचपीवी का टीका काफी महंगा आता है। दुनियाभर में कैंसर की शिकार महिलाओं का एक चौथाई हिस्सा सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित है।

### 150 मिसाइल व ड्रोन से रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला

**कीव।** रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। उसने यूक्रेन के जपोरीजिया स्थित विशाल बांध को निशाना बनाने के लिए 150 मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि, बांध टूटा नहीं है, लेकिन इसके चलते यूक्रेन के लाखों लोग बिजली के बिना अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। इस हमले में कम से कम पांच लोगों की जान गई है। रूस ने जपोरीजिया के सबसे बड़े बांध डिनिप्रो एचईएस को निशाना बनाया है। पश्चिमी देशों से और वायु सुरक्षा प्रणाली की सुविधा की मांग करने वाले यूक्रेन ने कहा कि रूसी हमले से सात रीजन में ब्लैकआउट जैसी स्थिति हो गई।

### पाकिस्तान: पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी अवैध : सुप्रीम कोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने देश की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के खिलाफ भाषण देने के लिए कई साल पहले हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश की बर्खास्तगी को शुक्रवार को अवैध घोषित कर दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश शौकत अजीज सिद्दीकी को रावलपिंडी बार एसोसिएशन में दिए गए भाषण के लिए 11 अक्टूबर, 2018 को सर्वोच्च न्यायिक परिषद द्वारा बर्खास्त कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा बताते हुए बर्खास्त करने के आदेश को अवैध घोषित कर दिया।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सीएम ममता बनर्जी बोलीं- लोकतंत्र पर खुलेआम हमला हो रहा

**कोलकाता, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार के बाद विपक्ष लगातार भाजपा पर निशाना साध रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की आलोचना की है। साथ ही इसे विपक्षी मुख्यमंत्रियों पर सोची-समझी कार्रवाई करार दिया।



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख बनर्जी ने एलान किया कि 'इंडिया' ब्लॉक के प्रतिनिधि विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी पर अपनी आपत्ति जताने के लिए चुनाव आयोग से मुलाकात करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'मैं लोगों के द्वारा चुने गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना करती हूं। मैंने सुनीता केजरीवाल से संपर्क कर अपना अटूट समर्थन और एकजुटता व्यक्त की है। ममता बनर्जी ने निर्वाचित विपक्षी मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाए जाने की निंदा की। साथ ही इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि किस तरह सीबीआई और ईडी की जांच का सामना कर रहे लोगों को भाजपा में शामिल होने के बाद निर्दोष साबित कर दिया जाता है।

## क्या है दिल्ली शराब घोटाला... जिसमें आप के कई नेता पहुंचे जेल

*शराब घोटाले का खुलासा 8 जुलाई 2022 को दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट से हुआ था। इस रिपोर्ट में उन्होंने मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए गए। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की. इसके बाद सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया। इसमें पैसों की हेराफेरी का आरोप भी लगा, इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए ईडी ने भी केस दर्ज कर लिया। रिपोर्ट में मनीष सिसोदिया पर गलत तरीके से शराब नीति तैयार करने का आरोप लगाया था।*

**136** करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी द. भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए।



### 2,873 करोड़ का नुकसान

शराब घोटाले में अब तक 6 चार्जशीट दाखिल हो चुकी हैं। इस घोटाले में गिरफ्तार होने वाले केजरीवाल 32वें आरोपी हैं। ईडी का दावा है कि शराब नीति से 2,873 करोड़ रु. का घाटा हुआ। आरोप है कि दक्षिण भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए 136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी। इसके एवज में 100 करोड़ रु. लिए गए। ईडी का दावा है कि इसमें बीआरएस नेता कविता भी शामिल थीं।

### आप के 17 नेता जेल जा चुके

संजय सिंह : दिनेश अरोड़ा की गवाही पर अक्टूबर 23 में ईडी ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह के जरिए ही अरोड़ा की मुलाकात मनीष सिसौदिया से हुई थी। मनीष सिसोदिया : डिप्टी सीएम थे। 26 फरवरी 23 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। कथित शराब नीति का मसौदा तैयार करने और सबूत मिटाने का आरोप। सत्येंद्र जैन : स्वास्थ्य मंत्री थे। मई 22 में कथित हवाला में गिरफ्तार हुए। शराब नीति में भी पूछताछ। इनके अलावा, अमानतुल्ला खान, सोमनाथ भारती, संदीप कुमार, नरेश यादव, दिनेश मोहनिया, जगदीप सिंह, सुरिंदर सिंह, प्रकाश जरवाल समेत 14 और आप नेता जेल जा चुके।

### 2014 से अब तक ईडी के 95% केस विपक्षी नेताओं के खिलाफ




2014 से सितंबर 22 के बीच 121 बड़े नेता ईडी के राडार पर आए। इनमें 115 विपक्ष के। इनमें 24 कांग्रेस, 19 तृणमूल, 11 एनसीपी, 8 शिवसेना, 6 डीएमके, 6 बीजद, 5 राजद, 5 बसपा, 5 सपा, 5 टीडीपी, 3 आप, 3 आईएनएलडी, 3 वाईएसआरसीपी, 2 सीपीएल, 2 एनसी, 2 पीडीपी, 2 आईएनडी और 1 मनसे आदि का है। यूपीएकाल (2004 से 2014) में ईडी ने सिर्फ 26 नेताओं की जांच की थी। इनमें 14 विपक्षी थे।

# मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

## दोनों देशों के बीच रेल संपर्क बढ़ाने पर सहमति, कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**थिंपू (भूटान), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष बन गए हैं। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द डुक ग्यालपो' से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिन के भूटान दौरे पर हैं। शुक्रवार को वो राजधानी थिंपू के ताशिचो द्ज़ोंग पैलेस पहुंचे। यहां उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए प्रधानमंत्री टोबगे को धन्यवाद दिया। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, पर्यावरण और वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनाई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक और अनूठे संबंध हैं।

टोबगे ने मोदी से कहा, स्वागत है मेरे बड़े भाई। भूटान के राजा द्वारा 'सर्वोच्च नागरिक सम्मान' से सम्मानित करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता ही है लेकिन जब किसी अन्य देश से पुरस्कार मिलता है तो यह महसूस होता है कि हम दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



### मदद को बढ़ाए हाथ

भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा, पीएम मोदी को वे अपना बड़ा भाई कहते हैं। उन्होंने हमारी 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अपना समर्थन और भारत सरकार की तरफ से सहायता की पेशकश की है। उन्होंने कहा भारत के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

### भारतीय मूल के लोगों से मिले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने थिंफू में भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय मूल के लोगों ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद खुशी हुई। पीएम मोदी से मिलने का मौका देने के लिए हम भारतीय दूतावास के शुक्रगुजार हैं।



## पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में महिला को उम्रकैद

**लाहौर।** इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं।

सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि महिला आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, निवासियों ने दावा किया था कि आरोपित महिला ने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया। अवैस ने कहा कि न्यायाधीश ने बुधवार को पूर्वी शहर लाहौर में फैसले की घोषणा की। हालांकि, बीबी ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था। इसी नाम की एक ईसाई महिला को पाकिस्तान में मौत की सजा पर आठ साल बिताने के बाद 2019 में ईशनिंदा से बरी कर दिया गया था। रिहाई के बाद इस्लामी चरमपंथियों से मिल रही धमकियों से बचने के लिए वह कनाडा चली गईं।




श्री रामलला रथ यात्रा के लिए तैयार की गई कार पर बनाया अयोध्या राममंदिर का दृश्य।

## अमेरिका: 48 राज्यों में निकाली जाएगी श्री रामलला रथयात्रा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के शिकागो से सोमवार को श्री रामलला रथयात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा अगले 60 दिनों में आठ हजार से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों के चक्कर लगाएगी।

रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राममंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा। रथयात्रा 25 मार्च को अमेरिका के शिकागो से शुरू होगी और करीबन आठ हजार मील की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान अमेरिका के 851 मंदिरों और कनाडा के 150 मंदिरों का दौरा किया जाएगा।

कनाडा में होने वाली रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने किया है। हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद (एचएमईसी) की तेजल शाह ने कहा, "इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना है। यह यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का मौका दे रही है। उन्होंने आगे कहा, आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का एकजुट होना बहुत जरूरी है।

### बर्फ से ढकीं सड़कें...



**दार्जिलिंग :** पश्चिम बंगाल के सबसे ऊंचे हिमालयी स्थल दार्जिलिंग के संदकफू क्षेत्र में शुक्रवार को भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़के बर्फ से ढक गई हैं। पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह और नई ऊर्जा मिली है। बता दें, कई वर्षों बाद यहां बर्फबारी हुई है।

## नई सरकार बनने के बाद होगी एफटीए पर बातचीत

**नई दिल्ली।** नई सरकार के गठन के बाद ही भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि व्यापार समझौते के कानूनी पहलुओं का आकलन किया जा रहा है और भले ही लगभग सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाए, लेकिन नई सरकार बनने तक समझौते का एलान नहीं किया जाएगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच लंबित मुद्दों पर आखिरी दौर की बातचीत इसी महीने खत्म हुई है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर वर्चुअल बातचीत चल रही है। विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने के लिए पिछले दो महीनों में तेजी से बातचीत की गई है।

## श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे

**कोलंबो, एजेंसी**

- भारत को मिली कूटनीतिक कामयाबी, प्रोजेक्ट छिनने से तिलमिलाया चीन

श्रीलंका में भारत को कूटनीतिक कामयाबी मिली है। श्रीलंका ने नैनातिवु, डेल्फ्ट (नेदुनथीवु) और अनालाईतिवु द्वीपों पर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण का जिम्मा चीन को हटाकर भारत को सौंपा दिया है।

इन सुविधाओं की क्षमता 2,230 किलोवाट है। इसके लिए भारत सरकार कर्ज के बजाय श्रीलंका को करीब 90 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इस कदम से चीन चिढ़ गया है। श्रीलंका के अधिकारी ने मीडिया को बताया है कि, इसी कारण वह श्रीलंका के लोगों को दी जा रही मदद रोकने में लगा है। श्रीलंका पर दबाव बनाने के लिए चाइना फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट (सीएफआरडी) के स्माइलिंग चिल्ड्रेन फूड पैकेज



प्रोजेक्ट में मदद कम कर दी गई है। इस कार्यक्रम के तहत रोज 142 स्कूलों में दस हजार छात्रों को सूखा राशन पहुंच रहा था। अधिकारियों का कहना है कि, इसे जल्द बंद किया जा सकता है। इसके अलावा फैक्सियन चैरिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब एक करोड़ रुपये के सूखे राशन के पांच हजार पैकेट भी बंद कर दिए हैं। ये पैकेट धार्मिक स्थलों के माध्यम से जाफना, वावुनिया, मुल्लातिवु, किलिनोच्ची और मन्नार जिलों में जरूरतमंद परिवारों को सीधे पहुंचाए जा रहे थे।

### प्रोजेक्टों से भड़का चीन

भंडारनायके सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्टडीज के उप निदेशक और श्रीलंका वायु सेना अकादमी के विजिटिंग लेक्चरर जॉर्ज आईएच कुक ने मीडिया को बताया कि घटनाक्रम चीन के साथ श्रीलंका के संबंधों में तनाव बढ़ाएगा। वहीं कोलंबो विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर उमेश मोरामुदाली ने कहा, चीन पहले ही जासूसी जहाजों पर प्रतिबंध लगाने के श्रीलंका के फैसले से खफा है। रक्षा विशेषज्ञ इंडिका परेरा ने कहा कि अब चीन श्रीलंका में भारतीय परियोजनाओं का विरोध करने वाले समूहों को भड़का सकता है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को ठेका देने में पारदर्शिता की कमी से ये दिक्कत और बढ़ सकती है।

## बिहार में निर्माणाधीन पुल गिरा, एक श्रमिक की मौत, 9 घायल

**पटना।** बिहार के सुपौल जिला में एक निर्माणाधीन पुल का स्लैब अचानक गिर गया। हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई, जबकि अन्य नौ घायल हुए हैं। 1200 करोड़ की लागत से बन रहे पुल का स्लैब अचानक से धराशायी हो गया।

भारत माला प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुपौल के बकोर से लेकर मधुबनी के भेजा तक इस 10.5 किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। सुपौल डीएम कौशल कुमार ने बताया, एक की मौत हो गई और 9 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को समुचित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस ने कहा- मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 'पुष्पक' का परीक्षण, विमान ने की सफल लैंडिंग: इसरो

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को आरएलवी एलईएक्स-02 लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।



दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार को इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। 'पुष्पक' विमान के सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग हो चुकी है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेयरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है।

**विज्ञान** बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली नई जानकारी

## बृहस्पति ग्रह पर पृथ्वी से भी बड़े उठते हैं तूफान

**नैनीताल, कार्यालय**

**अमृत विचार :** बृहस्पति में पृथ्वी से भी बड़े तूफान उठते हैं। अंतरिक्ष दूरबीन हबल ने बृहस्पति के तूफानों की नई तस्वीरों का खुलासा किया है। जिनमें चक्रवात और एंटीसाइक्लोन शामिल हैं। बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में नई जानकारी मिली है।

वैज्ञानिकों के अनुसार एंटीसाइक्लोन लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट के आगे से गुजरता है। बृहस्पति हमारे सौरमण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह गैस का ग्रह है। पृथ्वी जैसी इसकी कोई सतह नही है। हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली तस्वीरें बताती हैं कि बृहस्पति गैस के साथ तेजी से घूम रहा है और बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में सटीक पता चलता है। बृहस्पति का मौसम तीव्र यानी तेजी से आगे बढ़ता है। यहां भयानक चक्रवात उठते हैं, जबकि छोटे छोटे तूफान अक्सर उठते रहते हैं। बृहस्पति का वातावरण हजारों किलोमीटर गहरा और घना होने के कारण तूफान के रूप में मौसम बनता है। बृहस्पति के मशहूर ग्रेट रेड स्पॉट है। यह सबसे बड़ा तूफान है, जो संभवतः लाखों वर्षों से सक्रिय है। इसके साथ ही एक छोटा तूफान भी है। जिसे रेड स्पॉट जूनियर कहते हैं, जो एक छोटा एंटीसाइक्लोन है जो लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट से आगे निकल जाता है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति की दुनिया अत्यधिक गतिशील है। इसका गहरा वातावरण लगातार चक्रवातों, विंड शीयर और अन्य हिंसक तूफानों से जूझ रहा है। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई बृहस्पति ग्रह की नई तस्वीरें जारी कीं।




बृहस्पति के बदलते मौसम की तस्वीरें।

### दूरबीन करती है ग्रहों के मौसम की निगरानी

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन हबल हर साल सौरमण्डल के सभी बड़े ग्रहों पर नजर रखता है और हर साल सभी ग्रहों के मौसम की जानकारी जुटाता है। इन ग्रहों में बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून शामिल हैं। इन ग्रहों में आने वाले तूफानों में कुछ वर्षों के अंतराल में मामूली परिवर्तन आते रहता है। गैसीय ग्रहों की तुलना में ठोस चट्टानी ग्रहों के मौसम में कहीं अधिक अंतर है।

## अमेरिका आने वाले भारतीय छात्र बरतें सतर्कता: इंदिरा नूई

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीयों से की अपील, ड्रग्स व अन्य नशे से दूर रहें युवा

पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई ने अमेरिका में रह रहे या अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे भारतीय छात्रों को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि, अमेरिका में बहुत ध्यान से रहें और स्थानीय कानूनों का पालन करें। साथ ही नूई ने अपील की कि भारतीय युवा अमेरिका आकर ड्रग्स या किसी भी नशे से दूर रहें।

बता दें, हाल के समय में अमेरिका में भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी की कई घटनाएं हुई हैं। यही वजह है कि इंदिरा नूई ने भारतीय छात्रों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। इंदिरा नूई को वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट जगत की ताकतवर और प्रभावशाली शख्सियत के तौर पर जाना जाता है। नूई ने एक 10 मिनट के वीडियो संदेश जारी किया है, नूई ने कहा कि 'इस वीडियो को रिकॉर्ड करने का मकसद ये है कि मैं आप सभी युवाओं से, जो अमेरिका आना चाहते हैं या पहले से ही यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, उनसे बात करना चाहती थी। आजकल भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी होने की कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन ये आपके हाथ में है कि आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। नूई ने कहा कि 'कानून का पालन करें और रात में अकेले सुनसान जगहों पर न जाएं। ड्रग्स या किसी भी तरह के नशे के सेवन से बचें क्योंकि यही सब चीजें आपदा लेकर आती हैं।' पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीय छात्रों को सलाह दी कि वह अमेरिका में अपनी यूनिवर्सिटी और कोर्स को बहुत सावधानी से चुनें।